आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 101 | उज्जैन, सोमवार 27 अप्रैल, 2026 | वैशाख शुक्ल 11 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### मन की बात: पीएम मोदी ने गिनाईं देश की ऐतिहासिक उपलब्धियां

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 133वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित करते हुए भारत की कई ऐतिहासिक उपलब्धियों का जिक्र किया। चुनावी सरगर्मियों के बीच पीएम मोदी ने देश की वैज्ञानिक प्रगति पर गर्व जताते हुए बताया कि तमिलनाडु के कलपक्कम में स्थित फास्ट ब्रीडर रिएक्टर ने क्रिटिकलिटी हासिल कर ली है। इसका सीधा मतलब है कि यह परमाणु रिएक्टर अब संचालन के अहम चरण में प्रवेश कर चुका है, जो देश के लिए एक बड़ी वैज्ञानिक छलांग है। इसके साथ ही उन्होंने दुनिया में चल रहे मौजूदा तनाव और संघर्ष पर भी गहरी चिंता व्यक्त की। देश के विकास की नई छलांग का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने एक ऐसी शक्ति की बात की जो दिखाई तो नहीं देती, लेकिन हमारे भविष्य के लिए बेहद जरूरी है।

### चलती ट्रेन के स्लीपर कोच में लगी अचानक भीषण आग

**हैदराबाद।** तेलंगाना के अलेर रेलवे स्टेशन के पास रविवार सुबह उस समय बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब चारमीनार एक्सप्रेस के एक कोच में अचानक आग लग गई। ट्रेन जैसे ही स्टेशन में दाखिल हो रही थी, कोच से निकलते धुएं को देखकर यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और लोग जान बचाने के लिए ट्रेन से बाहर कूदने लगे। जानकारी के मुताबिक, आग सबसे पहले ट्रेन के ए-5 डिब्बे में लगी थी जैसे ही रेलवे कर्मचारियों ने धुआं उठते देखा, तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए ट्रेन को अलेर स्टेशन के पास रोक दिया गया। गनीमत यह रही कि आग विकराल रूप लेती, उससे पहले ही सभी यात्री सुरक्षित नीचे उतरने में कामयाब रहे। घटना में फिलहाल किसी के हताहत होने या गंभीर रूप से घायल होने की खबर नहीं है।

### अर्चना पूरन सिंह के बेटे से 87 हजार की ठगी



**आयुष्मान से फ्री ट्रायल के नाम पर कंपनी ने पैसे लिए**

**मुंबई।** अर्चना पूरन सिंह और परमीत सेठी के छोटे बेटे आयुष्मान सेठी हाल ही में कथित क्रेडिट कार्ड स्कैम का शिकार हो गए। उनसे 87,000 की ठगी हुई। इस घटना के बारे में आयुष्मान ने बड़े भाई आर्यमान के यूट्यूब व्लॉग में बताया। व्लॉग के एक हिस्से में घबराए हुए आयुष्मान कहते नजर आए, 'मेरे क्रेडिट कार्ड से 87,000 कट गए।' पास बैठीं अर्चना ने तुरंत कहा, 'कार्ड कैंसल करो। क्रेडिट कार्ड कंपनी को कॉल करो।' आयुष्मान ने बताया, 'उन्होंने 7 दिन के फ्री ट्रायल के नाम पर पूरे साल का पैसा ले लिया।' यह सुनकर अर्चना ने हैरानी जताई और फिर से कार्ड कैंसल करने की सलाह दी। इस पर परमीत ने कहा, 'कार्ड नहीं, पेमेंट कैंसल करो।' आयुष्मान ने पूछा, 'वह ऑप्शन कहां मिलेगा?' यह सुनकर पूरा परिवार हंस पड़ा। आर्यमान ने मजाक में कहा, 'ये पैसे मम्मी-पापा से नहीं मिलेंगे।' अर्चना ने भी कहा, 'ये तुम्हारे अपने पैसे हैं।' आयुष्मान ने सफाई देते हुए कहा, 'मैंने यह पापा के लिए किया था।' आर्यमान ने बताया कि इससे पहले भी आयुष्मान के साथ ऐसा हो चुका है। उन्होंने कहा, 'जब हम मेरे गाने छोटी बातें की रेकी कर रहे थे, तब आयुष्मान को मैसेज आया था कि उसके प्लेस्टेशन अकाउंट से करीब 80,000 कट गए हैं, जो वापस नहीं मिले।' मौजूदा मामले पर आयुष्मान ने बताया, 'किसी ने मेरी अनुमति के बिना मेरे क्रेडिट कार्ड से पैसे ले लिए। 7 दिन के ट्रायल का विकल्प था और कहा गया था कि सातवें दिन के बाद चार्ज करेंगे, लेकिन उन्होंने एक ही बार में पूरे साल का 87,000 काट लिए।' परमीत ने कहा, 'तुम हमेशा जल्दी में रहते हो।' इस पर आयुष्मान ने जवाब दिया, 'मैं जल्दी में नहीं था। मैं यह आपके लिए कर रहा था। मैं ही इसे संभाल रहा हूं और खुद ही ठीक करूंगा।' बाद में जब वेबसाइट का नाम पूछा गया तो आयुष्मान ने कहा कि उन्हें इस समय उसका नाम याद नहीं है। उन्होंने साफ किया कि यह कोई संदिग्ध वेबसाइट नहीं थी, बल्कि वे उसका इस्तेमाल कर रहे थे।

### 26 साल से फरार एक्स मुस्लिम यूट्यूबर निकला मासूम के अपहरण-हत्या का दोषी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अपराध शाखा ने एक ऐसे सनसनीखेज मामले का खुलासा किया है, जो किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं, लेकिन हकीकत में उससे कहीं ज्यादा भयावह है। लगभग 26 साल तक फरार रहने वाला एक दोषी, जिसने खुद को कागजों में मृत साबित कर दिया था और नई पहचान के साथ समाज में सामान्य जीवन जी रहा था, आखिरकार कानून के शिकंजे में आ गया। यह शख्स खुद को एक्स मुस्लिम यूट्यूबर और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में पेश कर रहा था, लेकिन उसकी असल पहचान 1995 के एक जघन्य अपराध से जुड़ी हुई निकली। आरोपी की पहचान सलीम वास्तिक के रूप में हुई है, जिसका असली नाम सलीम खान बताया गया है।

### अमेरिका में फायरिंग स्क्वॉड और गैस से दी जाएगी सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में मृत्युदंड को लेकर एक बार फिर तीखी बहस छिड़ गई है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने संघीय स्तर पर मौत की सजा को लागू करने के तरीकों में बड़ा बदलाव करने की योजना का ऐलान किया है। इस प्रस्ताव के तहत अब पारंपरिक लीथल इंजेक्शन के अलावा फायरिंग स्क्वॉड, इलेक्ट्रोक्यूशन और गैस एस्फिक्सिएशन जैसे तीन वैकल्पिक तरीकों को शामिल किया जाएगा। यूएन स्टेट डिपार्चर ऑफ जस्टिस की एक रिपोर्ट में इन तरीकों को अपनाने की सिफारिश की गई है, जिससे यह मुद्दा कानूनी, नैतिक और राजनीतिक बहस के केंद्र में आ गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इन नए तरीकों को शामिल करने की सबसे बड़ी वजह लीथल इंजेक्शन में इस्तेमाल होने वाली दवाओं की कमी है।

---

देश में भीषण गर्मी का असर तेज, उत्तर प्रदेश के 50 जिलों में लू चल रही

# यूपी का बांदा शहर देश में सबसे गर्म शहर, तापमान 47.4 डिग्री

## मप्र के इंदौर-ग्वालियर में 8वीं तक के स्कूल बंद, अल नीनो कंडीशन मई से ही डेवलप होने की आशंका, बिहार के 10 जिलों में बारिश

**एजेंसी ▸▸ लखनऊ/भोपाल**

देश में भीषण गर्मी का असर तेज हो गया है। उत्तर प्रदेश के 50 जिलों में लू चल रही है। प्रदेश का बांदा शनिवार को देश में सबसे गर्म शहर रहा। यहां तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बिहार के कई जिलों में रविवार को मौसम ने करवट ली। सुपौल, रक्सौल और मधुबनी समेत 10 जिलों में तेज बारिश हुई। दरभंगा में काले बादल से दिन में अंधेरा छा गया।



किशनगंज में तेज आंधी और बारिश की वजह कई जगह पेड़ उखड़ गए। मध्य प्रदेश के इंदौर और ग्वालियर जिले में आंगनवाड़ी केंद्र और 8वीं तक के सभी स्कूल 27 से 30 अप्रैल तक बंद रहेंगे। हिमाचल प्रदेश के ऊना में तापमान 42.2डिग्री रहा। यहां 27 अप्रैल से बारिश का अनुमान भी है। गर्मी बढ़ने के साथ देश में बिजली की मांग 252.07 गीगावॉट तक पहुंच गई, जो अब तक सबसे ज्यादा है। इससे पहले मई 2024 में 250 गीगावॉट का रिकॉर्ड बना था। मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिम भारत के 10 राज्यों में हीटवेव और वार्म नाइट का अलर्ट जारी किया है।

### राजस्थान-बिहार में बारिश

राजस्थान में तेज गर्मी के बीच अचानक मौसम बदल गया। बीकानेर, सीकर, सवाई माधोपुर और बाड़मेर जिले में शनिवार को बारिश हुई। राजसमंद जिले में बारिश के साथ ओले भी गिरे। वहीं बिहार के सुपौल, किशनगंज और मधुबनी में शनिवार को तेज बारिश हुई।

### नया अनुमान... मई में ही अल नीनो आने की आशंका

वर्ल्ड वेदर ऑर्गनाइजेशन ने अपने पूर्वानुमान में संशोधन कर कहा है कि अल नीनो कंडीशन मई से ही डेवलप होने की आशंका है। इसका मानसून पर नकारात्मक असर होगा। इससे पहले भारतीय मौसम विभाग ने कहा था कि इस वर्ष बारिश सामान्य से कम हो सकती है।

---

झारखंड में शादी की खुशियां मातम में बदलीं

# दो ट्रकों के बीच पिसी कार, 6 लोगों की मौत

**एजेंसी ▸▸ हजारीबाग**

झारखंड के हजारीबाग जिले स्थित चौपारण की दनुआ घाटी में शनिवार 25 अप्रैल की रात को एक रूह कंपा देने वाले सड़क हादसे में एक ही परिवार के छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। बीसीसीएल के गोविंदपुर क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर कोलियरी में लाइनमैन के पद पर कार्यरत शिव कुमार भुइयां अपने परिवार के साथ कार से गयाजी के आमस में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान उनकी कार काल का ग्रास बन गई। यह हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह से मलबे के ढेर में तब्दील हो गई और कार सवार किसी भी व्यक्ति को बचने का मौका नहीं मिला।

यह दर्दनाक हादसा चौपारण की दनुआ घाटी के जोड़ाही पुल के पास हुआ। शिव कुमार की धनबाद नंबर प्लेट वाली कार अचानक आगे चल रहे एक ट्रेलर के पिछले हिस्से में जा घुसी। इससे पहले कि कार सवार लोग कुछ समझ पाते, पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। दो भारी वाहनों के



### घर में अकेला रह गया बेटा

इस खौफनाक हादसे ने पूरे परिवार को खत्म कर दिया है और अब परिवार में केवल शिव कुमार का इकलौता बेटा रंजीत कुमार ही बचा है।

बीच दबने से कार के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद ट्रक और ट्रेलर के चालक मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर चौपारण पुलिस और एनएचएआई की बचाव टीम मौके पर पहुंची। हादसे का मंजर इतना खौफनाक था कि कार में फंसे शवों को निकालने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय लोगों की मदद से गैस कटर और अन्य उपकरणों का इस्तेमाल कर शवों को बाहर निकाला गया। शवों की स्थिति इतनी बुरी थी कि उन्हें देखकर पत्थर दिल इंसान की आंखें भी छलक उठें। घुप अंधेरे और खतरनाक मोड़ों के कारण हुए इस हादसे में मासूम बच्चों के शव तक पहचान में नहीं आ रहे थे।

### मंडला में तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई, 2 युवकों की दर्दनाक मौत



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंडला**

मध्य प्रदेश के मंडला जिले में देर रात एक सड़क हादसा हुआ। घुघरी थाना क्षेत्र के डोंगरमंडला घाट पर कटंगी गांव के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार तीन युवकों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। प्रधान आरक्षक देवेंद्र मरावी, सैनिक पवन सोनवानी और पायलट ने तीनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघरी पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद निखिल धुर्वे और दिलीप पट्टा को मृत घोषित कर दिया। तीसरे युवक मनीराम की हालत गंभीर होने के कारण उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

---

वॉशिंगटन में डिनर के दौरान फायरिंग

# ट्रम्प को सुरक्षित निकाला, हमलावर पकड़ाया

## चश्मदीद बोले- 7 राउंड फायरिंग हुई, गेस्ट टेबल के नीचे छिपे



**एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में सालाना व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट डिनर के दौरान फायरिंग हो गई। शनिवार शाम के इस कार्यक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पत्नी मेलानिया और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत कई बडे. अफसर मौजूद थे।

न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक हमलावर ने होटल के बॉलरूम के बाहर फायरिंग की। ट्रम्प और गेस्ट बॉलरूम के अंदर थे। ट्रम्प ने बताया कि हमलावर को पकड़ लिया गया है। पहले खबर आई थी कि हमलावर को मार गिराया गया।

हमले के करीब डेढ़ घंटे बाद ट्रम्प ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा- अमेरिका के संविधान पर हमला हुआ। सीक्रेट सर्विस ने मेरी जान बचाई। सुरक्षाकर्मियों ने बहादुरी से काम किया। जिस अफसर को गोली लगी, वह सुरक्षित है। उसने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी थी। हमलावर के पास पावरफुल गन थी।

### डिनर के दौरान फायरिंग करने वाला शख्स कौन

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, हमलावर की पहचान 31 साल के कोल टॉमस एलन के रूप में हुई है। वह अमेरिका के कैलिफोर्निया का है। पब्लिक रिकॉर्ड्स के अनुसार, एलन पार्ट-टाइम टीचर और वीडियो गेम डेवलपर था। उसकी प्रोफाइल के मुताबिक, वह दिसंबर 2024 में टीचर ऑफ द मंथ चुना गया था।

---

7 साल की ओजस्वी चतुर्वेदी बनीं प्रेरणा

# दूसरी कक्षा की छात्रा देगी 5वीं बोर्ड परीक्षा

**एजेंसी ▸▸ रायगढ़**

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के लैलूंगा क्षेत्र से एक अनोखी और प्रेरणादायक खबर सामने आई है, जहां महज 7 साल की ओजस्वी चतुर्वेदी ने अपनी असाधारण प्रतिभा से सभी को चौंका दिया है। दूसरी कक्षा में पढ़ने वाली ओजस्वी को पांचवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए विशेष अनुमति मिली है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर जन्मी ओजस्वी बचपन से ही पढ़ाई में बेहद तेज रही है। कम उम्र में ही उसने गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, कंप्यूटर और भूगोल जैसे विषयों में गहरी समझ विकसित कर ली है। उसकी जिज्ञासा और सीखने की ललक ने उसे अपने हमउम्र बच्चों से काफी आगे पहुंचा दिया है।

ओजस्वी की खासियत सिर्फ उसकी पढ़ाई तक सीमित नहीं है। वह अन्य बच्चों को



भी पढ़ाती है और जटिल विषयों को सरल तरीके से समझाने की क्षमता रखती है। उसकी आत्मविश्वास भरी शैली और ज्ञान देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। ओजस्वी की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में गर्व का माहौल है। स्थानीय लोगों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी उसकी प्रतिभा की सराहना कर रहे हैं। कुछ समय पहले प्रदेश के वित्त मंत्री और रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी भी उससे मिलने उसके घर पहुंचे थे और उसकी प्रतिभा की जमकर प्रशंसा की थी। ओजस्वी चतुर्वेदी की यह सफलता यह साबित करती है कि प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती।

---

## अमेरिकी अधिकारियों का पाकिस्तान दौरा रद्द

**एजेंसी ▸▸ तेल अवीव**

अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित सीजफायर वार्ता ठप पड़ गई है क्योंकि ईरान से बातचीत के लिए पाकिस्तान जाने वाले अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रम्प के दामाद जारेड कुशनर का दौरा रद्द हो गया है। यह दूसरी बार है जब दोनों देशों की मीटिंग टली। इससे पहले ईरान ने शांति वार्ता न करने का ऐलान किया था। उनका कहना था कि पहले अमेरिका अपनी होर्मुज स्ट्रेट से नाकेबंदी हटाए तब ही हम बातचीत के लिए इस्लामाबाद आएंगे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि उन्होंने अपने दूतों को पाकिस्तान न जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने लिखा, यात्रा में बहुत समय लगता है।

---

स्विट्जरलैंड जा रही फ्लाइट के इंजन में अचानक आई खराबी

# 6 यात्री घायल, दिल्ली में बड़ा हादसा टला

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**



दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार तड़के एक बड़ा विमान हादसा टल गया। स्विस इंटरनेशनल एयरवेज की दिल्ली से ज्यूरिख जा रही फ्लाइट में टेकऑफ से ठीक पहले इंजन में खराबी आ गई, जिसके बाद विमान को अचानक रोकना पड़ा। एयरलाइन ने अपने आधिकारिक बयान में बताया कि इमरजेंसी निकासी के दौरान छह यात्री घायल हो गए। जिनका इलाज चल रहा है। इस दौरान यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के मुताबिक, फ्लाइट एलएक्स147 रनवे 28 पर करीब 1 बजे तेज रफ्तार पकड़ रही थी, तभी एक इंजन में तकनीकी दिक्कत आ गई। हालात को भांपते हुए पायलट ने तुरंत टेकऑफ रोकने का फैसला लिया। इसके बाद सुरक्षा के लिहाज से विमान को खाली कराया गया। यह विमान एयरबस ए330 था, जिसमें कुल 232 यात्री सवार थे, जिनमें 4 बच्चे भी शामिल थे। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए इमरजेंसी स्लाइड का इस्तेमाल किया गया।

### इमरजेंसी निकासी में 6 यात्री घायल

इमरजेंसी स्लाइड के जरिए विमान से बाहर निकलते समय छह यात्री घायल हो गए। इन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। एयरलाइन के अनुसार, क्रू मेंबर्स पूरी तरह सुरक्षित हैं। कुछ यात्रियों को स्लाइड से उतरने में दिक्कत हुई, ऐसे में उनके लिए सीढ़ियों की व्यवस्था की गई।

---

मध्य प्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघों की मौत का सिलसिला जारी

# 4 दिन में बाघ के 3 शावकों की मौत से हड़कम्प

## शव के फॉरेंसिक जांच के लिए जबलपुर लाया गया, इस महीने रिजर्व में बाघों से जुड़ी चौथी घटना

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर**

मध्य प्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघों की मौत का सिलसिला जारी है। अमाही बाघिन (टी-141) के तीसरे शावक की भी मौत हो गई है। शनिवार शाम को मादा शावक का शव सरही जोन में मिला, जिसे पोस्टमार्टम के लिए जबलपुर भेजा गया है। यह इस महीने रिजर्व में बाघों से जुड़ी चौथी घटना है।

ये तीनों शावक मशहूर बाघिन अमाही (टी-141) के थे और इनकी उम्र करीब 12 महीने थी। इस घटना के बाद पार्क की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में एक चौंकाने वाली बात सामने आई है कि दो शावकों के पेट पूरी तरह खाली थे। इससे अंदेशा जताया जा रहा है कि उनकी मौत भूख



- **बाघिन के दो नर शावकों की पहले हो चुकी मौत-** इससे पहले, अमाही बाघिन के दो नर शावकों की मौत 21 अप्रैल और 24 अप्रैल को हो चुकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उनकी मौत का कारण भूख बताया गया था। अमाही बाघिन के कुल चार शावक थे, जिनमें से अब तक तीन की जान जा चुकी है।
- **बाघिन कमजोर, शावक की हालत पर चिंता बढ़ी-** बाघिन की स्थिति भी कमजोर बताई जा रही है, जिससे उसके और बचे हुए एक शावक की हालत को लेकर चिंता बढ़ गई है। उप संचालक (कोर) प्रकाश कुमार वर्मा ने बताया कि लगातार हो रही मौतों के कारणों की गहराई से जांच के लिए शव को एसडब्ल्यूएफएच भेजा जा रहा है और सभी निर्धारित प्रोटोकॉल पूरे किए जा रहे हैं।

की वजह से हुई है। पहला शावक 21 अप्रैल को अमाही नाला के पास मिला था, जबकि दूसरा 24 अप्रैल को ईंटावारे नाला में मिला। पानी में होने की वजह से दूसरे शावक का शव काफी गल चुका था। वहीं शनिवार रात को तीसरे शावक का शव मिला है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, शावक के शव का पोस्टमार्टम आज रविवार सुबह किया जाएगा। बारीकी से जांच के लिए शव को जबलपुर स्थित स्कूल ऑफ वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ (एसडबलूएफएच) भेजा गया है। वहां मौत के वास्तविक कारणों की विस्तृत जांच की जाएगी।

### कान्हा टाइगर रिजर्व में एक महीने में चौथी मौत

गौरतलब है कि कान्हा टाइगर रिजर्व में इस महीने यह चौथी बाघ की मौत है। इससे पहले 5 अप्रैल को मादा बाघ टी-122 और 21 व 24 अप्रैल को टी 141 के दो शावकों की मौत हुई थी। 24 अप्रैल को ही पार्क से सटे बालाघाट जिले के बैहर वन परिक्षेत्र में भी एक बाघ का शव मिला था, जिससे पूरे क्षेत्र में वन्यजीव संरक्षण को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### आठ महीनों में 10 बाघों की मौत

कान्हा में अकेले अप्रैल महीने में ही अब तक 4 बाघों की जान जा चुकी है। वहीं, पिछले 8 महीनों का रिकॉर्ड देखें तो रिजर्व में 10 बाघ और 5 तेंदुओं की मौत हो चुकी है।

---


## जम्मू-कश्मीर के जोजिला पास में एवलांच, गाड़ियां आठ फीट बर्फ में दबीं



**एजेंसी ▸▸ श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के जोजिला पास के शैतान नाला क्षेत्र में शनिवार को एवलांच (हिमस्खलन) हुआ। इसकी चपेट में आने से कई वाहन 8 फीट से ज्यादा बर्फ में दब गए। एक टैंकर ड्राइवर एवलांच में फंसा हुआ है। सैन्य अधिकारियों के मुताबिक सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीमों को मौके पर भेजा गया और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। टीमें बर्फ हटाने और फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने में जुटी हैं। पिछले 28 दिनों में जोजिला पास में यह दूसरा एवलांच है। 28 मार्च को हुए एवलांच में 7 लोगों की मौत हो गई थी। शैतान नाला श्रीनगर-लेह नेशनल हाईवे का एक संवेदनशील हिस्सा है, जहां खराब मौसम के दौरान अक्सर एवलांच की घटनाएं होती रहती हैं।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## जिलाशिक्षा या जिला शिक्षा




गर्मी के दौर में स्कूलों के संचालन को लेकर प्रदेश के तमाम जिलों ने आदेश जारी करते हुए तापमान की अधिकता को देखते हुए निम्नतम कक्षाओं के बच्चों के अवकाश घोषित किए हैं। आसपास के जिलों के साथ इस दौरान प्रदेश के कई बड़े एवं छोटे जिलों के आदेश पर नजर गई। कुछ जिलों में नर्सरी से लेकर पांचवी एवं कुछ जिलों में नर्सरी से लेकर 8 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए अगले 4 दिनों के लिए अवकाश घोषित किए गए हैं। खास बात यह रही की प्रदेश के अन्य जिलों की अपेक्षा नटखट माखन चोर की शिक्षा स्थली के ज्ञान वान विभाग ने अपना आदेश ही जारी किया। उसे पलटकर देखना भी वाजिब नहीं समझा गया। यहां आदेश जिलाशिक्षा अधिकारी ने निकाला और शेष जिलों में जिला शिक्षा अधिकारी ने। ये हिन्दी प्रदेश एवं शुद्ध? हिन्दी बोलचाल का जिला होने के उपरांत भी जिलाशिक्षा की स्थिति पालकों ने आदेश में देखी। आदेश में हिन्दी की स्थिति देखकर पालकों में खुसूर-फुसूर सूनी जा रही है कि कान्वेंट की शिक्षा का असर इतना गहराया हुआ है कि अब इससे पीछा छुडाने में ही एकाध दशक तो लगना ही है। इसी के चलते बच्चों को अंग्रेजी विषय में तो अच्छे नंबर आते हैं लेकिन हिन्दी में उन्हें नंबर कैसे मिल रहे हैं इस पर भी सवाल कायम हो रहे हैं। बच्चों की कापियों में वर्णानुगत कमियां उनके नंबर से बिल्कुल भी समानता नहीं रखती है। पालकों का मानना है कि जब जिला कार्यालय में ही यह हाल हैं तो उसकी शाखाओं में जो हो रहा है वो सही ही हो रहा है।

## न्यूज कॉलम

### जैन यूनिटी फोरम ने शुरू किया पानी बचाओ अभियान



**उज्जैन।** 'बूंद-बूंद से भरता है घड़ा' की तर्ज पर जैन यूनिटी फोरम द्वारा जल संरक्षण के लिए 'पानी बचाओ' अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के तहत फोरम के सदस्य अपनी-अपनी कॉलोनियों में घर-घर जाकर लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगे। नवीन शीतल कोठारी के निवास पर आयोजित फोरम की बोर्ड मीटिंग में इस अभियान की रूपरेखा तय की गई। बैठक में ग्रुप के संस्थापक मनोज सुराणा ने सभी सदस्य दंपतियों को शपथ दिलाई कि वे घर-घर जाकर पानी बचाओ अभियान चलाएंगे। इसके साथ ही, वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी से स्वयं के बचाव और दूसरों का ध्यान रखने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में ग्रुप द्वारा एक विशेष लक्ष्य के साथ आगामी 6 दिवसीय यात्रा का निर्धारण भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में धर्मेंद्र जैन ने सभी का आभार माना। बैठक में मनोज अंजू सुराणा, धर्मेंद्र साधना जैन, ललित मनीषा कोठारी, नितेश जया नाहटा, संतोष तारा सालेचा, अनिल तारा जैन, प्रमोद चंचल पटवा, प्रदीप किरण नाहटा, अंकित अमीषा जैन, राजेश अनीता सोनी, नवीन शीतल कोठारी, अमित अर्पिता बाठिया, जिनेश वर्षा सराफ तथा वीरेंद्र जूली गोलेछा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उक्त जानकारी ग्रुप संयोजक अंजू मनोज सुराणा ने दी।

### शिक्षा से सशक्तिकरण पर पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**उज्जैन।** नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत माकड़ौन महाविद्यालय में शिक्षा से सशक्तिकरण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य की अध्यक्षता में हुआ। छात्र-छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। मीडिया प्रभारी डॉ. नरेंद्र सारिया ने बताया इसमें प्रथम श्याम सिंह, द्वितीय श्रुति पन्या और कुसुम उपाध्याय तृतीय स्थान पर रहीं। पोस्टरों में शिक्षा व महिला सशक्तिकरण के विभिन्न पहलू दिखाए गए। रचनात्मकता का प्रभावशाली प्रदर्शन हुआ। प्रतियोगिता की संयोजक डॉ. शबाना व सह-संयोजक अर्चना सोलंकी थीं। निर्णायक मंडल में डॉ. नीता जाधव और डॉ. शिवलाल मेवाड़ा शामिल थे।

### 500 मीटर लाइन डली, अगले 15 दिनों में पूरी 700 मीटर लाइन डलेगी

# अगले 15 दिन में चरक की ड्रेनेज समस्या का होगा निदान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

दो दिन पूर्व जिला अस्पताल चरक भवन की बिजली गुल होने का मामला हुआ था। इसे लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने आकस्मिक निरीक्षण किया था। इसके बाद अस्पताल के लोड की टेस्टिंग करवाई जा रही है। विद्युत कंपनी एवं लोक निर्माण विभाग इसे अंजाम दे रहे हैं। अस्पताल की ड्रेनेज समस्या का निदान भी होने वाला है। इसके लिए 500 मीटर की लाइन डल चुकी है। अगले एक माह में शेष 200 मीटर की लाईन डलने पर अब गंदे पानी का जमाव अस्पताल परिसर में नहीं होगा।

सिंहस्थ 2016 में मातृ एवं शिशु अस्पताल के रूप में आकार लेने वाला चरक अस्पताल भवन वर्तमान में उज्जैन के जिला अस्पताल के रूप में अपनी सेवाएं दे रहा है। जिला अस्पताल के पुराने भवन को तोडकर उसके स्थान पर मेडिसिटी के भवनों का निर्माण जारी है। पिछले दो वर्ष से चरक अस्पताल की ड्रेनेज सिस्टम में परेशानी आने से यहां गंदे पानी का जमाव हो रहा था। इस समस्या का निदान होने वाला है। इसके लिए प्रेम छाया से अस्पताल को जा रही 700 मीटर की लाइन पूर्ण होने वाली है। इसमें कई कनेक्शनों की बाधा होने के कारण इसका काम धीमा चल रहा है। अब तक 500 मीटर लाइन खींची जा चुकी है शेष 200 मीटर लाइन भी अगले माह में पूर्ण हो जाएगी। सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल के अनुसार इस मानसून में ड्रेनेज के पानी जमाव की समस्या नहीं आएगी।

## अगले 4 दिनों में होगी सभी लिफ्ट चालू अब जनरेटर भी रहेगा वैकल्पिक स्थिति में



### 4 दिन में सभी लिफ्ट चालू होगी

पटेल के अनुसार अस्पताल में बिजली की समस्या का मामला सामने आया था। शनिवार को इसे लेकर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। लिफ्ट के साथ ही अस्पताल के सिविल कंस्ट्रक्शन एवं अन्य कामों का संधारण किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग लिफ्ट संधारण को भी अंजाम दे रहा है। अभी 5 लिफ्ट चालू है, इस माह के अंत तक शेष सभी लिफ्ट चालू कर दी जाएगी।

### स्टाफ को हिदायत

- मरीजों को ठंडा पेयजल
- अस्पताल में स्वच्छता बनाए
- गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं
- मधुर एवं संवेदनशील व्यवहार
- प्रोटोकॉल के अनुसार समय पर ड्यूटी
- हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं
- निर्धारित समय पर टीके लगाए

### लोड टेस्टिंग कर वैकल्पिक व्यवस्था होगी

आकस्मिक बिजली जाने के मामले में डॉ. पटेल ने बताया कि केबल फाल्ट के कारण ऐसा हुआ था। केबल परिवर्तित करवा दी गई है। लोड ज्यादा होने के मसले का निदान भी किया जा रहा है। उसके लिए अस्पताल प्रशासन एवं विद्युत कंपनी के अधिकारियों को लोड टेस्टिंग के लिए कहा गया है। अब बेकअप के लिए जनरेटर की सुविधा को भी जुटाने की तैयारी की जा रही है जिससे की विद्युत जाने पर मरीज एवं उनके परिजनों को समस्या का सामना न करना पड़े।

### श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर में श्रद्धालु निर्देश पटि्टका लगेगी

# मंदिर में चल रहे निर्माण कार्यों के कारण गेट की गफलत में श्रद्धालु, छूट रहे जूते-चप्पल

## निर्माण कार्यों के चलते बन रही गफलत की स्थिति, घुमना पड़ रहा श्रद्धालुओं को

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

श्री महाकालेश्वर मंदिर में चल रहे निर्माण कार्यों के कारण आने वाले कुछ श्रद्धालु गफलत का शिकार हो रहे हैं। ऐसे श्रद्धालु वापसी में गलत रास्ता पकड रहे हैं जिससे उन्हें अपने जूते चप्पल लेने में करीब एक किलोमीटर के दायरे में घुमना पड़ रहा है। मंदिर प्रबंध समिति के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल के अनुसार आने वाले समय में समिति श्रद्धालुओं के लिए निर्देश पट्टिका लगाने की तैयारी कर रही है। निर्माण के कारण अभी थोड़ी समस्या बनी हुई है। इसमें श्रद्धालु गफलत में गड़बड़ा रहे हैं।

मंदिर से जुड़े सूत्रों के अनुसार वर्तमान में श्रद्धालु बडा गणपति के पास जूता स्टेंड पर अपने जूते चप्पल उतार कर गेट नंबर 1 यानिकी पालकी द्वार आ रहा है। यहां से उसे मंदिर परिसर में प्रवेश दिया जा रहा है। श्रद्धालु मंदिर के बैरिकेडस से होता हुआ भगवान के दर्शन कर प्रांगण में बाहर आ रहा है। यहीं पर श्रद्धालु भटक रहा है और यहां से वह नई रेंप पर चढ़कर भारत माता मंदिर के वहां निकल रहा है। ऐसे में उसे बाद में ध्यान आ रहा है कि उसके जूते चप्पल किधर हैं। बाद में ऐसे कुछ श्रद्धालुओं को करीब एक किलोमीटर का दायरा तय कर अपने जुते-चप्पल लेने के लिए बडा गणेश पर बनाए गए स्टैंड तक पहुंचना पड रहा है।



### ये है व्यवस्था

मंदिर सूत्रों के अनुसार वर्तमान में श्रद्धालु बड़ा गणेश के यहां अपने जूता-चप्पल उतारकर वहां से पैदल पालकी द्वार पहुंच रहे हैं। यहां से उन्हें प्रवेश दिया जा रहा है। वापसी में मंदिर के प्रांगण में आकर इसी और के रेंप से उपर आना है। इसमें श्रद्धालु भटक रहा है। वह उल्टी दिशा की ओर निकल पड़ता है। ऐसे में बाद में उसे जूते चप्पल की याद आने पर वह पूछता हुआ बड़ा गणेश की और बने स्टैंड पर पहुंच रहा है।

### कुछ प्रकरणों में सामने आया

जूनवाल ने माना कि कुछ प्रकरणों में श्रद्धालुओं के गफलत के कारण भटकाव की स्थिति सामने आई है। इसके चलते मंदिर समिति ने गार्डस को निर्देश दिए हैं कि आगंतुक श्रद्धालुओं से एवं बाहर निकलने वाले श्रद्धालुओं को जूता स्टैंड के लिए जानकारी दी जाए। इससे भटकाव की स्थिति नहीं बनेगी।

### दुकानों पर न रखें श्रद्धालु जूता-चप्पल

जूनवाल ने बताया कि मंदिर समिति के तय जूता स्टैंड पर ही श्रद्धालु अपने जूता-चप्पल रखें किसी प्रसादी की दुकान पर कतई न रखें। कई मामलों में सामने आया है कि श्रद्धालु अपने जूता-चप्पल दुकानों पर रखकर जाते हैं और इस दरमियान नगर निगम की कार्रवाई होने पर उनके जूता-चप्पल गायब हो जाते हैं। ऐसे में कई श्रद्धालु मंदिर समिति को अपने जूते-चप्पल गायब होने की शिकायत भी करते हैं।

### निर्माण कार्य पूर्ण होते ही लगेगी निर्देशिका

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के सहायक प्रशासक एवं तहसीलदार मूलचंद जूनवाल बताते हैं कि श्रद्धालुओं के ध्यान के भटकाव के कारण ऐसा हो रहा है। गफलत की यह स्थिति भी वर्तमान में मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों के कारण है। आगामी समय में सभी निर्माण पूर्ण होने वाले हैं। निर्माण एजेंसियों को बराबर वरिष्ठ अधिकारी निर्देशित कर रहे हैं। ऐसे में आगामी समय में तय दर्शन व्यवस्था की श्रद्धालु निर्देश पट्टिकाएं मंदिर परिसर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर लगाने की योजना है,जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

# कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण उपस्थिति व्यवस्था सख्त

### निगम आयुक्त के निर्देश- कर्मचारियों की संख्या के साथ फोटो अपलोड अनिवार्य, अवकाश व्यवस्था में बदलाव



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने रविवार सुबह अवकाश के दिन कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्डवार स्थायी, अस्थायी एवं आउटसोर्स कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर की जांच की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निगम आयुक्त ने सभी वार्ड दरोगाओं को निर्देशित किया कि कर्मचारियों की उपस्थिति संख्या रजिस्टर में दर्ज करने के साथ-साथ संबंधित कर्मचारियों के फोटो भी अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी निगम कर्मचारियों के लिए सप्ताह में एक दिन वार्डवार अवकाश निर्धारित किया जाए तथा दो दिन का अवकाश समाप्त किया जाए।

उन्होंने ड्यूटी समय के पालन को लेकर सख्ती दिखाते हुए कहा कि कर्मचारियों की उपस्थिति सुबह आने और दोपहर में जाने के समय रजिस्टर में दर्ज की जाए। साथ ही कंट्रोल प्रभारी को निर्देशित किया गया कि वे प्रतिदिन उपस्थिति रजिस्टर की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने कंट्रोल रूम से वायरलेस के माध्यम से शहर में चल रहे निर्माण एवं सड़क चौड़ीकरण कार्यों की जानकारी भी ली। उन्होंने भवन अधिकारियों और निरीक्षकों को निर्देशित किया कि शासन के निर्देशानुसार रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम के लक्ष्य समयबद्ध रूप से पूरे किए जाएं। इस दौरान उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता एवं कंट्रोल प्रभारी सुनील जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# उ.वि.प्रा की कमान रविन्द्र सोलंकी के हाथ

## मुकेश यादव एवं रवि वर्मा को उपाध्यक्ष बनाया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मप्र शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय ने रविवार को एक आदेश जारी कर उज्जैन विकास प्राधिकरण की कमान भाजपा नेता रविन्द्र (रवि) सोलंकी के हाथों में सौंपी है। उनके साथ ही दो उपाध्यक्ष एवं 5 अशासकीय सदस्य नियुक्त किए गए हैं। जिनमें 4 पूर्व पार्षद शामिल हैं। इन्हें कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक नियुक्त किया गया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग उप सचिव सी के साधव ने जारी आदेश में बताया कि नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा -40 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन ने उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन में रविन्द्र (रवि) सोलंकी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इनके साथ ही मुकेश यादव तथा रवि वर्मा को उपाध्यक्ष एवं विजय अग्रवाल, अमित श्रीवास्तव, रामचंद्र शर्मा (रामा गुरू), सशीला जाटवा, दुर्गा बिलोटिया को सदस्य पद पर नियुक्त किया गया है।

# कंठाल चौराहा से सतीगेट तक सड़क चौड़ीकरण शुरू

## स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने स्वयं हटाए अपने भवन, सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को मिली गति

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

आगामी सिंहस्थ 2028 महापर्व को ध्यान में रखते हुए शहर में विकास कार्यों को तेज किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न मार्गों के चौड़ीकरण को स्वीकृति दी गई है, जिसके तहत कंठाल चौराहा से सतीगेट तक सड़क चौड़ीकरण कार्य रविवार से प्रारंभ हो गया।



इस कार्य की विशेष बात यह रही कि स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने नगर निगम को सहयोग देते हुए स्वयं अपने प्रभावित भवनों को हटाने की पहल की। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार इस मार्ग को 15 मीटर चौड़ा किया जा रहा है, जिसके लिए 29 भवन मालिकों को नोटिस जारी किए गए थे। रविवार को इन भवन मालिकों ने स्वेच्छा से चौड़ीकरण कार्य में सहयोग करते हुए अपने-अपने निर्माण हटाने की प्रक्रिया शुरू की। निगम आयुक्त ने नागरिकों के इस सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे शहर के विकास में सहभागिता का उदाहरण बताया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चौड़ीकरण कार्य के दौरान आधारभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए, ताकि भविष्य में नागरिकों और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस दौरान सहायक आयुक्त घनश्याम मचार, उपयंत्री सौम्या चतुर्वेदी और साधना चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एक बार फिर 15 दिवसीय अभियान शुरू

# बगैर हेलमेट पकड़े गए तो देना होगा 300 रूपए, लायसेंस निलंबित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

आम वाहन चालक को हेलमेट के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस मुख्यालय की कवायद जारी है। इसी के तहत एक बार फिर से 15 दिवसीय अभियान की शुरूआत की गई है। इस दौरान पकड़े गए तो 300 रूपए चालानी कार्रवाई होना है। उज्जैन में 4 टीमें इसके लिए बनाई गई है। इस दौरान वाहन चालक ने अगर गड़बड़ की तो पुलिस उसके लायसेंस निलंबन की कार्रवाई प्रस्तावित करेगी।



**चौराहे पर टीम से गड़बड़ की तो लायसेंस निलंबन की कार्रवाई भी संभव**

डीएसपी यातायात दिलीप सिंह परिहार के अनुसार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर रविवार से अभियान की शुरूआत कर दी गई है। इसके लिए चार टीमें बनाई गई हैं जो शहर के अलग-अलग प्रमुख चौराहे पर उपस्थित रहकर बगैर हेलमेट वाहन चालन करने वालों को पकड़ कर उन पर चालानी कार्रवाई करेगी। इस दौरान वाहन चालक के गडबड करने पर उसके खिलाफ लायसेंस निलंबन की कार्रवाई भी प्रस्तावित की जाएगी। परिहार के अनुसार आम वाहन चालक में हेलमेट धारण के लिए जन जागरूकता के तहत यह अभियान 26 अप्रेल से पुलिस अधीक्षक उज्जैन के निर्देशन में शुरू किया गया है। पीएचक्यू ने 26 अप्रैल से 10 मई तक विशेष अभियान चलाकर हेलमेट चेकिंग के निर्देश दिए हैं।

### एडीजी पीटीआरआई पीएचक्यू के निर्देश

26 अप्रैल से 10 मई तक अभियान के लिए एडीजी पीटीआरआई पुलिस मुख्यालय विवेक शर्मा ने निर्देश जारी किए हैं। निर्देश के तहत बताया गया है कि प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण यातायात नियमों की अनदेखी और हेलमेट का उपयोग न करना है। आंकड़ों के अनुसार, लगभग 50 प्रतिशत मृतकों में दोपहिया चालक शामिल होते हैं, जो हेलमेट नहीं पहनते। इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस विभाग ने सख्ती बरतने का निर्णय लिया है। इसके तहत वाहन चालकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए शैक्षणिक संस्थानों, कॉलेजों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### पीओएस मशीन उपयोग से लायसेंस निलंबन

अभियान के दौरान पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। हेलमेट नहीं पहनने वाले चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई के साथ-साथ पीओएस मशीन के माध्यम से अधिक से अधिक ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई भी की जाएगी।

### हेलमेट को लेकर सख्ती

दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनने को लेकर एक बार फिर सख्ती की जाएगी। इस दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाते पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस अधीक्षकों के निर्देशन में चलाया जाएगा। पुलिस मुख्यालय द्वारा राज्यभर में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान 26 अप्रैल 2026 से 10 मई 2026 तक संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य रूप से लागू कराया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### विधुर नगर में एक हजार 182 किलोग्राम अवैध भांग बरामद

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर आज 25 अप्रैल 2026 को विधुर नगर क्षेत्र में प्रभावी कार्रवाई की गई। कार्यवाही के दौरान आरोपी संजय मिश्रा के निवास 102-इ, विधुर नगर पर दबिश दी गई। जहाँ से अवैध रूप से संग्रहीत भांग बुरादा बरामद किया गया। मौके से कुल एक हजार 182 किलोग्राम भांग बुरादा आरोपी के कब्जे से जप्त किया गया,जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 2 लाख 36 हजार 400 रुपए है। उक्त प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

### ग्रीष्मकालीन अवकाश आगामी एक मई से 15 जून 2026 तक रहेगा

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा ने भीषण गर्मी के कारण तापमान में हुई वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुये जिला शिक्षा अधिकारी को डॉ.शांता स्वामी भार्गव को निदेर्शानुसार इंदौर जिले के अंतर्गत शासकीय और अशासकीय सी.बी.एस.ई, आई.सी.एस.ई. माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं समस्त बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों की कक्षा नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के समस्त विद्यालयों में अवकाश आगामी 27 अप्रैल से 30 अप्रैल तक रहेगा।

मौसम वैज्ञानिक बोले- 44 डिग्री पार जा सकता है तापमान

## सीजन का सबसे गर्म दिन...पारा 42° पार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर/उज्जैन

इंदौर में गर्मी ने अपने तेवर और तेज कर दिए हैं। शनिवार इस सीजन का अब तक का सबसे गर्म दिन रहा, जब अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। पिछले 24 घंटों में तापमान में 1 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि रात का तापमान भी 6 डिग्री उछलकर 28 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया।

भीषण गर्मी का असर पूरे शहर में साफ नजर आ रहा है। दिन में हालात ऐसे रहे कि पंखों की हवा भी राहत नहीं दे पा रही थी। सड़कों पर आम दिनों की तुलना में कम आवाजाही रही और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले। चौराहों पर रेड सिग्नल के दौरान वाहन चालक पहले ही छांव में खड़े होकर ग्रीन सिग्नल का इंतजार करते दिखे। एक मिनट का इंतजार भी लोगों को पसीने से तर कर रहा था।



### रविवार को भी तेज धूप, राहत के संकेत नहीं

शनिवार को दिन का तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 3 डिग्री अधिक) दर्ज किया गया, जबकि रात का तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 5 डिग्री अधिक) रहा। रविवार सुबह से ही तेज धूप के कारण गर्मी ने फिर जोर पकड़ लिया है। मौसम का रुख देखते हुए फिलहाल राहत के कोई संकेत नहीं हैं।

### उज्जैन में भीषण गर्मी के चलते 27 से 30 अप्रैल तक स्कूलों की छुट्टी

उज्जैन में भीषण गर्मी के मद्देनजर कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 27 से 30 अप्रैल 2026 तक अवकाश घोषित किया गया है। वहीं, कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं सुबह की शिफ्ट में संचालित होंगी। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों का 27 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक अवकाश रहेगा। यह निर्णय लगातार बढ़ती गर्मी और तापमान में हो रही वृद्धि को देखते हुए लिया गया है। इस अवधि में शिक्षकों को नियमित रूप से स्कूल में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### मध्यप्रदेश शासन के निर्देशों के अनुरूप गर्मी की छुट्टियां भी घोषित

इसके अतिरिक्त, मध्यप्रदेश शासन के निदेर्शों के अनुरूप ग्रीष्मावकाश की तिथियां भी तय कर दी गई हैं। विद्यार्थियों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई से 15 जून 2026 तक रहेगा, जबकि शिक्षकों का अवकाश 1 मई से 31 मई 2026 तक निर्धारित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है और सभी स्कूलों को इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 18 अप्रैल को नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों का समय सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक परिवर्तित किया गया था, जबकि कक्षा 9वीं से 12वीं तक की कक्षाओं के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया था।

## सर्विस रोड और स्ट्रीट लाईट का कार्य शीघ्र करने के दिये निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने आज शनिवार को अपने निज निवास कार्यालय पर एनएचएआई द्वारा निमार्णाधीन अर्जुन बरोदा, झलारिया, एमआर-10 और रालामंडल फ्लायओवर और अंडरपास के विकास कार्यों की समीक्षा की।

मंत्री श्री सिलावट ने समीक्षा के दौरान बताया कि अर्जुन बरोदा पर 1 किलोमीटर 6 लेन सड़क 60 मीटर के अंडरपास का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें डामरीकरण का कार्य प्रगति पर है और लाईट, रोड मार्किंग इत्यादि का कार्य अतिशीघ्र समाप्त कर इसे टेस्टिंग के लिए चालू कर दिया जायेगा। इसी प्रकार झलारिया और एमआर-10 पर निमार्णाधीन अंडरपास का निर्माण कार्य भी चल रहा है जिसका कार्य बारिश के पूर्व समाप्त कर आम जनता के लिए चालू कर दिया जायेगा। यह सभी फ्लायओवर और अंडरपास का निर्माण अतिशीघ्र होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादवजी के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरीजी के द्वारा लोकार्पण कराया जायेगा।

मंत्री श्री सिलावट ने बायपास पर लम्बा जाम लगने पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि सर्विस रोड और स्ट्रीट लाईट बंद से होने ग्रामीण और शहरी लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है, जिसका निराकरण जल्दी करें और सर्विस रोड आदि का निर्माण भी अतिशीघ्र करें। इस अवसर पर एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री प्रवीण यादव, अपर आयुक्त श्री श्रृंगार श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष श्री रवि वाजपेई मौजूद रहे।

इंदौर के चंदन नगर में चाकूबाजी

## क्रिकेट खेलने के बीच विवाद में युवक पर हमला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के चंदन नगर क्षेत्र में शनिवार देर रात आपसी विवाद के दौरान चाकूबाजी की घटना सामने आई। सूचना मिलते ही पुलिस की दो एफआरवी मौके पर पहुंची, जिसके बाद हालात को नियंत्रित किया गया।

पुलिस के अनुसार चंदूवाला रोड पर क्रिकेट खेलने को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी विवाद में सोहेल नाम के युवक ने फरहान पर चाकू से हमला कर दिया। घायल फरहान की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी तिलक करोले अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन इलाके में पाइपलाइन के काम के चलते खुदी सड़कों के कारण उनकी गाड़ी बीच रास्ते में ही फंस गई। इसके बावजूद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को हटाया।

घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंच गए, जिससे वहां भीड़ की स्थिति बन गई। पुलिस ने समझाइश देकर



लोगों को वहां से हटाया और स्थिति को शांत कराया।

स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा रही कि इलाके के नेता रफीक खान के यहां चल रहे कव्वाली कार्यक्रम के दौरान विवाद हुआ था, हालांकि पुलिस ने इसे आपसी झगड़ा बताया है और किसी अन्य एंगल से इनकार किया है।

## नगर निगम की नई पहल-इंदौर में 35 जगहों पर ट्रीटेड वॉटर हाइड्रेंट स्थापित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में जल संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए नगर निगम ने नई पहल शुरू की है। इस संबंध में महापौर पुष्यमित्र भार्गव और नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने भवन अधिकारियों, निरीक्षकों और जोनल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

निदेर्शों के अनुसार, नगर निगम सहित शहर में चल रहे सभी निर्माण कार्यों, ऑटोमोबाइल सर्विस सेंटरों और बगीचों में ट्रीटेड पानी का उपयोग अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा, निजी व्यक्ति और संस्थान भी अपने संबंधित जोनल कार्यालय में निर्धारित शुल्क जमा कर ट्रीटेड पानी प्राप्त कर सकेंगे। इस पानी का उपयोग निर्माण कार्य, वाहन धुलाई और बगीचों की सिंचाई में किया जा सकेगा।

नगर निगम के 8 जोनल कार्यालयों पर निर्धारित शुल्क जमा कर ट्रीटेड पानी प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है। इनमें सुखलिया जोन, सुभाष नगर मेन, स्कीम नंबर 54, विजय नगर जोन, नेहरू स्टेडियम जोन, बिलावली जोन, हवा बंगला जोन और स्कीम नंबर 98 जोन शामिल हैं। इन स्थानों पर शुल्क जमा कर ट्रीटेड पानी लिया जा सकता है।

## डीजिटल जनगणना प्रशिक्षण से 159 कर्मचारी अनुपस्थित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में देश की पहली डिजिटल जनगणना के प्रशिक्षण कार्यक्रम में लापरवाही सामने आई है। प्रशिक्षण सत्रों से अनुपस्थित रहने वाले 159 कर्मचारियों को जनगणना अधिनियम के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। प्रशासन के अनुसार, जनगणना कार्य के लिए विभिन्न जोन में लगातार प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। इसके बावजूद कई कर्मचारी बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहे, जिसे प्रशासन ने गंभीरता से लिया है और यह कार्रवाई की गई है।

## उज्जैन में पारिवारिक विवाद, रिश्तेदारों ने की मारपीट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के पंथपिपलाई गांव में एक पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि नागपुर से आए रिश्तेदारों ने घर में घुसकर हमला किया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। इस मामले में पुलिस पर भी पक्षपात के आरोप लगाए गए हैं। यह घटना 8 अप्रैल की है। जिसका वीडियो रविवार को सामने आया है। पीड़ित मोहन चौहान का आरोप है कि उनके छोटे भाई संजय चौहान के ससुराल पक्ष के रिश्तेदार नागपुर से अचानक उनके घर पहुंचे। बिना किसी चेतावनी के उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों में संजय चौहान के ससुर, साला और परिवार के अन्य सदस्य शामिल थे। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि यह हमला पहले से योजनाबद्ध था, क्योंकि सभी हमलावर घटना से पहले आसपास मौजूद थे और फिर एक साथ हमला किया।



## न्यूज कालम



### भुसावल नागपुर सुपर फास्ट को पुनः शुरू करने की मुहिम चलाएगा जनमंच

**खंडवा।** शनिवार को खंडवा की सामाजिक संस्था जनमंच सदस्यों की एक बैठक संपन्न हुई ।जिसमें रेलवे संबंधित विभिन्न मांगों के लिए विचार विमर्श हुआ।प्रमुख रूप से नागपुर भुसावल वाया खंडवा 22111/22112 सुपरफास्ट ट्रेन दादाजी धाम एक्सप्रेस को पुनः शुरू करने के लिए जनमंच जोर शोर से मुहिम चलाएगा। जन मंच के चंद्रकांत सांड, सुनील जैन ने बताया कि मुहिम के अंतर्गत खंडवा और बैतूल सांसदों से मुलाकात की जाएगी तथा प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को इस आशय की मांग के लगातार पत्र भी भेजे जाएंगे। अन्य मांगो में सनावद से इंदौर ब्रॉडगेज रेल लाइन का कार्य सिंहस्थ 2028 के पूर्व किया जाकर इस पर ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाए। एक अन्य मांग ओंकारेश्वर रोड स्टेशन से ओंकारेश्वर तीर्थ तक लगभग 10 किमी की रेलवे लाइन डाली जाए, ताकि खाटू श्याम की तरह ओंकारेश्वर के तीर्थ यात्री सीधे ओंकारेश्वर तीर्थ तक पहुंच सके।उक्त मांगों को लेकर जनमंच सदस्यों चंद्र कुमार सांड, अनुराग बंसल, कमल नागपाल,देवेंद्र जैन,प्रेमांशु जैन,जैकी रेवतानी,अनूप गंगराड़े,सुनील जैन और गणेश कानडे आदि ने प्रधान मंत्री और रेल मंत्री को मेल भी किए।

### खंडवा से पुणे के लिए एक और नियमित ट्रेन मिली



**जनमंच सदस्यों ने प्रधानमंत्री और सांसद का जताया आभार**

**खंडवा।** मंगलवार 28 अप्रैल को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 02531 वाराणसी -पुणे एक्सप्रेस को शाम 4.56 को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे।उक्त ट्रेन 29 अप्रैल को पहली बार खंडवा जंक्शन पहुंचेगी। जैन मांज के चंद्रकांत सांड, सुनील जैन, कमल नागपाल ने बताया कि खंडवा की सामाजिक संस्था जनमंच समय-समय पर लगातार पुणे के लिए ट्रेन की मांग करती रही है।खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने पुणे की ट्रेनों की मांग की आवश्यकता को गंभीरता से लेते हुए रेल मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही नई ट्रेन वाराणसी- पुणे अमृत भारत एक्सप्रेस का खंडवा ठहराव स्वीकृत कराया।जनमंच सदस्यों चंद्र कुमार सांड,अनुराग बंसल,कमल नागपाल,प्रेमांशु जैन,सुनील जैन,जैकी रेवतानी,अनूप गंगराड़े और गणेश कानडे आदि ने जनमंच की बैठक में इस नई ट्रेन की शुरूआत होने पर हर्ष जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा क्षेत्रीय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल का आभार व्यक्त किया। जनमंच सदस्यों ने मेल कर आभार व्यक्त किया ।

### खंडवा की लेखिका दर्शना जैन इंदौर में हुई सन्मानित



**खंडवा।** विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस के अवसर पर श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति इंदौर द्वारा किये गए लेखक सम्मान समारोह में लघुकथा के क्षेत्र में खंडवा की लेखिका दर्शना जैन के लघुकथा संग्रह ₹प्रथम शिखर₹ का चयन कर उन्हें सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन म.प्र. पुस्तकालय संघ द्वारा किया गया। संयोजक जी. डी. अग्रवाल द्वारा संचालन किया गया।इस अवसर पर देश विदेश के कई लेखकों को उनकी विविध आयामों पर लिखी गई रचनाओं के लिये सम्मानित किया गया।

### विद्युत संधारण कार्य के कारण जल प्रदाय प्रभावित रहेगा

**खंडवा।** चरखेड़ा फिल्टर प्लांट पर मध्य प्रदेश विद्युत मंडल द्वारा कल दिनांक 25 अप्रैल को शाम 5 बजे से 6.30 बजे तक निर्धारित संधारण कार्य किए जाने के कारण शहर के सुंदर नगर, चीरा खदान क्षेत्र, जेल रोड, वाहेती कॉलोनी, मेडिकल कॉलेज, आनंद नगर एवं पदम कुंड क्षेत्र में जल प्रदाय प्रभावित रहेगा। नागरिकों से अनुरोध है कि आवश्यकतानुसार पूर्व में जल संग्रहण कर लें। कार्य पूर्ण होने के पश्चात जल प्रदाय पुनः सामान्य कर दिया जाएगा।

### मलेरिया दिवस पर मलेरिया के प्रति बचाव की शपथ दिलाई



**खंडवा।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर शनिवार को नागरिकों को मलेरिया से बचाव के संबंध में शपथ दिलाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर ओपी जुगतावत ने बताया कि मलेरिया दिवस के अवसर पर जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर मलेरिया, डेंगू और चिकुनगुनिया से बचाव के लिये नागरिकों को शपथ दिलायी गयी ।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव का प्रदेश की जनता के नाम संदेश

# प्रदेश का समृद्ध किसान ही विकसित भारत के निर्माण में निभाएगा महत्वपूर्ण भूमिका

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश का समृद्ध किसान ही विकसित भारत 2047 के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सच्चा वादा और पक्का काम, यही हमारी सरकार का संकल्प है। हमने किसानों से जो वादा किया, वह पूरा करके भी दिखाया है। जब हमारे खेतों से लेकर कारखाने तक समृद्धि आएगी, तभी तो हमारे किसान भी समृद्ध और खुशहाल होंगे। मैं प्रदेश के सभी किसान भाइयों-बहनों को आश्वस्त करता हूं कि उनकी मेहनत, पसीना और आपका भविष्य हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों की समृद्धि ही मध्यप्रदेश की असली ताकत है। आइए, हम सब मिलकर च्किसान कल्याण वर्षज्ञ में मध्यप्रदेश को कृषि के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को प्रदेश की जनता के नाम दिये संदेश में कहा कि मैं अपने आपको सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे मध्यप्रदेश की सेवा का अवसर मिला है और उसी सेवा भाव से मैं अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहा हूं। जब से मैंने मुख्यमंत्री के रूप में इस महत्वपूर्ण पद की शपथ ली है, तब से पूरा मध्यप्रदेश ही मेरा परिवार है, प्रदेशवासियों का सुख ही मेरा सुख है और उनका दुख ही मेरा दुख है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश की तीव्र गति के विकास का मुख्य आधार हमारे प्रिय किसान भाई-बहन हैं। मैं प्रदेश के समस्त अन्नदाताओं को नमन करता हूं। हमारी सरकार किसानों की खुशहाली और उनकी समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। हम न केवल किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए संकल्पित हैं, बल्कि उनके जीवन में सुख और आनंद के सूर्योदय का भी प्रयास कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाये बिना प्रदेश के सर्वांगीण विकास की कल्पना अधूरी है। हमारी सरकार किसानों के हर सुख-दुख में साथ है। इसी का परिणाम है कि मध्यप्रदेश सरकार निरंतर किसान हितैषी ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। आज मैं ऐसे विषय पर संवाद कर रहा हूं, जो हमारे प्रदेश की आत्मा, हमारे अन्नदाता यानी किसानों से जुड़ा हुआ है। मध्यप्रदेश सरकार किसान हितैषी संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है और इसी भावना के साथ इस वर्ष को किसान कल्याण वर्ष के रूप में समर्पित किया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैं प्रदेशवासियों से यह साझा करना चाहता हूं कि प्रदेश में रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन को देखते हुए हमने केंद्र सरकार से खरीदी की सीमा बढ़ाने का आग्रह किया था। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि किसानों के हित को सर्वोपरि रखते हुए गेहूं उपार्जन का लक्ष्य 78लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है। यह 22 लाख मीट्रिक टन की अभूतपूर्व वृद्धि न केवल हमारे किसानों की मेहनत का सम्मान है, बल्कि उनकी आय को सुनिश्चित करने की दिशा में एक ठोस कदम भी है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री श्री मोदी और केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त करता हूं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुझे यह बताते हुए भी अत्यंत प्रसन्नता है कि आज से पूरे प्रदेश के छोटेद्बबड़े सभी किसान भाइयों से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग पूरी तरह से खोली जा चुकी है। गेहूं उपार्जन अब सप्ताह में ६ दिन होगा और शनिवार को अवकाश नहीं रहेगा। उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन निर्बाध रूप से जारी रहेगा।

## बालाजी रील कॉम्पिटिशन 2026 में खंडवा के युवाओं ने दिखाई प्रतिभा, विजेताओं को मिले पुरस्कार

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा



बालाजी ग्रुप द्वारा आयोजित 'बालाजी रील प्रतियोगिता २०२६' का भव्य समापन हुआ, जिसमें शहर के साथ ही ग्रामीण के युवाओं ने भी अपनी प्रतिभा दिखाई...

सोशल मीडिया के इस दौर में खंडवा के युवाओं को अपनी कला और रचनात्मकता को प्रस्तुत करने का मौका मिला , जिसे दर्शकों और निर्णायक मंडल द्वारा खूब सराहा गया प्रतियोगिता के दौरान कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। पुरस्कार वितरण समारोह में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया गया जिसमें क्रमशः प्रथम पुरस्कारः 11 हजार - दिव्य शर्मा, द्वितीय पुरस्कारः 7100 मोहम्मद रेहान, तृतीय पुरस्कारः 5100 - संस्कृति जैन एवं विशेष श्रेणियों में प्रतिभाओं का सम्मान हुआ, इसके अंतर्गत सोशल मीडिया पर मिली लोकप्रियता के आधार पर कुछ प्रतिभागियों को विशेष श्रेणियों में 5100 रुपए के नगद राशि से पुरस्कृत किया गया जिसमें मोस्ट लाइक्स कैटेगरीः खुशी चटर्जी, मोस्ट शेयर्स कैटेगरीः प्रगति कुशवाहा, मोस्ट व्यूज कैटेगरीः शाहरुख को पुरस्कार मिला...कार्यक्रम में मुख्य रूप से बालाजी ग्रुप की एमडी स्नेहा रितेश गोयल ने सम्मिलित होकर प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन मनीष कुमार मालानी ने किया, इस अवसर पर बालाजी ग्रुप के पिंकू अग्रवाल, संदीप चौहान एवं चक्रेश भावसार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बालाजी ग्रुप के समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।बालाजी ग्रुप की एमडी स्नेहा गोयल ने बताया कि बालाजी ग्रुप द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम न केवल युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बेहतरीन मंच प्रदान करता है, बल्कि उन्हें रचनात्मकता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित भी करता है। आयोजन की सफलता को देखते हुए ग्रुप ने भविष्य में भी ऐसे ही रचनात्मक मंच प्रदान करने का संकल्प लिया है।

## जिले में नरवाई जलाने पर एक लाख दस रुपए का अर्थ दंड अधिरोपित

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास आर के सिंह ने बताया कि जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए किसानों को नरवाई प्रबंधन के लिए समझाईश दी जा रही है साथ ही मशीनों का डीमोस्ट्रेशन कर नरवाई प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है । नरवाई जलाने के नुकसानो की भी जानकारी किसानों को दी जा रही है । उसके बाद भी नरवाई जलाने की घटना कारित करने वाले किसानों पर शासन के निदेर्शानुसार अर्थदंड की कार्यवाही भी की जा रही है ।

सेटेलाइट से प्राप्त डाटा अनुसार जिले में आज दिनांक तक नरवाई जलाने की 296 घटनाएं दर्ज की गई,जिसमें 114 पर कार्यवाही करते हुए किसानों पर प्रशासन द्वारा सख्ती करते हुए अभी तक कुल एक लाख दस रुपए का अर्थ दंड अधिरोपित किया जा चुका है शेष प्रकरणों पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। सेटेलाइट से प्राप्त डाटा अनुसार आज दिनांक तक रतलाम ग्रामीण तहसील में 53 घटनाएं, रतलाम शहर में 36 घटनाएं, ताल में 37 घटनाएं, आलोट में 78 घटनाएं, जावरा में 30 घटनाएं, पिपलौदा में 51 घटनाएं, बाजना में 4 घटनाएं, सैलाना में 7 घटनाएं दर्ज की गई है।

प्रशासन द्वारा किसानों से अपील की गई है कि फसलों के अवशेष (नरवाई) को जलाने के बजाय इसे आधुनिक तरीकों से खाद में परिवर्तित कर मृदा की उर्वरकता बढ़ाएं, बहुमूल्य मृदा के क्षरण को रोके जिससे मृदा के पोषक तत्व संरक्षित हो एवं मृदा की जलधारण क्षमता बढ़े।

## जिला जेल में विधिक साक्षरता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न



'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निदेर्शानुसार शनिवार को जिला जेल खंडवा में विधिक साक्षरता शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश खंडवा श्री संजीव श्रीवास्तव ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति परिस्थितियों, अज्ञानता या गलत संगति के कारण अपराध कर सकता है, लेकिन उसे सही मार्ग दिखाकर सुधारा जा सकता है।

उन्होंने बंदियों के विधिक अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बंदियों को जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने, समय का सदुपयोग करने तथा रचनात्मक एवं अच्छे कार्यों में संलग्न रहने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जिला चिकित्सालय की टीम जिसमें डॉ. नरेश कुमार लोधी ईएनटी विशेषज्ञ, डॉ. विनायक पटेल एम.डी. चिकित्सा., डॉ. जय धर्मेन्द्र गोयल सर्जरी विशेषज्ञ, डॉ. अंकित अग्रवाल अस्थि रोग, डॉ.दीपाली सेंगर चर्मरोग विशेषज्ञ, डॉ. दिव्या सोनी दंतरोग चिकित्सा, डॉ. करिश्मा स्त्रीरोग विशेषज्ञ, डॉ. संजय इंगले मानसिक चिकित्सा, डॉ. अनय अरझरे, नेत्ररोग, डॉ. रूपेश चौधरी, श्री उपेन्द्र गिरी, सहित नर्सिंग आफिसर, टेक्नीशियन आदि ने बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श और निशुल्क दवाइयों का वितरण किया इस शिविर में 211 पुरुष बंदी व 13 महिला बंदियों का उपचार एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश श्री ठाकुर प्रसाद मालवीय, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री दिलावर सिंह, जेल अधीक्षक श्री नवीन नेमा, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता श्री दशरथ सिंह चौहान, श्री प्रीतेश दुबे, श्री निखिल गोतम, सुश्री साक्षी गुप्ता, सहित अन्य अधिवक्तागण और पैरालीगल वालंटियर्स उपस्थित थे।

## ओंकारेश्वर क्षेत्र के सभी होटल व रिसॉर्ट्स में सीवेज ट्रीटमेंट व्यवस्था की जाँच के लिए दल गठित

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा

कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने बताया कि आगामी ₹सिंहस्थ महापर्व-२०२८₹ को ध्यान में रखते हुए तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर एवं नर्मदा नदी के तटीय क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। सिंहस्थ के दौरान अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना और क्षेत्र के जल स्त्रोतों को प्रदूषण मुक्त और पवित्र बनाए रखने के उद्देश्य से एसडीएम पुनासा श्री पंकज वर्मा ने ग्राम मोरटक्का से ओंकारेश्वर के बीच मुख्य मार्ग के दोनों ओर स्थित होटलों, रिसॉर्ट्स एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के अपशिष्ट जल और सीवेज के प्रबंधन की जांच के लिए दल गठित करने के आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेश के अनुसार यह जांच दल मोरटक्का से ओंकारेश्वर एवं कोठी से सनावद के बीच मुख्य मार्ग पर स्थित और ओंकारेश्वर नगर मे स्थित सभी होटलों व रिसॉर्ट्स में स्थापित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं अपशिष्ट निष्कासन की जाँच करेगा। इस संयुक्त जाँच दल में डिप्टी कलेक्टर सुश्री ममता चौहान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओंकारेश्वर श्रीमति मोनिका भौपचे, श्री मनोज जायसवाल उप यंत्री एवं श्री दुर्गेश चौधरी, उपयंत्री को शामिल किया गया है। इस जांच दल में सहयोगी कर्मचारी के रूप मे राजस्व निरीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, पटवारी श्री गौरव सोनी, श्री अमित भोरयाले, श्री रविन्द्र अंजाना, श्री कमलेश दामोदर एवं श्री हुकुमचंद यादव

तथा श्री शंभुलाल केवट आपरेटर ओंकारेश्वर के अलावा ग्राम पंचायत मोरटक्का, मोरघडी, बिल्लौरा बुजुर्ग, कोठी और भोगावा के पंचायत सचिव एवं सहायक सचिव को भी शामिल किया गया है। इस जांच दल में शामिल अधिकारी कर्मचारियों को ३ दिवस मे जांच कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच दल ने आज से ही जांच की कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

### स्त्री रोग विशेषज्ञों ने 503 हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच की

**खंडवा ।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान₹ के तहत मातृ मृत्यु दर में कमी लाने और गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उनकी प्रसव पूर्व जांच की जाती है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हर माह की 9 एवं 25 तारीख को जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर स्त्री रोग विशेषज्ञ व चिकित्सको द्वारा गर्भवति एवं हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच कर उपचार किया जाता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ. पी. जुगतावत ने बताया कि इसी क्रम में गुरूवार को जिलें की स्वास्थ्य संस्थाओं में 503 से अधिक हाईरिस्क गर्भवति महिलाओं की चिकित्सको द्वारा आवश्यक जाँच कर परामर्श दिया गया। जांच के दौरान जटिलताओं को देखते हुए ऐसी चिन्हांकित गर्भवति महिलाओ की निशुल्क सोनोग्राफी करवाई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ. पी. जुगतावत ने बताया कि एनिमिया, उच्च रक्तचाप, शुगर, पूर्व में सिजेरियन प्रसव, जुड़वा बच्चें, की जांच की गई।

## विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मलेरिया विभाग द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय परिसर रतलाम में मलेरिया 2026 की थीम ड्रिवन टू एंड मलेरिया- नाउ वी कैन, नाउ वी मस्ट पर जनजागरूकता एवं मलेरिया से बचाव हेतु संवाद का आयोजन किया गया। इस संवाद और रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संध्या बेलसरे, और जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. देवेन्द्र कुमार मोर्य, द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

संवाद कार्यक्रम एवं जागरूकता रैली में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा कार्यकताओं, मलेरिया विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा मलेरिया से जागरूकता एवं बचाव सबंधी सन्देश प्रसारित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संध्या बेलसरे द्वारा मलेरिया बीमारी को दूर करने हेतु आपसी सहयोग एवं सामंजस्य स्थापित करने एवं जांच उपचार संबंधी अपील की गई।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ देवेन्द्र कुमार मोर्य द्वारा संबोधन में विश्व मलेरिया दिवस पर किये जाने वाले कार्य बचाव जॉच एवं सुरक्षा पर प्रकाश डाला गया एवं उपस्थित लोगो को मलेरिया बिमारी के प्रति जागरूक रहने एवं समय पर जांच एवं उपचार संबंधी जानकारी दी गई। विकासखण्ड से ग्राम स्तर तक विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियॉ जैसेः- रैली, एडवोकेसी, स्कूल हेल्थ एक्टिविटी, पम्पलेट वितरण, ग्राम आरोग्य सभाऐ, आयोजित की जा रही हैं।

स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकताओं द्वारा ग्राम में भम्रण कर बुखार रोगियों की जांच करना, मच्छरदानी का उपयोग करना, नारे लेखन कार्य और लोगो को मलेरिया के प्रति आई.ई.सी के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं ।

## विद्यार्थियों ने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सूरजकुंड पर किया श्रमदान

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा

जल ही जीवन है, जल हें तो कल है, स्वच्छता में ही स्वस्थता है, यह नारे तभी सार्थक होंगे जब शासन प्रशासन के साथ आमजन भी इसमें शामिल होगा साथी हाथ बढ़ाना एक अकेला थक जाएगा मिलकर हाथ बढ़ाना।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि स्वच्छता एवं जल संरक्षण के इस अभियान में सरकार शासन प्रशासन के साथ हमको हम सबको भी जन भागेदारी के माध्यम से इस पर अमल करना होगा तभी यह योजनाएं सार्थक होगी। जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के समाज कार्य के विद्यार्थियों के द्वारा गौतम नगर स्थित प्राचीन सूरजकुंड खंडवा पर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जलस्त्रोत, एवं मंदिरों के पास परिसर में श्रमदान कर साफ सफाई की।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमुदाय द्वारा मंदिरों के पास का कचरा गाद, आदि साफ किया गया।मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक राजकुमार मालाकार ने च्जल गंगा संवर्धन अभियानज्ञ के द्वितीय चरण के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किये जाने हेतु।

विद्यार्थियों से अपने अपने ग्राम के जल स्त्रोतो, तालाब, एवं कुंडों को स्वच्छ रखने तथा प्रभात फेरी, कलश यात्रा, भूमि, वृक्ष एवं जल स्त्रोतों का पूजन, मानस पाठ, भजन संध्या, संकीर्तन, आरती, दीपमाला एवं देवगीत जैसे सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम सहित जन जागरुकता का संकल्प दिलाया। उन्होंने मुख्यमंत्री की मंशानुरूप युवाओं को व्यवहारिक प्रशिक्षण देकर समाज का जिम्मेदार नेतृत्वकर्ता बनाया जा रहा है।इन गतिविधियों के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग को स्वच्छता अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला समन्वयक जगदीश पटेल, नवांकुर संस्था के सदस्य जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक राजकुमार मालाकार,मेंटर प्रीति गीते, आशीष पटेल , दिलावर सोनरिस, राहुल एवम प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष नारायण फरकले सहित समाजकार्य के विद्यार्थी, राधा मोहे, अनिता यादव, पंकज बोरासी, सलोनी गोहर, सुषमा वर्मा,आदि उपस्थित रहे।

### रतलाम में 1 से 3 मई को भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित होगा

**रतलाम।** सुराणा, दुगड़ एवं सांखला परिवार के गोत्रीय बंधुओं द्वारा रतलाम शहर में पहली बार श्री सुसवाणी माताजी, सोनाणा खेतलाजी एवं गणेशजी मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 1, 2 एवं 3 मई 2026 को आयोजित किया जाएगा।जानकारी के अनुसार, एक दशक पूर्व सुराणा-दुगड़-सांखला परिवार का पारिवारिक मिलन समारोह रतलाम में हुआ था, जिसमें गोत्रीयजनों ने कुलदेवी के भव्य मंदिर निर्माण का संकल्प लिया था। श्रद्धा एवं आस्था के साथ करीब 36 हजार वर्गफीट भूमि करमदी रोड के समीप मंदिर निर्माण हेतु उपलब्ध कराई गई। इस कार्य में राजेन्द्र भंडारी (सारंगवास) एवं श्री अंकित भटेवर का निरंतर सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है।तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत १ मई को गणपति स्थापना, वेदी पूजन एवं मेहंदी कार्यक्रम आयोजित होंगे। शाम को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध गायक गणेश सुराणा एवं प्रियंका सुराणा अपनी प्रस्तुति देंगे। 2 मई को प्रातः 8.15 बजे जैन कॉलोनी से विशाल वरघोड़ा निकाला जाएगा। इसके पश्चात हवन-यज्ञ का आयोजन होगा। रात्रि में भजन संध्या एवं पारिवारिक डांडिया रास का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध संगीतकार पंकज चौपड़ा एवं वत्सल चौपड़ा प्रस्तुति देंगे।

## न्यूज -कॉलम

### कार में लगी आग को लेकर 2 पक्षों में चले पाईप-डंडे

**उज्जैन।** बड़नगर थाना क्षेत्र के बदनावर मार्ग शराब दुकान के सामने कार में लगी आग को लेकर राकेश पिता शोभाराम चौधरी निवासी मिठीखेड़ी और गजेन्द्र पिता गोवर्धनसिंह पंवार निवासी संगम चौराहा बड़नगर के बीच विवाद हो गया। दोनों ओर से पाइप डंडे चले, उनका परिवार भी विवाद में शामिल हो गया। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज किया है। एएसआई सुनील देवके ने बताया कि राकेश की आई-20 कार खराब हो गई थी। उसने संधारण के लिये गजेन्द्र के गैरेज पर खड़ी की थी। रात में अचानक कार में आग लग गई और जल गई। गजेन्द्र ने आग लगने की सूचना राकेश को दी। राकेश परिवार के साथ गैरेज पहुंचा और गजेन्द्र पर आग लगाने की शंका जता कर विवाद किया। एएसआई के अनुसार मामले में आगजनी और मारपीट के दोनों मामलों में विवेचना की जा रही है।

### पारिवारिक विवाद में बहू ने सास के साथ की मारपीट

**उज्जैन।** खाराकुआ थाना क्षेत्र के अमरपुरा में शनिवार रात अदिबा खान का पति जुनैद खान से पारिवारिक बात को लेकर विवाद हो गया था। अदिबा ने अपने मायके से परिजनों को बुला लिया। इस दौरान विवाद बढ़ता देख अदिबा की सास रेहाना पति अयुब खान बहू को समझाने पहुंची तो उसने अपने परिजनों के साथ मिलकर मारपीट शुरू कर दी। रेहाना के साथ मारपीट होती देख पुत्र जुनैद बीच-बचाव के लिये आया तो पत्नी अदिबा और उसके परिजनो ने जुनैद को पीटा दिया। विवाद में रेहाना को ज्यादा चोंट लगने पर उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। इस बीच बहू अपना सामान और बेटी को लेकर मायके चली गई। बहू की मारपीट में घायल सास के अस्पताल में भर्ती होने की सूचना पुलिस को मिली तो बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची।

### दुर्घटना में घायल 2 लोगों की मेडिकल कॉलेज में मौत

**उज्जैन।** नानाखेडा और झारडा थाना क्षेत्र में 24 अप्रैल को हुई सड़क दुर्घटनाओं में घायल 2 युवकों की उपचार के दौरान रविवार को आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। नानाखेडा थाना पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में संजय पिता अमरसिंह कुशवाह 37 साल निवासी रामवासा को इंदौररोड पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा था। जिसकी मौत होने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। दूसरे मामले में मृतक शंकरलाल पिता हीरालाल मकवाना 35 साल निवासी बडौद आगर मामला होना सामने आया है। चिमनगंज थाना पुलिस के अनुसार आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज की ओर से मिली सूचना पर शंकरलाल की मौत होने पर मर्ग कायम किया गया है। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि 2 दिन पहले झारडा में हुई दुर्घटना में घायल हुआ था। प्रधान आरक्षक राजेन्द्र सिंगाड ने बताया कि मर्ग डायरी झारडा थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

### बदनावर-बड़नगर मार्ग पर लोडिंग-तूफान में भिड़ंत

**उज्जैन।** बड़नगर-बदनावर मार्ग पर नयापुरा में लोडिंग वाहन और तूफान गाड़ी में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में तूफान में सवार आयुष पिता शंकरलाल देवडा 21 साल, रीतू पिता रामलाल भील 19 साल, राधेश्याम पिता नंदराम 18 साल, कमलसिंह पिता पीरू भील 68 साल और शंभु पिता रामा भील 60 साल निवासी बिलपांक रतलाम घायल हो गये। सभी को उपचार के लिये बड़नगर अस्पताल में भर्ती किया। मामले में पुलिस ने लोडिंग चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया है। दुर्घटना के बाद चालक मौके से भाग निकला था।

### मृतक वृद्ध के नाती की 3 दिन बाद होना थी शादी

**उज्जैन।** जैथल टैक और नजरपुर के बीच शनिवार रात हुई दुर्घटना में मृतक आशाराम पिता भैरूलाल मालवीय 62 साल निवासी ग्राम गोठडा का रविवार सुबह कोतवाली थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि मंगलवार को नाती अविनाश मालवीय की शादी होना है। आशाराम ने नाती की शादी का कार्यक्रम अपने घर पर रखा था। रविवार को मंडप रखा गया था, शादी में शामिल होने के लिये परिवार के सभी रिश्तेदार आ गये थे। आशराम की मौत से शादी की खुशियों का माहौल गम में बदल गया है। आशाराम अपने साढू रतनलाल के साथ बाइक से ग्राम बनडा घट्टिया जाने के लिये निकले थे। रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में रतनलाल घायल है, जिसका उपचार चरक अस्पताल में चल रहा है।

### परिजन कमरे में पहुंचे तो फंदे पर लटका मिला युवक

**उज्जैन।** नानाखेडा थाना क्षेत्र के आनंदनगर में रहने वाले आशीष पिता अम्बाराम मालवीय 40 साल ने शनिवार-रविवार रात अपने कमरे में फांसी लगा ली। सुबह जब परिजन कमरे में पहुंचे तो उसे छत की बल्ली पर रस्सी के फंदे से लटका देखा। परिजनों ने बताया कि आशीष दूध डेयरी पर काम करता था और रात में शराब पीकर लौटा था। परिजनों ने फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों के बयान दर्ज कर घटना की वजह का पता लगाया जायेगा।

# कॉबिंग गश्त में 295 वारंटियों पर पुलिस का शिकंजा

## गिरफ्त में आये 6 फरार इनामी बदमाश, 3 चाकू लेकर घूमते मिले

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन





कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर अंकुश लगाने के साथ आमजन को सुरक्षित और भय मुक्त रखने के उद्देश्य से शनिवार-रविवार रात जिले में कॉबिंग गश्त की गई। तड़के तक चली गश्त में 295 स्थाई और गिरफ्तार वारंटियों को पकड़ा गया। 6 फरार इनामी बदमाश भी गिरफ्त में आ गये।

एसपी प्रदीप शर्मा के निर्देशन में शनिवार रात 11 बजे पूरे जिले में 600 पुलिसकर्मियों ने एक साथ मेगा कॉबिंग गश्त की शुरूआत की। गश्त का उद्देश्य आमजन को सुरक्षित और भय मुक्त रखने के साथ काफी समय से फरार चल रहे स्थाई और गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ करना था। सुनियोजित और प्रभावी तरीके से शुरू की गई मेगा गश्त के दौरान जिले की पुलिस ने 185 स्थाई और 110 गिरफ्तार वारंटियों को उनके घरों और ठिकानों पर दबिश देकर शिकंजे में ले लिया। गश्त में संगीन मामलों में फरार चल रहे 6 इनामी बदमाश भी हिरासत में आ गये। रविवार तड़के 5 बजे तक चली गश्त के दौरान सभी थानों की लॉकअप वारंटियों, बदमाशों और संदिग्धों से भर गई थी। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिये इस प्रकार के विशेष अभियान जारी रहेंगे। किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कॉबिंग गश्त से अपराधियों में पुलिस का भय व्याप्त हुआ है वही आमजन में सुरक्षा का विश्वास मजबूत हुआ है।

**सूची में शामिल बदमाशों का किया सत्यापन**

रात में शुरू हुई गश्त के दौरान जहां वारंटियों और फरार बदमाशों की धरपकड़ की गई, वहीं पुलिस ने सूची में शामिल 250 से अधिक चिन्हित बदमाशों के घरों पर पहुंचकर उनका सत्यापन किया। बदमाशों की वर्तमान गतिविधियों का पता लगाया, उनकी आजीविका के स्त्रोत की जानकारी ली गई और सख्त हिदासत दी गई कि अपराध में शामिल पाये गये तो उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जायेगा। पुलिस ने 10 वसूली वारंट भी तामिल कराये और 50 से अधिक संपत्ति अपराधियों की जांच कर भवष्यि में अपराध से दूर रहने की चेतावनी दी।

### 3 के पास थे चाकू, 4 ने तोडे थे नियम

मेगा कॉबिंग गश्त पर निकली पुलिस एएसपी, सीएसपी, एसडीओपी और थाना प्रभारियों के साथ सड़कों पर दौड़ लगा रही थी वहीं गली-मोहल्लों में दिखाई देने वाले संदिग्धों की तलाशी ले रही थी। इस दौरान 3 युवकों के पास से चाकू बरामद हो गये। जिनके खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई। यहीं नहीं रात में यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले 4 वाहन चालकों को पकड़ा गया। जिनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई।

# पराली की आग में जिंदा जल गया कृषक

## अपने खेत में लगाई थी आग, पडोसी के खेत में मिली लाश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



पराली जलाने के दौरान रविवार को दर्दनाक हादसा होना सामने आया। पराली की आग में खुद कृषक जिंदा जल गया। उसका शव पडोसी के खेत में मिला। घटनाक्रम सामने आने पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

उन्हेल मार्ग ग्राम सोडंग में रहने वाला रामेश्वर पिता लक्ष्मण आंजना 60 साल सुबह 11 बजे के लगभग घर से निकला था और बोला था कि पराली जलाने खेत पर जा रहा हूं। रामेश्वर का खेत भैरवगढ़ क्षेत्र के सारीबारी के समीप था। दोपहर तक रामेश्वर घर नहीं लौटा तो भतीजा दिनेश आंजना देखने के लिये खेत पर पहुंचा। जहां काफी ग्रामीणों की भीड़ लगी थी। रामेश्वर के खेत के पास हकीम भाई के खेत में एक जली हुई लाश पड़ी थी। दिनेश ने शव देखा तो चाचा रामेश्वर का होना सामने आया। उसने हुलिये, कद काठी और जूतों से पहचान की। मामले की जानकारी मिलते ही भैरवगढ़ थाना एसआई सत्यनारायण प्रजापति, प्रधान आरक्षक योगेश मालवीय मौके पर पहुंच गये थे। जला हुआ शव चरकअस्पताल लाया गया। मामले में मर्ग कायम करने के बाद शाम को पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि दोपहर तक खाना खाने नहीं लौटे तो दिनेश देखने खेत पर गया था, खेत में पराली जल चुकी थी। परिजनों का यह भी कहना था कि कुछ समय पहले सिर में चोंट लगी थी उसके बाद से मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं था। एसआई प्रजापति ने बताया परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की जायेगी। फिलहाल शव अंतिम संस्कार के लिये परिजनों को सौंपा गया है।

**पडोसी के खेत तक फैली थी आग**

आशंका जताई जा रही है कि रामेश्वर ने अपने खेत में पराली जलाई थी। हवा की वजह से पडोसी के खेत तक आग पहुंच गई थी। जहां सुकले का ढेर रखा हुआ था। रामेश्वर तार फेंसिंग क्रास कर पड़ोसी के खेत में लग रही आग बुझाने पहुंचा होगा उसी दौरान गिरने से वह भी आग की लपटों में घिर गया और उठ नहीं पाया। जिसके चलते शव पडोसी के खेत में मिला है। फिलहल मामला जांच में है, जिसके पूरी होने के बाद ही घटनाक्रम की सही स्थिति सामने आ पायेगी।

### शराब दुकान के पास मिली वृद्ध की लाश

**उज्जैन।** रविवार रात 10 बजे के लगभग शराब दुकान के पास से एक वृद्ध की लाश बरामद की गई। मृतक की जेब से आधार कार्ड मिलने पर उसकी पहचान की गई है।

चिंतामण थाना पुलिस ने बताया कि राजाराम रिसोर्ट के पास शराब दुकान के सामने एक वृद्ध की लाश पड़ी होने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। आसपास के लोगों से पहचान के प्रयास किए गए लेकिन किसी ने भी मृतक वृद्ध को नहीं पहचाना। मृतक की तलाशी लेने पर उसके पास से आधार कार्ड बरामद हो गया। जिसके आधार पर लाल पिता मुन्ना राठौर निवासी आदर्श राजीव नगर हरीफाटक ब्रिज का होना सामने आया। शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंच कर परिजनों को सूचना दी गई है। आशंका जताई जा रही है कि गर्मी अधिक होने और शराब पीने की वजह से उसकी मौत हुई है। जिसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर होगा।

### उंडासा तालाब के पास युवक पर चाकू से हमला



**उज्जैन।** रविवार रात मामूली बात पर हुए विवाद में उंडासा तालाब के पास आधा दर्जन युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर घायल युवक को चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चिमनगंज थाना सहायक उपनिरीक्षक दिनेश सारोठिया ने बताया कि रात में चरक अस्पताल से सूचना मिली थी कि चाकूबाजी में घायल सुनील उर्फ भूरा पिता भगवान राठौर निवासी एकतानगर थाना नीलगंगा को कुछ लोग उपचार के लिए लेकर पहुंचे हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल के बयान दर्ज किया। इस दौरान सामने आया कि उसे पर चाकू से विनीत, लक्की, अभिषेक, सतीश और उसके साथियों ने हमला किया है। घायल के अनुसार उंडासा तालाब के पास मान का कार्यक्रम रखा गया था। हमला करने वाले भी कार्यक्रम में आए हुए थे दिन में मामूली बात पर विवाद हो गया था। देर शाम अंधेरा डालने के बाद कार्यक्रम समाप्त होने पर घर लौट रहे थे इस दौरान दिन में विवाद करने वालों ने आकर चाकू से हमला कर दिया। घटना के समय परिवार भी मौजूद था, जो अस्पताल लेकर पहुंचे हैं। हमला करने वाले जीवाजीगंज क्षेत्र के रहने वाले हैं। सहायक उपनिरीक्षक के अनुसार मामले में नामजद चार आरोपी और अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई। डॉक्टरी रिपोर्ट मिलने पर मामले में धारा का इजाफा किया जाएगा।

# स्कूटी सवार 2 बदमाशों ने तोड़ा सूने मकान का ताला

## तिरूपति डायमंड में चोरी, रैकी करते कैमरों में हुये कैद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

इंदौर-नागदा बायपास मार्ग पर शनिवार-रविवार रात चोरी की वारदात हो गई। स्कूटी से आये 2 बदमाशों के फुटेज पुलिस को मिले है। रात 1.30 बजे बदमाशों ने इंजीनियिर के मकान का ताला तोड़ा और लाखों के आभूषणों के साथ नगद राशि चोरी कर भाग निकले।

नीलगंगा थाना क्षेत्र की तिरूपति डायमंड कलोनी में विनय तंवर किराये के मकान में पत्नी के साथ निवास करते है। विनय इंदौर में इंजीनियर है और डेली अपडाउन करते है। उनकी पत्नी उज्जैन में शासकीय स्कूल की शिक्षिका है। शनिवार को दोनों इंदौर गये हुए थे, मकान पर ताला लगा हुआ था। सुबह आसपास के लोगों ने उनके मकान का ताला टूटा देखा तो विनय और उनकी पत्नी को जानकारी दी। दोपहर में दोनों उज्जैन लौटते तो घर का सामान बिखरा पाया, अलमारी का लॉक टूटा हुआ था। चोरी की खबर मिलने पर नीलगंगा थाना एसआई वेदप्रकाश साहू टीम के साथ जांच के लिये तिरूपति डायमंड कालोनी पहुंचे। बदमाशों का पता लगाने के लिये फिगंर प्रिंट टीम को बुलाया गया। विनय तंवर के अनुसार बदमाश अलमारी में रखे 2 लाख रूपये नगद और लाखों के आभूषण चुराकर ले गये है। पुलिस ने मामले में विनय की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया है।

**कैमरे में रैकी करते दिखे 2 -** बदमाश बताया जा रहा है कि पुलिस ने वारदात करने वाले बदमाशों का पता लगाने के लिये कॉलोनी में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जिसमें स्कूटी पर सवार 2 बदमाश रात डेढ़ बजे के लगभग इंजीनियर के मकान पर धावा बोलते दिखाई दिये है। यहीं नहीं बदमाशों ने कालोनी के काफी देर तक रैकी भी की और सूने मकानों की टोह ली। एक बदमाश की पीठ पर बेग लटका हुआ भी दिखा है। उनकी गतिविधियां वहां लगे कैमरों के दिखाई दी है। रात का समय होने पर उनकी स्कूटी का नम्बर स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस बदमाशों के भागने वाले मार्ग पर लगे कैमरों को खंगाल रही है।

### विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**उज्जैन।** विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपसंचालक डॉ. के. सिरवानी ने की। मुख्य अतिथि सयुक्त संचालक डॉ. व्ही के बर्वे एवं विशेष अतिथि डॉ. जी.जी. गोस्वामी रहे। म.प्र. सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष के.सी. चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष पशु चिकित्सक भोजन और स्वास्थ्य के रक्षक की थीम पर उपसंचालक कार्यालय देवासगेट के सभागार मे गरिमामय कार्यक्रम आयोजित हुआ एवं उपस्थित विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. मुकेश जैन एवं पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी संघ के प्रदेश महामंत्री आर के जोशी, जिला अध्यक्ष के.सी. चौहान ने भी संबोधित किया।

# मौसम ने बदली करवट बूंदाबांदी हुई, बादलों ने बढाई उमस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शनिवार को 43 डिग्री पहुंच चुके तापमान के बाद रविवार दोपहर को मौसम ने करवट बदल ली। आसमान बादलों से घिरा दिखाई दिया, कुछ देर बूंदाबांदी हुई। जिसके चलते शाम को उमस बड गई थी। इससे पहले शनिवार-रविवार रात न्यूनतम तापमान भी सीजन का सबसे अधिक 25.5 डिग्री दर्ज किया गया।

पिछले 2 दिनों से तापमान में तेजी दर्ज की जा रही थी। शनिवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा था और तापमान 43 दर्ज किया। रविवार सुबह 10 बजे से ही सूरज की तपन काफी तीखी महससू होने लगी थी। ऐसा लगने लगा था कि तापमान 44 डिग्री पहुंच जायेगा। लेकिन दोपहर में अचानक मौसम करवट बदला दिखाई दिया। आसमान में बादलों की मौजूदगी नजर आने लगी और सूरज ओझल सा हो गया, तभी तेज बूंदाबांदी की शुरूआत हुई। लेकिन सुबह से धरती इतनी अधिक गर्म थी कि बूंदे कुछ देर में सूख गई और उमस का वातावरण बना शुरू हो गया। शाम का उमस से घबहराट महसूस होने लगी थी। वैसे रविवार का अवकाश होने पर बाजारों में पहले ही सन्नाटा था, जिसके चलते प्रमुख मार्गो को छो? अधिकांश मार्ग सूनसान बने हुए थे। पॉश कालोनियों में सन्नाटा पसरा हुआ था। शाम को शासकीय जीवाजीराव वेधशाला पर दर्ज हुआ तापमान शनिवार के मुकाबले 0.5 डिग्री कम रहा। एक दिन पहले 43 डिग्री पहुंच चुके अधिकतम तापमान ने शनिवार-रविवार की रात भी काफी गर्म कर दी थी। जिसकी वजह से न्यूनतम में 3 डिग्री का उछाल आया और 25.5 डिग्री पहुंच गया। आर्द्रता का प्रतिशत सुबह 44 और शाम को 34 रहा।

**इंदौर-उज्जैन के बीच बारिश-** दोपहर उपरांत बादलों के डेरे ने इंदौर-उज्जैन के बीच कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश की स्थिति निर्मित कर दी। कुछ देर हुई बारिश से तात्कालिक स्थिति में तो राहत महसूस हुई लेकिन बारिश के बंद होते ही उमस ने जोर पकड लिया और गर्म जमीन से मानों भाप निकलने के हालात से परेशानी पैदा हो गई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार एंटी साइक्लोन सर्कुलेशन महाराष्ट्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में सक्रिय हुआ है। जिसके चलते मौसम में बदलाव आया है। प्रदेश के कई जिलों में एक-दो दिन बारिश हो सकती है।

### जाहिर सुचना

सर्वसाधारण को इस जाहिर सुचना द्वारा सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने रामकिशन पिता रणजीत पाटीदार जाति कुलम्बी, निवासी ग्राम बनबना तहसील नागदा जिला उज्जैन म. प्र., के स्वामित्व एवं अधिपत्य का एक किता भूखण्ड क्रमांक पुराना 192/1 जो, नगर पालिका सीमा नागदा के वार्ड नंबर 24 अंर्तगत मोहल्ला अमलावदिया रोड से अन्दर राठी जी के प्लॉट में स्थित, नागदा जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित प्लाट जिसकी लम्बाई उत्तर से दक्षिण 45 फिट व चौड़ाई पूर्व से पश्चिम 25 फिट होकर संपत्ति का कुल क्षेत्रफल 1125 वर्गफिट होकर जिसकी चर्तुसीमा इस प्रकार है कि पूर्व में अन्य की भूमि, पश्चिम में पक्ष क्रमांक एक कि भूमि, उत्तर मे विदिप्तास रियल्टी कि भूमि, व दक्षिण में आम रास्ता स्थित है व मेरे पक्षकार ने उक्त संपत्ति को क्रय कर अनुबंध पत्र कर बयाना राशि भी अदा कर दी है व उक्त भूखण्ड रामकिशन पिता रणजीत पाटीदार को उत्तराधिकारी में रजिस्टर्ड वसीयत के आधार पर अनुबंधकर्ता को प्राप्त संम्पति है व नगर पालिका के शासकीय अभिलेख में रामकिशन पिता रणजीत पाटीदार के नाम का नामंत्रण भी हो चुका है व यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त भूखण्ड के बाबत् स्वत्व सम्बन्धी, कब्जा सम्बन्धी या अन्य कोई भी विवाद हो या अन्य किसी का उक्त भूखण्ड पर कोई ऋ ण बकाया हो या किसी भी शासकीय या अर्द्धशासकिय संस्था द्वारा बंधक किया हो या मार्डगेज किया हो, या कोई लेनदारी हो या किसी भी न्यायालय में वाद विचाराधिन हो या उक्त भूखण्ड के विक्रय से किसी को कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन से पाच दिन की अवधि में सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे निम्नांकित कार्यालय में शाम 7:30 से 9:00 बजे तक पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें। अन्यथा अवधि पश्चात् शेष विक्रय राशि अदा कर मेरा पक्षकार विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेवेगा व नियत अवधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही कि जावेगी। सुचित हो। इति दिनांक 24/04/2026

**अशोक पोरवाल एडव्होकेट**
**150, जवाहर मार्ग, शेषशायी कालेज के पास नागदा जं. जिला उज्जैन मो. 9827265873**

# राजा टोडरमल ने कुछ इस तरह लिखा था मोक्षमार्ग, मां ने इस तरह पता



प्रसिद्ध विद्वान राजा टोडरमल ने अपने ग्रंथ मोक्षमार्ग के लिए दिन-रात एक कर दिया था। पूरा ध्यान पठन-पाठन और लेखन पर केंद्रित कर लिया था। उन दिनों उन्हें पता ही नहीं चला कि दिन, महीने, वर्ष कैसे बीत गए। लंबे अंतराल के बाद एक दिन वह अपनी मां के साथ भोजन करने बैठे। मां ने बड़े प्रेम से टोडरमल को सब्जी परोसी, चपातियां दीं। टोडरमल ने एक टुकड़ा खाया, दूसरा टुकड़ा खाया और वह अचानक रुक गए। मां ने पूछा, बेटा! क्या बात है? क्या आज तुम्हें सब्जी अच्छी नहीं लग रही है? टोडरमल ने सहजता से जवाब दिया, ह्यनहीं मां, ऐसी बात नहीं है। मुझे लग रहा है कि आज आप सब्जी में नमक डालना भूल गई हैं। बेटे की बात सुनकर मां हैरानी से देखने लगीं। इस पर टोडरमल ने पूछा, ह्यमां, क्या मैंने कोई गलत बात कह दी? आप मुझे इतनी हैरानी से क्यों देख रही हैं? यह सुनकर मां मुस्कराकर बोलीं, बेटा, मैं तेरे सवाल का जवाब अवश्य दूंगी। पहले मुझे यह बता कि क्या आज तेरा ग्रंथ पूरा हो गया? टोडरमल प्रसन्न होकर बोले, ह्यहां, मां! आज मेरा ग्रंथ पूरा हो गया, तभी तो मैं चैन की सांस ले पा रहा हूं। फिर बोले, लेकिन मां, तुम्हें यह कैसे पता चला कि मेरा ग्रंथ पूरा हो गया? मैंने तो अभी इस बारे में तुम्हें कुछ बताया ही नहीं। मां बोलीं, बेटा, दरअसल मैं कई दिनों से सब्जी में जान-बूझकर कुछ कमी छोड़ती थी कि इसी बहाने तुम मुझसे कुछ देर बातें कर लोगे। लेकिन तुम अपने काम में इतने मगन थे कि तुम्हें सब्जी की कमी का पता ही नहीं चलता था। सच ही कहा गया है, किसी भी काम को पूरी लगन से करना चाहिए, सफलता जरूर मिलती है। दुनिया में बड़े काम करने वाले महान लोगों ने ऐसी तन्मयता और लगनशीलता का परिचय देते हुए ही अपने लक्ष्य को हासिल किया है।



सम्पादकीय

## घरेलू सुरक्षा

घरेलू सुरक्षा के बीच नौकरों पर जरूरत से ज्यादा विश्वास करना और?उन्हें घर के सुरक्षा संबंधी काम में शामिल करना एक बड़ी चूक है जो घातक सिद्ध हो सकती है। घरेलू नौकर नियुक्ति में बहुत ज्यादा सतर्क होना जरूरी हो गया है। दिल्ली जैसे बड़े महानगर में अपराध की घटनाएं समय-समय पर समाज को झकझोर देती हैं। हाल ही में दिल्ली के कैलाश हिल्स इलाके में एक आयकर विभाग अधिकारी की बेटी की नौकर द्वारा कथित रूप से रेप के बाद हत्या की घटना ने लोगों के मन में भय और असुरक्षा की भावना को और गहरा कर दिया है। खासतौर पर जब इस तरह की घटनाओं में घरेलू नौकर या भरोसेमंद लोग शामिल पाए जाते हैं तो यह चिंता और भी बढ़ जाती है कि आखिर आम नागरिक अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करें। हम जब-जब चूकते हैं तो हादसे हो जाते हैं। मेरा मानना है कि आज के समय में शहरी जीवन जितना सुविधाजनक हुआ है, उतना ही जटिल और जोखिमपूर्ण भी बन गया है। बड़े शहरों में लोग अक्सर कामकाजी जीवन में व्यस्त रहते हैं, जिसके कारण वे घरेलू कामों के लिए नौकरों, ड्राइवरों और अन्य सहायक कर्मचारियों पर निर्भर हो जाते हैं। यह निर्भरता कई बार बिना पूरी जांच-पड़ताल के भी हो जाती है, जो आगे चलकर खतरे का कारण बन सकती है। जब कोई व्यक्ति घर के अंदर तक पहुंच बना लेता है तो वह परिवार की दिनचर्या, कमजोरियों और सुरक्षा व्यवस्था को अच्छी तरह समझ सकता है। तीन दिन पहले कैलाश हिल्स की ?दिल दहला देने वाली इस घटना ने यह सवाल खड़ा किया है कि क्या हम केवल भरोसे के आधार पर अपने घर की सुरक्षा को दांव पर लगा रहे हैं? समाज में तेजी से बढ़ती आर्थिक असमानता, बेरोजगारी और मानसिक तनाव भी अपराध के कारणों में शामिल हैं। कुछ लोग लालच, बदले की भावना या अवसर मिलने पर अपराध कर बैठते हैं। ऐसे में केवल पुलिस या प्रशासन पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है, आम नागरिकों को भी अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक और सतर्क रहना होगा। काश! कैलाश हिल्स की वारदात में नौकर राहुल का पुलिस वैरिफिकेशन किया होता तो बेटी की जान बच सकती थी। यह नौकर अलवर के पुलिस रिकॉर्ड में दुष्कर्म का आरोपी था। इस कड़ी में सबसे पहले, किसी भी घरेलू कर्मचारी को रखने से पहले उसका पुलिस वैरिफिकेशन कराना अत्यंत आवश्यक है। यह एक साधारण प्रक्रिया है लेकिन कई लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं।

### वसुधैव कुटुंबकम बनाम बटर चिकन सुनामी – दो दृष्टिकोणों का टकराव

## व्यापार की मेज से उठी सांस्कृतिक आग: मुक्त व्यापार समझौता संकट

वैश्विक संबंधों में कई बार ऐसे क्षण आते हैं जो नीतियों से अधिक भाषा के प्रभाव को उजागर करते हैं, और अप्रैल 2026 की यह घटना इसी का उदाहरण है। एक ओर न्यूजीलैंड है-लगभग 52 लाख आबादी वाला विकसित, लेकिन छोटा द्वीप राष्ट्र; दूसरी ओर भारत है-140 करोड़ से अधिक जनसंख्या वाला उभरता वैश्विक शक्ति केंद्र। वर्षों की बातचीत के बाद तैयार मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों देशों के बीच सहयोग और व्यापार विस्तार का बड़ा अवसर माना जा रहा था। परंतु इसी संवेदनशील समय में न्यूजीलैंड के मंत्री शेन जोन्स द्वारा इसे बटर चिकन सुनामी कहना केवल असहमति नहीं रहा, बल्कि इसने पूरे कूटनीतिक संतुलन को झकझोरते हुए विवाद की एक नई लहर खड़ी कर दी।



प्रो. आर.के. जैन (दैनिक अवन्तिका)

यह टिप्पणी केवल राजनीतिक असहमति नहीं थी, बल्कि उस दृष्टिकोण को दशार्ती है जिसमें व्यापारिक संबंधों को सांस्कृतिक पूर्वाग्रह से जोड़ा गया। बटर चिकन-जो भारतीय भोजन और सांस्कृतिक पहचान का वैश्विक प्रतीक है-को सुनामी जैसे विनाशकारी शब्द से जोड़ना संवेदनशीलता की कमी को उजागर करता है। इस मुक्त व्यापार समझौते के तहत न्यूजीलैंड को भारत जैसे विशाल बाजार में 95 प्रतिशत निर्यात पर शुल्क मुक्त या काफी कम पहुंच मिलने वाली थी। ऊन, मांस, वन उत्पादों और कुछ अन्य वस्तुओं पर टैरिफ घटने या खत्म होने से निर्यात बढ़ता। बदले में भारत से वस्तुओं, सेवाओं और कुशल प्रवासियों के अवसर भी खुलते। न्यूजीलैंड सरकार ने इसे एक पीढ़ी में एक बार मिलने वाला अवसर माना था।

इस बहस के केंद्र में एनजेड फर्स्ट और उसके नेता शेन जोन्स रहे, जिन्होंने इस समझौते को अनियंत्रित प्रवासन का खतरा बताया। उनका कहना था कि इससे सड़कें जाम हो सकती हैं, अस्पतालों पर दबाव बढ़ सकता है और सार्वजनिक सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। यह चिंता स्थानीय असंतोष को दशार्ती है, क्योंकि कई देशों में प्रवासन पर ऐसी चचार्एं होती रही हैं, लेकिन इसे जिस तरह प्रस्तुत किया गया, वह विवादास्पद बन गया। न्यूजीलैंड में प्रवासन पर बहस पहले से जारी है। आवास की कमी, बढ़ती जनसंख्या और सीमित संसाधन असंतोष को बढ़ाते हैं। इसके बावजूद भारतीय समुदाय वहां अर्थव्यवस्था का आधार है, जो स्वास्थ्य, आईटी, शिक्षा और व्यापार में अहम योगदान दे रहा है।

इस विवाद में सोशल मीडिया पर भारतीय समुदाय की प्रतिक्रिया ने स्थिति स्पष्ट कर दी। लोगों ने कहा-हम बटर चिकन नहीं, बल्कि डॉक्टर, इंजीनियर और उद्यमी हैं। यह उनकी सामाजिक भूमिका का प्रतिबिंब था। इस बीच क्रिस्टोफर लक्सन ने बयान को अनहेल्पफुल, अलार्मिस्ट और भ्रामक अतिरंजना बताया, लेकिन उसे खुलकर नस्लवादी कहने से परहेज किया। यह रुख उनके राजनीतिक संतुलन को दशार्ता है। वहीं लेबर पार्टी ने मुक्त व्यापार समझौते के समर्थन के संकेत दिए, जिससे स्पष्ट हुआ कि आर्थिक हित कई बार राजनीतिक मतभेदों से आगे निकल जाते हैं। यह घटनाक्रम न्यूजीलैंड की आंतरिक राजनीति में विभाजन को भी उजागर करता है।

बटर चिकन महज एक व्यंजन नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक पहचान का मजबूत प्रतीक है। जैसे पिज्जा इटली की और सुशी जापान की वैश्विक पहचान बन चुकी है, वैसे ही बटर चिकन भारत की खाद्य संस्कृति और सॉफ्ट पावर का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे में इसे सुनामी जैसे विनाशकारी शब्द से जोड़ना केवल हल्का मजाक नहीं माना गया, बल्कि इसे सांस्कृतिक असम्मान के रूप में देखा गया। कूटनीति में प्रतीकों और शब्दों की भूमिका बेहद निर्णायक होती है, क्योंकि एक शब्द, एक इशारा या एक रूपक भी देशों के संबंधों की दिशा बदल सकता है। इतिहास भी यह दिखाता है कि कई बार छोटे और असावधान बयान बड़े अंतरराष्ट्रीय विवादों की वजह बन चुके हैं।

भारत सरकार ने इस पूरे मामले पर औपचारिक रूप से कोई तीखी प्रतिक्रिया नहीं दी, जो उसकी संतुलित और परिपक्व कूटनीतिक शैली को दशार्ता है। हालांकि भारतीय मीडिया और प्रवासी समुदाय ने स्पष्ट रूप से यह संदेश दिया कि सम्मान के साथ कोई समझौता स्वीकार्य नहीं है। भारत की वसुधैव कुटुंबकम की भावना-जहां संपूर्ण विश्व को एक परिवार माना जाता है-ऐसी परिस्थितियों में और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। यह दृष्टिकोण केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि भारत की व्यवहारिक और दीर्घकालिक कूटनीति का आधार भी है।

शेन जोन्स ने बाद में अपने बयान को हाइपरबोली यानी अतिशयोक्ति बताया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि उनका उद्देश्य बहस को तेज करना और ध्यान आकर्षित करना था। लेकिन सवाल यही है-क्या राजनीतिक लाभ के लिए सांस्कृतिक संवेदनशीलता की अनदेखी सही ठहराई जा सकती है? लोकलुभावन राजनीति अक्सर डर, असुरक्षा और पहचान की चिंताओं पर आधारित होती है। प्रवासन और संस्कृति जैसे मुद्दे इसमें प्रमुख भूमिका निभाते हैं। पर जब यही राजनीति अंतरराष्ट्रीय संबंधों को प्रभावित करने लगे, तो यह गंभीर चिंता का विषय बन जाती है।

व्यापार समझौते केवल आर्थिक दस्तावेज नहीं होते, बल्कि वे आपसी विश्वास और पारस्परिक सम्मान की मजबूत नींव पर टिके होते हैं। यदि यह आधार कमजोर पड़ जाए, तो सबसे लाभकारी और दूरगामी समझौते भी प्रभावित होकर असफल हो सकते हैं। इसलिए भारत और न्यूजीलैंड दोनों को इस विवाद को टकराव नहीं, बल्कि संवाद के माध्यम से हल करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। प्रवासन नीतियों में संतुलन बनाए रखते हुए, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना और आर्थिक सहयोग को और मजबूत करना ही भविष्य के लिए सही और स्थायी मार्ग होगा।

बटर चिकन सुनामी सिर्फ एक वाक्य नहीं, बल्कि यह स्पष्ट संकेत है कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में शब्दों की शक्ति कितनी निर्णायक होती है। यह घटना बताती है कि एक टिप्पणी भी कूटनीति, व्यापार और समाज-तीनों पर गहरा प्रभाव डाल सकती है। इससे मिलने वाली सबसे बड़ी सीख यही है कि वैश्विक नेताओं को अपने शब्दों में अधिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता रखनी चाहिए। अंततः, यह तय करना दोनों देशों के हाथ में है-क्या वे इस सुनामी को विवाद की लहर बनने देंगे, या इसे सहयोग और समझ की नई धारा में बदल देंगे।

## राष्ट्रवाद का नया सैनिटाइजर

विशाल बाबू की राशन की दुकान पर मिलावट का धंधा जोरों पर था। जब मोहल्ले के लोगों ने विरोध किया, तो विशाल बाबू ने दुकान का नाम बदलकर 'अखंड भारत किराना स्टोर' रख दिया और बाहर दो बड़े लाउडस्पीकर लगवा दिए, जिन पर दिन-रात देशभक्ति के गीत बजते थे। जैसे ही कोई ग्राहक दाल में कंकड़ की शिकायत करता, विशाल बाबू जोर से चिल्लाते, क्या? इस पावन धरती की मिट्टी को आप कंकड़ कह रहे हैं? क्या आपको इस मिट्टी की खुशबू नहीं आती? आप पक्का उस पड़ोसी देश के एजेंट हैं! ग्राहक बेचारा 'देशद्रोही' कहलाने के डर से चुपचाप कंकड़ वाली दाल लेकर घर चला जाता। विशाल बाबू ने अब 'राष्ट्रवाद का सैनिटाइजर' ईजाद किया था। वे हर गलत काम के बाद तिरंगा गमछा ओढ़ लेते और सोशल मीडिया पर किसी को 'प्रमाण पत्र' बांटने लगते। उन्होंने अपनी काली कमाई को 'राष्ट्रीय चंदा' घोषित कर दिया। एक दिन सरकारी इंस्पेक्टर जांच के लिए आया, तो विशाल बाबू ने उसे 'राष्ट्रविरोधी' होने का डर दिखाया और पूछा, क्या आप इस ऐतिहासिक दुकान की पवित्रता पर शक कर रहे हैं? इंस्पेक्टर ने डर के मारे बिना जांच किए ही 'क्लीन चिट' दे दी। मोहल्ले का एक रिटायर्ड फौजी जब सच बोलने आगे आया, तो उसे 'बूढ़ा और भ्रमित' घोषित कर दिया गया। विशाल बाबू अब शहर के सबसे बड़े 'नैतिक संरक्षक' बन चुके थे। उनकी दुकान की गंदगी अब 'सांस्कृतिक धरोहर' मानी जाने लगी थी। अंत में, विशाल बाबू ने अपनी मिलावटी हल्दी को 'क्रांतिकारी चूर्ण' बताकर दोगुने दाम पर बेचना शुरू कर दिया और पूरा शहर गर्व से उसे खाकर बीमार होने लगा।

**डॉ. सुरेश मिश्रा**

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 27 अप्रैल 2026 सोमवार
सूर्योदय - 06:00 सूर्यास्त 18:49
वैशाख मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - एकादशी 18:16 उपरांत द्वादशी
नक्षत्र - पूवार्फाल्गुनी 21:19 उपरांत उत्तराफाल्गुनी
योग - ध्रुव 21:35 उपरांत व्याघात
करण - विष्टि
चन्द्रमा - सिंह में है। 27:36 पर कन्या में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 09 तारिख

**मेष-** दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**वृषभ-** विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मिथुन-** प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क-** चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

**सिंह-** आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**कन्या-** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें।

**तुला-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**वृश्चिक-** आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**धनु-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

**कुंभ-** राज्य के प्रतिनिधि सहयोग करेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है।

**मीन-** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा (भरदीवाले) 9926034545

समसामयिक

## आम से 'खास' हुए राघव, झाडू ने साथ छोड़ा, कमल ने हाथ पकड़ा

दिल्ली की राजनीति में आज वह ह्यधमाकाह्न हुआ है जिसकी गूँज से मफलर की गांठें ढीली पड़ गई हैं। आम आदमी पार्टी के 'पोस्टर बॉय' और राज्यसभा में अपनी धारदार दलीलों से सरकार को घेरने वाले राघव चड्ढा ने अब भगवा चोला ओढ़ लिया है। नितिन नवीन ने जैसे ही उन्हें मिठाई खिलाई, वैसे ही यह साफ हो गया कि राजनीति में स्वाद बदलते देर नहीं लगती। जो राघव कल तक सदन में जनहित के तीखे सवालों से सत्ता पक्ष की शुगर बढ़ा रहे थे, आज वही मिठास बीजेपी के पाले में घोल रहे हैं। दरअसल, जब किसी का कद पार्टी के सिद्धांतों से ऊँचा होने लगे, तो उसे अक्सर अनुशासन की कैंची से काटने की कोशिश होती है। राघव के साथ भी शायद यही हुआ; उनके बेबाक तेवरों ने अपनी ही पार्टी के आलाकमान को असहज कर दिया। अब सवाल यह है कि जो सवाल आप को चुभ रहे थे, क्या बीजेपी में वे फूल बनकर महकेंगे?



शुभम दुबे (दैनिक अविन्तका)

बीजेपी की रणनीति हमेशा से पारखी जौहरी वाली रही है, जो दूसरे के घर में चमकते हीरे पर नजर रखते ही अपनी तिजोरी का दरवाजा खोल देती है। राघव चड्ढा जैसा ओजस्वी और प्रखर युवा चेहरा मिलना बीजेपी के लिए किसी जैकपॉट से कम नहीं है। उधर आम आदमी पार्टी, जो कभी आम होने का दम भरती थी, अब इतनी खास हो गई है कि अपने ही सबसे काबिल सिपाही का अपमान बर्दाश्त कर गई। केजरीवाल जी को शायद डर था कि कहीं राघव का बढ़ता कद दिल्ली के तख्त की छाया को छोटा न कर दे। व्यंग्य तो देखिए, जो पार्टी व्यवस्था बदलने आई थी, वह अब अपने ही नेताओं को बदलने में जुट गई है। बीजेपी ने इस मौके को लपककर यह साबित कर दिया कि उसे खिलाड़ियों की पहचान है, और जब मैदान में छक्का मारने वाला बल्लेबाज फ्री में मिल रहा हो, तो टीम इंडिया (बीजेपी) उसे पवेलियन में बैठने नहीं देती।

राजनीतिक गलियारों में अब यह चुटकुला जोरों पर है कि आम अब इतना खट्टा हो गया है कि चड्ढा साहब को ह्यकमल की शरण लेनी पड़ी। अरविंद केजरीवाल जी को शायद लगता था कि राजनीति सिर्फ एक ही खास शख्स के इर्द-गिर्द घूमती है, बाकी सब तो बस ह्यसफाई अभियानह्न के वॉलंटियर हैं। लेकिन राघव ने यह साफ कर दिया कि जब स्वाभिमान और कद पर आंच आए, तो झाड़ू को किनारे रख देना ही बेहतर है। आम आदमी पार्टी की चिंता अब यह होनी चाहिए कि उनके पास सिर्फ टोपियां बची हैं या कुछ सिर भी रह गए हैं? बीजेपी की तो सच में बल्ले-बल्ले हो गई है, क्योंकि उन्हें एक ऐसा योद्धा मिला है जो विपक्षी भाषा को उन्हीं के लहजे में जवाब देने की महारत रखता है। अब देखना यह होगा कि राघव की तीखी जुबान बीजेपी के मंच से कितनी मीठी लगती है।

भविष्य की बात करें तो राघव चड्ढा का यह सफर किसी रोमांचक थ्रिलर फिल्म से कम नहीं होने वाला। बीजेपी उन्हें केवल एक राज्यसभा सांसद के तौर पर नहीं, बल्कि दिल्ली और पंजाब की राजनीति में एक बड़े हथियार के रूप में इस्तेमाल करेगी। जिस तरह से उन्हें मुख्य प्रवक्ता के पद से हटाया गया, वह उनके लिए अपमान का घूँट था, जिसे उन्होंने अब बीजेपी की चाशनी में घोल दिया है। केजरीवाल जी के लिए यह एक कड़ा सबक है कि आम आदमी का नाम जपने से कोई आम नहीं रहता, और जब बढ़ते कदम समझ से परे हो जाएं, तो वे अक्सर विरोधी खेमे की ओर मुड़ जाते हैं। अब राघव खास हो चुके हैं, और बीजेपी की इस बिसात पर वह कौन सी अगली चाल चलते हैं, यह देखना भारतीय राजनीति का सबसे मनोरंजक अध्याय होगा।

## पारिवारिक कलह से रिश्तों का रोज होता पतन

भारत जनसंख्या की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश है, लेकिन देश में बढ़ते अपराध-विशेषकर घरेलू और पारिवारिक हिंसा के जघन्य मामलों-में निरंतर वृद्धि होना एक सभ्य समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। आज के आधुनिक दौर में जब भी हम समाचार पत्रों या न्यूज चैनलों से रूबरू होते हैं, तो राजनीति से इतर आपराधिक घटनाओं और पारिवारिक कलह से जुड़ी खबरों का प्रतिशत लगातार बढ़ता दिखाई देता है। मीडिया द्वारा इन घटनाओं को प्रमुखता से दिखाना अब मजबूरी बन गई है, क्योंकि देश के लगभग हर धर्म, वर्ग और समाज में पारिवारिक हिंसा का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है, जो कई बार जघन्य अपराधों का रूप ले लेता है। भारत विश्व को शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश देने वाला देश माना जाता है, लेकिन विडंबना यह है कि हमारे अपने ही परिवारों में रिश्तों के बीच दूरियाँ इतनी बढ़ती जा रही हैं कि साथ बैठकर भोजन करना भी कठिन होता जा रहा है। सिर्फ भाई-भाई के रिश्ते ही नहीं, बल्कि पति-पत्नी के संबंधों में भी जिस गति से अलगाव बढ़ रहा है और उसके भयावह परिणाम सामने आ रहे हैं, वह पूरे समाज के लिए गहन चिंतन का विषय है। यह स्थिति हर धर्म, हर वर्ग और हर व्यक्ति को आत्ममंथन के लिए प्रेरित करती है।



अरविन्द रावल (दैनिक अवन्तिका)

आधुनिकता की दौड़ में हमने नई पीढ़ी को महंगी शिक्षा और भौतिक सुख-सुविधाएँ तो भरपूर दी हैं, लेकिन उन्हें सहनशीलता, धैर्य, अपनत्व, विनम्रता और परिवार को साथ लेकर चलने के संस्कार देने में हम कहीं पीछे रह गए हैं। परिणामस्वरूप, नवपीढ़ी में धैर्य और सहनशीलता का अभाव बढ़ रहा है, जो पारिवारिक कलह को जन्म देकर कई बार गंभीर अपराधों में बदल जाता है। आज कोई भी समाज या व्यक्ति यह दावा नहीं कर सकता कि वह पारिवारिक कलह से पूरी तरह मुक्त है। जो घटनाएँ आज हम समाचारों में देख-सुन रहे हैं, वे कल किसी भी परिवार की वास्तविकता बन सकती हैं। कहीं पैसों के विवाद, कहीं अवैध संबंधों की आशंका, कहीं कर्ज का दबाव, तो कहीं नशे की लत या पारिवारिक हस्तक्षेप-इन सभी कारणों से महानगरों से लेकर गाँवों तक रिश्तों का पतन तेजी से बढ़ रहा है। स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि कई बार कम उम्र और कम समझ वाले लोग भी संदेह या आवेग में आकर अपने ही जीवनसाथी की हत्या जैसे जघन्य अपराध कर बैठते हैं। वहीं, कर्ज और पारिवारिक तनाव से परेशान होकर अपने ही मासूम बच्चों की हत्या कर आत्महत्या करने की घटनाएँ भी समाज को झकझोर देती हैं।

यह भी एक कटु सत्य है कि पारिवारिक कलह अब केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तक सीमित नहीं रही। जहाँ गरीब परिवारों में इसे आर्थिक तंगी का परिणाम माना जाता है, वहीं संपन्न और भौतिक रूप से समृद्ध घरों से उठती कलह की आवाजें रिश्तों के आंतरिक विघटन की ओर संकेत करती हैं। हर दिन अवैध संबंधों की शंका और अविश्वास के चलते प्रेम, विश्वास और अपनत्व जैसे रिश्तों का गला घोंटने की घटनाएँ सामने आ रही हैं। ऐसे में समाज के हर वर्ग को पारिवारिक मूल्यों के संरक्षण और रिश्तों की गरिमा बनाए रखने के लिए गंभीरता से विचार करना होगा। यदि हम परिवार की खुशहाली, सौहार्द और विश्वास को बनाए रखना चाहते हैं, तो मजबूत और संतुलित दाम्पत्य जीवन पर सामूहिक मंथन समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है।

धर्म-आस्था

## शुभ कार्य से पहले दही-शक्कर क्यों खिलाया जाता है?

भारतीय घरों में यह परम्परा देखने को मिलती है कि जब कोई घर से बाहर कोई जरूरी काम या यात्रा करने जाता है, तो उसके काम और यात्रा को शुभ बनाने के लिए उसे दही-शक्कर खिलाया जाता है। लेकिन क्या आप इस परम्परा के पीछे छुपे वास्तु से जुड़े कारण और ज्योतिषीय कारण जानते हैं?

भारत में कई महत्वपूर्ण अवसरों पर मीठा खिलाने की परम्परा है और जब बात शुभ कार्यों की शुरूआत की होती है, तो लोग दही-शक्कर खिलाते हैं। बच्चे अगर परीक्षा देने जाएँ या कोई किसी काम की शुरूआत करने जाए, तो उन्हें बिना दही-शक्कर खिलाये बाहर नहीं भेजा जाता है। दही-शक्कर अपनों की एक मंगल कामना के साथ-साथ उनकी ऊर्जा से भी जुड़ा होता है। आम मान्यता यह है कि ऐसा करने से लोगों के जीवन में स्ट्रेस और चिंता कम होती है और मिठास व मधुरता बनी रहती है। लेकिन इन खास अवसरों पर दही-शक्कर खिलाने की यह परम्परा केवल इन्हीं कारणों तक सीमित नहीं है। वास्तु और ज्योतिष का यह मानना है कि यह परम्परा ऊर्जा-संतुलन से गहराई से जुड़ी है। कैसे, चलिए समझते हैं...



दही को हिन्दू धर्म में केवल एक खाद्य पदार्थ के रूप में नहीं देखा जाता, बल्कि इसे शुद्ध और सात्विक समझा जाता है। यही कारण है कि इसे पंचामृत में भी इस्तेमाल किया जाता है। सफेद रंग का होने के कारण ज्योतिष में दही को चंद्र ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। चंद्रमा मन और भावनाओं का कारक है। दही खाने से पेट में ठंडक रहती है, जिसका असर मन की भावनाओं पर भी पड़ता है। यह चित को स्थिर रखता है। चंद्रमा के प्रभाव से जुड़े होने के कारण यह मन और शरीर दोनों को शीतलता देता है। वहीं, शक्कर शुक्र ग्रह से जुड़ा है, जो सौंदर्य, आनंद और समृद्धि का कारक है। जब दही (चंद्र) और शक्कर (शुक्र) साथ मिलते हैं, तो घर और व्यक्ति के चारों ओर संतुलित और शुभ ऊर्जा का प्रवाह होता है। इससे लोगों का इससे आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

अगर वास्तु की बात की जाए, तो वास्तु के अनुसार किसी भी नए कार्य से पहले इसे ग्रहण करने से वातावरण में सकारात्मक कंपन उत्पन्न होते हैं, जिससे कार्य में सफलता की संभावना बढ़ती है। साथ ही दही खाने से आसपास की नकारात्मक ऊर्जा भी खत्म हो जाती है। यही कारण है कि सिर्फ बड़े ही नहीं बल्कि छोटे बच्चों को भी स्कूल जाने या परीक्षा देने से पहले उनकी मां दही-चीनी खिलाती हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,51,479 रवा- 1,51,000 चांदी- टंच- 2,50,500 पाट- 2,49,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## बिना हेलमेट बाइक चालक पर की कार्रवाई: नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

**सारंगपुर।** बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने से सडको पर दुर्घटनाओं मे अधिक जनहानि होने की आशंका बनी रहती है, जिससे आमजन की जान की सुरक्षा प्रभावित होती है। इन संभावित हादसों की रोकथाम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राजगढ अमित तोलानी के निर्देशन में सारंगपुर पुलिस द्वारा लगातार सघन वाहन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को एसडीओपी अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में सारंगपुर प्रभारी निरी. आकांक्षा हाडा एवं उनकी टीम द्वारा सारंगपुर शहर एवं प्रमुख मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुए अभी तक 16 वाहनो पर बिना हेलमेट के आवागमन करने वाले वाहनो को चिन्हित कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत चालानी कार्रवाई की गई जिसमे 4500 चालानी राशि वसूल कि गई तथा संबंधित वाहन चालकों हेलमेट पहनने की उपयोगिता बताई गई। कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एंव सीटबेल्ट लगा कर वाहन संचालित करने हेतु समझाइश भी दी गई। साथ ही स्पष्ट चेतावनी दी गई कि भविष्य में यदि कोई दो पहिया, चार पहिया वाहन बिना हेलमेट व सीटबेल्ट के पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कठोर चालानी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी सारंगपुर द्वारा बताया गया कि यह अभियान केवल चालानी कार्रवाई तक सीमित न रहकर जनजागरूकता का भी माध्यम है, ताकि वाहन चालक स्वयं नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित यातायात व्यवस्था में सहयोग करें। मौके पर मौजूद रहे एसडीओपी अरविंद सिंह ने कहा कि जो भी नियम तोड़ेगा उसके विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील करती है कि यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट, सीटबेल्ट लगाये एवं सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें।

## जनगणना केवल सिरों की गिनती नहीं भविष्य की योजनाओं का आधार - शर्मा

**सारंगपुर।** भारत सरकार की आगामी जनगणना के सुचारू संपादन के लिए स्थानीय प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। इसी



क्रम में शनिवार को तहसीलदार एवं जनगणना प्रभारी आकाश शर्मा ने नागरिकों से अपील की और प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को भी सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि जनगणना राष्ट्र के विकास की नींव है। प्रगणकों को निर्देश दिए गए कि वे घर-घर जाकर डेटा संकलन में पूरी शुद्धता रखें। गोपनीयता का भी पालन करें। इस बार जनगणना में तकनीकी नवाचारों पर जोर है। उन्होंने मोबाइल एप से डेटा प्रविष्टि, मैप्स समझना, डिजिटल फॉर्म भरने का व्यावहारिक अभ्यास करने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि प्रगणकों को प्रश्नावली के तहत परिवार के सदस्यों की संख्या, शिक्षा, आवास की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं से जुडे सवाल सही तरीके से पूछने के कौशल भी सिखाए गए है। तहसीलदार ने कहा कि जनगणना केवल सिरों की गिनती नहीं है। यह भविष्य की योजनाओं का आधार है। हर पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी है कि वह अपने अधीन ब्लॉक की मॉनिटरिंग मुस्तैदी से करे।

## विवाह पति-पत्नी के बीच विश्वास का अटूट बंधन है - राघव ऋषि

**आगर-मालवा।** कमलकुंडी अचलेश्वर महादेव मंदिर में ऋषि सेवा समिति के तत्वावधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान राघव ऋषि ने कृष्ण रुक्मणि विवाह प्रसंग और सुदामा प्रसंग के माध्यम से भक्ति, साधना और निष्काम कर्म का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि विवाह पति-पत्नी के बीच विश्वास का अटूट बंधन है। जहां विश्वास की डोर कमजोर हुई, वहां रिश्तों में भी कमजोरी आ जाती है। उन्होंने कहा मनुष्य बिना प्रयास सुख चाहता है, जबकि सच्चा सुख सही दिशा में साधना और प्रभु भक्ति से ही प्राप्त होता है। ऋषि ने कहा कि सुदामा चरित्र सिखाता है कि जो भगवान को नहीं देता। वहीं वास्तविक रूप से गरीब है। ज्ञान का उद्देश्य धन या प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि परमात्मा की प्राप्ति होना चाहिए। उन्होंने बताया कि सुदामा की पत्नी सुशीला की निष्ठा और सेवा भाव से गृहस्थ आश्रम भी संन्यास से श्रेष्ठ बन जाता है। सुदामा द्वारा अर्पित तंदुल के बदले भगवान ने उन्हें असीम समृद्धि प्रदान की। ऋषि ने कहा कि जीव यदि दो कदम भगवान की ओर बढ़ता है तो प्रभु सौ कदम आगे बढ़ते हैं। निष्काम कर्म पापों को नष्ट करता है और सच्ची भक्ति से ही मोक्ष संभव है। उन्होंने परीक्षित और शुकदेव प्रसंग के माध्यम से गुरु की आवश्यकता और पवित्र विचारों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सौरभ ऋषि ने भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। माधव बस्ती से प्रभातफेरी दल ने पहुंचकर व्यासपीठ का पूजन किया। पोथी पूजन नरेंद्र शर्मा व ब्रजेश सोनी द्वारा संपन्न हुआ। वहीं श्रद्धालुओं ने आरती में भाग लिया।

## पनवाड़ी स्कूल में 10वीं-12वीं के टॉपर, पालक सम्मानित

**पनवाड़ी।** पीएमश्री शाउमावि पनवाड़ी में बोर्ड परीक्षा 2026 में कक्षा 10वीं और 12वीं में प्रथम श्रेणी से पास विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के पालकों का भी सम्मान हुआ।कक्षा 12वीं में सोनम ने गणित संकाय में 82 प्रतिशत अंक हासिल किए। जीव विज्ञान संकाय में रेहान पठान को 78प्रतिशत अंक मिले। कला संकाय में वंदना सूर्यवंशी ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। ममता परमार को 78 प्रतिशत अंक मिले। कक्षा 10वीं में मयूरी चौहान ने 92 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में सबसे ज्यादा अंक हासिल किए। वह स्कूल की सर्वाधिक अंक पाने वाली छात्रा बनी।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

स्वास्थ्य से हो रहा खिलवाड

# शहर में 100 से 120 रूपए किलो बिक रहा आम दुकानदार 10 रूपए में बेच रहे एक ग्लास रस

### सावधान होने की जरुरत, क्योंकि जितनी ज्यादा मिलावट उतना सस्ता आम का रस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

गर्मी का दौर चल रहा है। गर्मी के सीजन में हर आम और खास व्यक्ति को प्यास ज्यादा लगती है। प्यास बुझाने के लिए लोग बाजार में सजी फ्रुट जूस और गन्नो के रस की दुकानों पर जाते हैं, लेकिन उन्हें यह नहीं पता होता है कि भीषण गर्मी में कंठ तर करने के लिए वह जो शीतल पेय ले रहे हैं, वह उनके शरीर के लिए फायदेमंद नहीं, बल्कि नुकसानदायक केमिकल युक्त धीमा जहर है। गौरतलब है की बाजार में उपलब्ध शीतल पेय पदार्थ की शुद्धता को परखने अभी तक किसी भी अधिकारी ने प्रयास नहीं किया है, जिसमें ज्यादातर जगह मैंगो जूस में कलर और केमिकल का उपयोग होते मिला दिख रहा है। कलर और केमिकल से बना मैंगो जूस बाजार में बहुत ही सस्ते दामों पर उपलब्ध है। बताते हैं कि बाजार में इस समय आम पिछले साल की तुलना महंगा है। खेरची में आम 100 से 120 रुपए प्रति किलो बिक रहा है और यह दुकानदार मैंगो जूस महज 10 रुपए प्रति गिलास के हिसाब से दे रहे हैं। आम के भाव के हिसाब से देखा जाए तो कोई भी दुकानदार 25 रुपए से कम में एक गिलास मैंगो जूस बेच ही नहीं सकता है, यदि कोई बेच रहा है तो उसमें कुछ न कुछ गडबड है।




खाद्य विभाग करें दुकानों की जांच।

### जूस में खुलेआम मिला रहे कलर

शहर के कई प्रमुख चौराहों पर जूस दुकान संचालित हो रही हैं। इन दुकानदारों के बीच तगडी प्रतिस्पर्धा है। दुकान पर मैंगो जूस के बोर्ड पर रेट लिखे हैं। मैंगो जूस 10 रुपए प्रति गिलास के हिसाब से दिया जा रहा है। मैंगो जूस के नाम पर पीले कलर का पानी, बर्फ और एक-दो टुकडे नाम के डाले जाते हैं। ग्राहक द्वारा दुकानदार से जब इस केमिकल कलर युक्त मैंगो जूस को लेकर बात की जाती है तो दुकानदार यह कलर अच्छी क्वालिटी का बताते है। इससे कोई नुकसान नहीं होता है। आम 100 से 120 रुपए प्रति किलो और मैंगो जूस महज 10 रुपए में कही न कही मिलावट जूस की आशंका को पैदा करता है।

### रेट नहीं क्वालिटी की बात करिए

बस स्टैंड नाकों पर संचालित स्थाई जूस सेंटर पर मैंगो जूस 30 रुपए प्रति गिलास में मिल रहा है। सिजनेबल व्यवसाय की दुकानों में यहां मैंगो जूस सबसे महंगा है। जबकि चौराहों पर 10 रुपए प्रति गिलास और इस दुकान पर मैंगो जूस 30 रुपए में एक गिलास मिलने को लेकर ग्राहकों द्वारा स्थाई दुकानदार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अच्छी क्वालिटी का देशी आम 150 रुपए प्रति किलो बिक रहा है, यदि 10 रुपए में एक गिलास बेचेंगे तो एक दिन में दुकान की शटर बंद हो जाएगी। यदि क्वालिटी का जूस चाहिए तो रुपए तो 30 ही लगेंगे, सस्ते में तो सिर्फ कलर मिला ठंडा पानी ही मिलेगा जो पेट खराब करेगा।

दरअसल बीते वर्षों में जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन बिक्री की जाने वाले पेय पदार्थ के आम का रस, पाइन एप्पल रस आदि के जूस सेंटर पर जाकर खाद्य एवं औषधि निरीक्षक द्वारा जूस विक्रेता के यहां रखी लगभग दो-दो टंकी में रखा हुआ 10-10 लीटर जूस का विनष्टीकरण कराया गया था जो की बहुत समय रखा हुआ लग रहा था जिसे जिसमें खराब होने की शंका लग रही थी। लेकिन उसके बाद पुनः विभाग के द्वारा इन ज्यूस सेंटरों की जांच करना उचित नहीं समझा और लोगों के स्वास्थ्य को उनके हाल पर छोड दिया।

> **कराई जाएगी जांच**
>
> फ्रूट जूस में किसी भी प्रकार की मिलावट की जा रही है तो गलत है, संबंधित अधिकारी को बोलकर जांच कराई जाएगी। लोगों के स्वास्थ्य से जुड़े मामले में तत्परता से कार्रवाई कराएंगे।
>
> **रोहित बम्होरे, एसडीएम, सारंगपुर।**

## मोयाखेड़ा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**आगर-मालवा।** गत रात हुए सड़क हादसे में 40 वर्षीय सपना माली निवासी फूल मालीपुरा आगर मालवा की मौत हो गई। वह परिवार के साथ नलखेड़ा के बड़ागांव से कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रही थी। इसी दौरान आगर-आमला मार्ग पर ग्राम मोयाखेड़ा के पास अज्ञात वाहन ने उनके वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में वाहन चला रहा उनका बेटा रोहित घायल हो गया, जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया गया। मृतिका के परिवार में दो बेटे और एक बेटी है। घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। शनिवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। जिले में सड़क दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। जनवरी से मार्च के बीच तीन माह में 63 हादसे हुए, जिनमें 32 लोगों की जान गई, जबकि 107 लोग घायल हुए। अधिकांश दुर्घटनाएं इंदौर-कोटा नेशनल हाईवे पर सामने आई हैं। इसके पीछे यातायात नियमों की अनदेखी, सड़क की खराब स्थिति और जरूरी तकनीकी सुधारों की कमी को कारण माना जा रहा है। नेशनल हाईवे पर पहले 4 ब्लैक स्पॉट थे, जो अब बढ़कर 6 हो गए हैं।

## कटर से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार पान की दुकान पर हुआ था विवाद

**सीहोर।** सीहोर जिले के बुधनी में 24 अप्रैल की रात बस स्टैंड के पास एक पान-बेकरी की दुकान पर धारदार कटर से हमला हुआ। इस घटना में छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रतीक पालीवाल को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीओपी बुधनी रवि शर्मा ने बताया कि यह घटना राकेश चौहान की पान-बेकरी की दुकान पर हुई। रेहटी निवासी अनिल चौहान (25) की रिपोर्ट पर आरोपी प्रतीक पालीवाल के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने शराब के नशे में फरियादी और उसके साथियों से विवाद किया। इसके बाद उसने जान से मारने की नीयत से धारदार कटर से हमला कर दिया। पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला के निर्देश और एसडीओपी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में रेहटी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



देवास में दो बहनों का बाल विवाह रोका

## परिवार ने टीम से की बहस, दस्तावेज में 16 और 17 साल निकली उम्र

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास के टोंकखुर्द थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने दो नाबालिग बहनों के बाल विवाह को मौके पर पहुंचकर रुकवा दिया।

जानकारी के मुताबिक दोनों बहनों की शादी 30 अप्रैल को तय थी और इसके लिए रविवार को गणेश पूजन की तैयारी भी चल रही थी। इसी बीच प्रशासन को सूचना मिली, जिसके बाद शनिवार शाम करीब चार बजे टीम गांव पहुंची और कार्रवाई शुरू की।

### दस्तावेज मांगे तो की टालमटोल

टीम ने जब परिजनों से दोनों बालिकाओं के आयु संबंधी दस्तावेज मांगे तो वे टालमटोल करने लगे। पुलिस की सख्ती और कानूनी जानकारी देने के बाद जब जांच की गई तो खुलासा हुआ कि एक लड़की की उम्र 16 वर्ष और दूसरी की 17 वर्ष है, जो विवाह की कानूनी उम्र से कम है।

### दो घंटे चली समझाइश

कार्रवाई के दौरान परिजनों ने विरोध जताते हुए शिकायतकर्ता का नाम बताने की मांग की। साथ ही उन्होंने आर्थिक नुकसान का हवाला देते हुए कहा कि वे गरीब हैं और यदि बेटियां घर छोड़कर चली गईं तो जिम्मेदारी कौन लेगा।

करीब दो घंटे तक चली समझाइश और कानूनी चेतावनी के बाद आखिरकार परिजन बाल विवाह रोकने पर सहमत हो गए। इसके बाद टीम ने मौके पर पंचनामा तैयार किया। इस कार्रवाई में महिला एवं बाल विकास विभाग के संरक्षण अधिकारी संदीप किरार, आउटरीच कार्यकर्ता विनय निधार, संस्था ह्यआसह्ण की फूल कुंवर राजपूत और टोंक खुर्द थाना पुलिस की अहम भूमिका रही।

उद्योग हित, राष्ट्र हित के संकल्प के साथ लघु उद्योग भारती ने मनाया 32वां स्थापना दिवस

## युवाओं को नए उद्योग स्थापित करने के लिए किया जा रहा प्रेरित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

उद्योग हित, राष्ट्र हित के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए देश के औद्योगिक विकास में अहम भूमिका निभाने वाले संगठन लघु उद्योग भारती की शाजापुर इकाई द्वारा अपना स्थापना दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान संगठन की 32 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डालते हुए अंचल के युवाओं को नए उद्योग स्थापित करने और स्वरोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। स्थानीय बेरछा रोड स्थित इंडस्ट्रीज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश तिवारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता किशोर प्रजापति ने की, जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिकरवार बतौर विशेष अतिथि मंचासीन रहे। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

### आजीवन सदस्यों के साथ मजबूत हुआ संगठन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने लघु उद्योग भारती की स्थापना के उद्देश्यों और आज के समय में इसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि आज अपने 32 वर्ष पूर्ण कर चुका यह संगठन देश भर में 60 हजार से अधिक आजीवन सदस्यों के साथ एक मजबूत वटवृक्ष बन चुका है। संगठन के बैनर तले देश के हर कोने में हजारों उद्योगों को विकसित करने और नवीन औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य किया जा रहा है।




कार्यक्रम में मौजूद सदस्य।

### उद्योग इकाई का किया अवलोकन

स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने आयोजन स्थल बुक इंडस्ट्रीज (किताब, कॉपी और रजिस्टर निर्माण इकाई) की कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। इस मौके पर अतिथियों द्वारा राकेश पाटीदार का पुष्पाहार से आत्मीय स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर संगठन के ज्ञान सिंह गुर्जर, अशोक पांचाल, राकेश पाटीदार, नीरज प्रजापति, सुनील पंचाल, महेश पाटीदार, दीपक प्रजापति, घनश्याम पाटीदार और उत्तम राठौर सहित अनेक सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। संचालन मालवा प्रांत के सह-सचिव सुभाष मंडलोई ने किया तथा आभार कीर्ति प्रकाश भावसार ने माना।

## राज्य सेवा-वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा, चेकिंग में जूते-मोजे उतरवाए, बोतल से हटवाए स्टीकर

**राजगढ़।** राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सख्त अनुशासन के बीच शुरू हुई। पहले सत्र में सुबह निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों का प्रवेश प्रारंभ हुआ। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था बेहद सख्त रही। प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों के जूते-मोजे उतरवाए गए। इसके अतिरिक्त, पानी की बोतलों पर लगे कंपनी के स्टिकर भी हटाए गए। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित थे, जिन्हें जांच के बाद बाहर ही जमा करा लिया गया। परीक्षा का समय नजदीक आने पर केंद्रों पर बार-बार घोषणाएं कर अभ्यर्थियों से समय पर प्रवेश करने की अपील की गई। कुछ अभ्यर्थी निर्धारित समय से लगभग 10 मिनट पहले केंद्रों पर पहुंचे, जिनकी जांच प्रक्रिया पूरी कर उन्हें आसानी से प्रवेश दे दिया गया। हालांकि, प्रशासन ने समय सीमा को लेकर सख्ती बरती। सुबह 10 बजकर 55 मिनट पर परीक्षा केंद्रों के गेट बंद कर दिए गए, जिसके बाद प्रवेश पूरी तरह रोक दिया गया। इस दौरान कुछ अभ्यर्थी दौड़ते हुए केंद्रों तक पहुंचे, लेकिन समय सीमा समाप्त होने के कारण उन्हें प्रवेश नहीं मिल सका।

## तेज धूप और लू, घरों से निकलने से बचते लोग सारंगपुर में 42 डिग्री तक पहुंचा तापमान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में शनिवार को भीषण गर्मी का प्रकोप देखा गया। अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे अधिक तापमान है। सुबह 10 बजे से ही तेज धूप और गर्मी महसूस होने लगी, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। तेज धूप और लू के कारण लोग घरों में ही रहे। शहर के प्रमुख बाजार, चौपाटी और मुख्य मार्ग, जहां सामान्य दिनों में भीड रहती है, शनिवार को सुबह से दोपहर तक सूने रहे। सडकों पर इक्का-दुक्का लोग ही दिखाई दिए, जो गर्मी से बचाव के लिए सिर और चेहरे को कपडे से ढंके हुए थे। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग बर्फ, गन्नो के रस और ठंडे पेय पदार्थों की दुकानों पर पहुंचे। इन दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें देखी गईं। वहीं, सब्जी बेचने वाली महिलाएं तेज धूप में छतरी और कपडे का सहारा लेकर बैठी रहीं, लेकिन ग्राहकों की संख्या काफी कम रही। स्थानीय कपडा व्यापारी गोकुल दंडवानी ने बताया कि इस साल की गर्मी ने पिछले कई सालों का रिकॉर्ड तोड दिया है। उन्होंने कहा कि लोग घरों से बाहर नहीं निकलना चाहते, जिससे बाजारों में ग्राहक नहीं आ रहे और व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। डॉक्टरों ने लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर न निकलने, पर्याप्त पानी पीने और धूप से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि की संभावना जताई है।



> **44 तक पहुंचेगा पारा**
>
> मौसम विशेषज्ञ ने बताया कि अगले सप्ताह से दिन का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है, वहीं रात का तापमान भी 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा सकता है।

क्षेत्र में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। बढते तापमान के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है, जिसके चलते प्रशासन ने स्कूल के संचालन समय में बदलाव किया है। अब जिले के सभी स्कूल दोपहर 12 बजे तक संचालित हो रहे है।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार बंशीलाल भंडारी पिता रणजीत सिंह निवासी ग्राम आलरी तहसील टोंकखुर्द जिला देवास के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 220 रकबा 2.133 हेक्टेयर इस तरह कुल किता 01 कुल रकबा 2.133 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम आलरी तहसील टोंकखुर्द जिला देवास भूमि को प्रतिफल राशि प्रदान कर पट्टा/किराया/लीज करने का अनुबंध किया गया है। उपरोक्त पत्तादाता की संपत्ति पर किसी व्यक्ति, शासकीय, अर्द्धशासकीय, निजी संस्था का हक, हिस्सा, कब्जा, कर्ज, डिक्री, चार्ज, मेंटेनेंस या अन्य किसी प्रकार का भार अथवा बोझ इत्यादि बकाया हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में सप्रमाण निम्नांकित पते पर सूचित करें, समयावधि पचात सदर सम्पत्ति के लीज पत्र का पंजीयन करवा दिया जावेगा व किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो।
इति दिनांक 26/04/2026
**श्याम गुर्जर (एडव्होकेट)
कोर्ट परिसर तराना
जिला उज्जैन
कार्यालय समय सुबह 10 से 5 बजे मोबा.- 89658-09867 89826-49381**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे 1 पक्षकार केशरबाई सिंह पती पन्नालाल, निवासी ग्राम बरण्डवा तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 1370/1 रकबा 0.1200 हेक्टेयर व 2 पक्षकार भगवतीबाई उर्फ भागवंताबाई पिता पन्नालाल, निवासी ग्राम बरण्डवा तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 1370/2 रकबा 1.3000 हेक्टेयर 3 पक्षकार सीताराम, राधेश्याम, राजाराम पिता उमराव निवासी ग्राम बरण्डवा तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 1369 रकबा 0.5590 हेक्टेयर व 1381/1 रकबा 0.1300 हेक्टेयर इस तरह कुल किता 3 कुल रकबा 2.1090 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम बरण्डवा तहसील तराना जिला उज्जैन भूमि को प्रतिफल राशि प्रदान कर पट्टा/किराया/लीज करने का अनुबंध किया गया है। उपरोक्त पत्तादाता की संपत्ति पर किसी व्यक्ति, शासकीय, अर्दधशासकीय, निजी संस्था का हक, हिस्सा, कब्जा, कर्ज, डिक्री, चार्ज, मेंटेनेंस या अन्य किसी प्रकार का भार अथवा बोझ इत्यादि बकाया हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में सप्रमाण निम्नांकित पते पर सूचित करें, समयावधि पचात सदर सम्पत्ति के लीज पत्र का पंजीयन करवा दिया जावेगा व किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
इति दिनांक 26/04/2026
**श्याम गुर्जर (एडव्होकेट)
कोर्ट परिसर तराना जिला उज्जैन
कार्यालय समय सुबह 10 से 5 बजे मोबा.- 89658-09867 89826-49381**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे 1 पक्षकार नितिन कुमार लोधी पिता मानसिंह लोधी, निवासी ग्राम मक्सी तहसील शाजापुर जिला शाजापुर के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 236/3 रकबा 0.690 हेक्टेयर व 239 रकबा 0.167 हेक्टेयर व 240 रकबा 0.188 हेक्टेयर व मेरे 2 पक्षकार लक्ष्मीनारायण पिता मानसिंह लोधी, निवासी ग्राम मक्सी तहसील शाजापुर जिला शाजापुर के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 237 रकबा 1.607 हेक्टेयर व 238 रकबा 0.324 हेक्टेयर व 242/1 रकबा 0.130 हेक्टेयर इस तरह कुल किता 2 कुल रकबा 2.1060 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम मक्सी तहसील शाजापुर जिला शाजापुर भूमि को प्रतिफल राशि प्रदान कर पट्टा/किराया/लीज करने का अनुबंध किया गया है। उपरोक्त पत्तादाता की संपत्ति पर किसी व्यक्ति, शासकीय, अर्धशासकीय, निजी संस्था का हक, हिस्सा, कब्जा, कर्ज, डिक्री, चार्ज, मेंटेनेंस या अन्य किसी प्रकार का भार अथवा बोझ इत्यादि बकाया हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में सप्रमाण निम्नांकित पते पर सूचित करें, समयावधि पश्चात सदर सम्पत्ति के लीज पत्र का पंजीयन करवा दिया जावेगा व किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
इति दिनांक 26/04/2026
**श्याम गुर्जर (एडव्होकेट)
कोर्ट परिसर तराना जिला उज्जैन
कार्यालय समय सुबह 10 से 5 बजे
मोबा. 89658-09867 89826-49381**

## भाजपा जनों ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात

**गुना।** हर माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को भाजपा के कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से श्रवण किया। कार्यक्रम के 133वें संस्करण का सीधा प्रसारण रविवार कैंट मंडल के बूथ क्रमांक 181, गुलाबगंज पर समस्त बूथ कार्यकर्ताओ और पदाधिकारियों के साथ उपस्थित रह कर सुना। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने देश के विकास, आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छता अभियान, युवाओं की भूमिका तथा सामाजिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि मन की बात कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक पूर्व नपा अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल देशवासियों को जोड़ता है, बल्कि उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए भी प्रेरित करता है। उनके प्रेरणादायक संदेशों ने उपस्थित सभी लोगों में नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार किया। कार्यक्रम को जिले की चारों विधानसभाओं के सभी मंडलों के अंतर्गत पोलिंग बूथों पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने विभिन्न माध्यम से श्रवण किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता बारेलाल धाकड़, मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष मोहित नामदेव, मंडल अध्यक्ष रामकुमार शर्मा, बूथ अध्यक्ष सत्येंद्र श्रीवास्तव, बूथ पर मन की बात प्रभारी रमेश नामदेव, श्रीमती ममता सेंगर जी सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## शुजालपुर में प्रतिभाओं का रंगारंग प्रदर्शन

**शुजालपुर।** नगर के श्री रामचंद्र चौबे स्मृति शिक्षा निकेतन में रविवार को क्षेत्र के विद्यार्थियों व अभिभावकों के लिए ड्राइंग एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ड्राइंग प्रतियोगिता का विषय अपना शुजालपुर रखा गया, जिसे दो वर्गों कक्षा 1 से 5 एवं कक्षा 6 से 12 में आयोजित किया गया। कक्षा 1 से 5 वर्ग में हर्षद इचोरिया ने प्रथम, मनस्वी शर्मा ने द्वितीय तथा हितार्थ देशपांडे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 6 से 12 वर्ग में रक्षित अग्रवाल प्रथम, खुशी प्रजापति द्वितीय एवं सौम्या अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे। निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय स्वच्छ भारत मिशन में समाज की भूमिका रखा गया, जिसमें दो आयु वर्ग निर्धारित किए गए। 6 से 17 वर्ष वर्ग में समृद्धि नागर प्रथम, स्मृति शाक्य द्वितीय एवं खुशी प्रजापति तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में राधा मेवाड़ा ने प्रथम एवं रुचि जैन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपने विचारों व रचनात्मकता का प्रभावी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के तहत 25 अप्रैल को संस्था में प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें समर कैंप के सभी प्रतिभागियों को अतिथियों एवं समिति सदस्यों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। समर कैंप के दौरान जयप्रकाश परमार, राजेश मालवीय, अनुष्का शर्मा एवं पल्लवी जैन ने बच्चों को विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण देकर उनका मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संस्था परिवार ने संतोष व्यक्त किया।

## ग्राम सारसी में भगवान लक्ष्मीनारायण की प्राणप्रतिष्ठा

**शाजापुर।** जिले के ग्राम सारसी में भगवान लक्ष्मीनारायण की प्राणप्रतिष्ठा पर रविवार को चल समारोह निकाला गया। इस धार्मिक आयोजन को लेकर गांव में सुबह से ही उत्साह का माहौल था। चल समारोह में भगवान लक्ष्मीनारायण की प्रतिमा को एक सुसज्जित बग्गी में विराजमान कर पूरे गांव के मुख्य मार्गों से भ्रमण कराया गया। इस दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए भगवान के जयकारे लगा रहे थे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया और पूजा-अर्चना की। महिलाओं, पुरुषों और युवाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण इस आयोजन में शामिल हुए।

## मोहम्मदखेड़ा में नि: शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर



**शुजालपुर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के तत्वावधान में ग्राम मोहम्मदखेड़ा के पंचायत भवन में नि: शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सरपंच प्रतिनिधि बापू सिंह मेवाड़ा के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में कुल 47 मरीजों की आंखों की जांच चिकित्सक डॉ. जसवंत यादव द्वारा की गई, जबकि शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच नेहा सोनी ने की। परीक्षण के दौरान 8 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। चयनित मरीजों को अगले दिन शुजालपुर मंडी से एम्बुलेंस के माध्यम से संत हिरदाराम नगर ले जाया जाएगा, जहां उनका निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर में शाखा प्रबंधक एसबीआई प्रीतम कुमार, सरपंच नरेंद्र सिंह मेवाड़ा, सेवा सदन जिला प्रभारी खुशीराम आचार्य, रमेश परमार सहित अन्य गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

# शादी वाले घर में पसरा मातम, पानी भरने गए युवक की कुंए में डूबने से मौत

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

खुशियों के माहौल के बीच उस वक्त चीख-पुकार मच गई, जब एक परिवार पर अचानक दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जिस घर के अधिकांश सदस्य शादी के जश्न में शामिल होने गए थे, वहां अब मातम का सन्नाटा पसरा है। जिले के ग्राम मोहना में पानी भरने गए 30 वर्षीय एक युवक की कुएं में गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। पैर फिसलने से हुए इस हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मोहना निवासी 30 वर्षीय पंकज पिता बंशीलाल रविवार सुबह करीब 11 बजे घर के उपयोग के लिए कुएं पर पानी भरने गया था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे कुएं में जा गिरा। तैरना नहीं आने के कारण वह पानी में डूब गया।

### अस्पताल पहुंचने तक टूट गई सांसें

घटना का पता चलते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में परिजनों और ग्रामीणों की मदद से पंकज को कुएं से बाहर निकाला गया। गंभीर हालत में उसे तुरंत मोहन बड़ोदिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे शाजापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि, जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के उपरांत पंकज को मृत घोषित कर दिया।



### मामा की बेटी की शादी में गया था परिवार

इस दुखद घटना के समय पंकज के घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। बताया जा रहा है कि मृतक के मामा की लड़की की शादी का कार्यक्रम था, जिसमें शामिल होने के लिए परिवार के अधिकांश सदस्य गए हुए थे। पंकज पीछे से पानी भरने कुएं पर गया, जहां यह हृदय विदारक हादसा हो गया।

### मिस्त्री का काम कर पालता था परिवार

मृतक पंकज पेशे से मिस्त्री का काम करता था और उसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके इस तरह अचानक चले जाने से उसकी पत्नी और दो छोटे बच्चों के सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया है। रविवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। इस घटना से पूरे ग्राम मोहना में शोक की लहर है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच 4 केंद्रों पर एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा संपन्न



**शाजापुर।** जिला मुख्यालय पर मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के लिए शहर में कुल चार केंद्र बनाए गए थे, जहां आयोग के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया गया। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए शहर के बाल कृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय, सरस्वती विद्या मंदिर और महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इन सभी केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और भारी पुलिस बल तैनात रहा। केंद्रों के प्रवेश द्वार पर ही अनुमत और वर्जित वस्तुओं की सूची चस्पा कर दी गई थी। जांच में सख्ती का आलम यह रहा कि सुरक्षा नियमों के चलते कई परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों पर बिना चप्पल के ही नजर आए। परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष के अंदर अपने साथ केवल बॉलपेन, एक पारदर्शी पानी की बोतल, ई-प्रवेश पत्र और मूल पहचान पत्र ही ले जाने की अनुमति दी गई थी। परीक्षा केंद्रों पर नकल रोकने और पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए त्रिस्तरीय नवीन जांच प्रक्रिया अपनाई गई। बाल कृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालय के वी.एस. विभूति ने बताया कि प्रवेश के दौरान सभी परीक्षार्थियों का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण किया गया और उनके प्रवेश पत्रों की स्कैनिंग की गई। इसके साथ ही हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर (एचएचएमडी) के जरिए सभी की बारीकी से तलाशी ली गई। जांच प्रक्रिया के दौरान पुरुष परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग पुरुष वीक्षकों द्वारा की गई, जबकि महिला परीक्षार्थियों की जांच के लिए अलग केबिन बनाए गए थे, जहां महिला वीक्षकों ने यह जिम्मेदारी निभाई। आयोग के निर्देशों के तहत ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों को यह विशेष विकल्प दिया गया था ।

## विपक्ष ने आधी आबादी को अधिकारों से वंचित किया

**शाजापुर।** संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संशोधन प्रस्ताव को विपक्षी दलों द्वारा गिराए जाने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने तीखा आक्रोश व्यक्त किया है। मातृशक्ति के सम्मान को लेकर स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा ने विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस पर महिलाओं के अधिकारों पर डाका डालने का आरोप लगाया। इस विश्वासघात के विरोध में आगामी 29 अप्रैल को शाजापुर में महिलाओं द्वारा एक विशाल जनाक्रोश रैली निकाली जाएगी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उज्जैन नगर निगम की सभापति एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री कलावती यादव ने कहा कि जिस दिन संसद में मातृशक्ति वंदन बिल गिरा, वह भारतीय लोकतंत्र के लिए एक काला दिन था। उन्होंने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि बिल गिरने पर कांग्रेस की नेत्रियां अट्टहास कर रही थीं, जिसका जवाब आने वाले समय में नारी शक्ति जरूर देगी। यादव ने कहा कि सुनियोजित रणनीति के तहत देश की आधी आबादी को संसद और विधानसभा तक पहुँचने से रोकना पूरी तरह अलोकतांत्रिक है। महिलाओं के लिए बुलाया जा रहा है विशेष सत्र कलावती यादव ने जानकारी दी कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 27-28 अप्रैल को एक विशेष सत्र बुला रहे हैं। इस सत्र की खासियत यह होगी कि इसमें महिला जनप्रतिनिधि ही प्रश्न पूछेंगी और सदन का संचालन भी महिला नेत्री द्वारा ही किया जाएगा। विपक्षी दलों के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए 29 अप्रैल 2026 को दोपहर 3:00 बजे शाजापुर में मातृशक्ति द्वारा एक विशाल जनाक्रोश रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली राजराजेश्वरी मंदिर से प्रारंभ होकर गांधी हॉल तक जाएगी, जहाँ यह एक विशाल आमसभा में परिवर्तित होगी। डॉ. राकेश सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और समाजसेवी महिलाएं उपस्थित थीं।

# रविवार के दिन मैदान में कलेक्टर, आपका शहर आपकी जिम्मेदारी के साथ फेस 3 पूर्ण

### गंदगी फैलाने वालों पर प्रशासन सख्त, वीडियो फोटो भेजने पर नागरिकों को मिलेगा प्रोत्साहन

दैनिक अवन्तिका » गुना



नदियों और जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सतत प्रयास जारी हैं। स्वच्छता एवं कायाकल्प अभियान के अंतर्गत गुनिया का तीसरा चरण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। आज रविवार के दिन सुबह कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम ने बड़ा पुल से लगभग डेढ़ किलोमीटर तक पैदल निरीक्षण कर वर्तमान स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर सीमित स्तर के अतिक्रमण चिन्हित हुए, जिनके संबंध में वर्षा ऋ तु से पूर्व आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए, ताकि नदी के प्राकृतिक प्रवाह एवं मूल स्वरूप को बनाए रखा जा सके। नदी किनारे कई स्थानों पर कचरे के ढेर पाए गए, जो स्वच्छता के लिए गंभीर चुनौती होने के साथ मानवजनित लापरवाही को भी उजागर करते हैं।

इस पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि नालों एवं नदी में कचरा डालना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसा करते पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, ऐसे मामलों की सूचना देने वाले जागरूक नागरिकों को प्रोत्साहित करने की भी व्यवस्था की गई है। आमजन से अपील की गई है कि कहीं भी कचरा फैलाते या डंप करते हुए व्यक्ति दिखाई दे तो उसका फोटो या वीडियो बनाकर तत्काल प्रशासन को सूचित करें, ताकि प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। सकारात्मक पहल के तहत कुछ स्थानीय रहवासियों ने स्वयं आगे आकर कचरा हटाने और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग देने की सहमति भी दी है जो इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। आगामी कार्ययोजना के तहत 30 अप्रैल को गुनिया नदी परियोजना की डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) का विभिन्न हितधारकों के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। इस डीपीआर के माध्यम से नदी के संरक्षण को एक व्यापक एवं दीर्घकालीन प्रोजेक्ट के रूप में विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। इसके साथ ही अगले रविवार से अभियान के चौथे चरण की शुरुआत प्रस्तावित है। कलेक्टर श्री कन्याल ने बताया कि इस अभियान में स्थानीय नागरिकों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है, जो इसकी सफलता का प्रमुख आधार है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि आपका शहर, आपकी जिम्मेदारी के भाव के साथ स्वच्छता में सहयोग करें, कचरा इधर-उधर न फेंकें और जल संरक्षण के महत्व को समझते हुए इस अभियान का हिस्सा बनें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अखिलेश कुमार जैन, एसडीएम गुना श्रीमती शिवानी पांडे, सीएमओ सुश्री मंजुषा खत्री, तहसीलदार जी.एस. बैरवा सहित अन्य अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# गिरफ्तार आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टे के अंतर्राज्यीय गिरोह का एक और सदस्य

दैनिक अवन्तिका » गुना

पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के कुशल नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में जुआ, सट्टा आदि अवैध एवं अनैतिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने इन गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं, तस्करों, कारोबारियों आदि के विरूद्ध निरंतर सख्त और प्रभावी कार्यवाहियां की जा रहीं हैं । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी राघौगढ़ श्रीमती दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण तथा डीएसपी आनंद राय के नेतृत्व में धरनावदा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रूहिल शर्मा और विशेष टीम द्वारा हाल ही में आईपीएल क्रिकेट मैचों पर ऑनलाईन सट्टा संचालित करने वाले अंतर्राज्यीय संगठित गिरोह का पर्दाफास किया गया था। पुलिस द्वारा इस गिरोह का फरार एक और सदस्य गिरफ्तार किया गया है।



उल्लेखनीय है कि दिनांक 22 अप्रेल 2026 की रात धरनावदा थानांतर्गत रूठियाई चौकी क्षेत्र में हाईवे पर मिडवे ट्रीट के पास एक थार गाड़ी में आईपीएल क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिलाते हुए आरोपी विकास पाटिल निवासी बलवंत नगर गुना, दिव्यांशु उर्फ शर्मा नैनो निवासी विकास नगर गुना एवं शुभम साहू उर्फ टीआई निवासी जाट मोहल्ला गुना को गिरफ्तार किया गया था।

पूछताछ में आरोपियों द्वारा एक संगठित गिरोह के रूप से ऑनलाइन आईपीएल सट्टा संचालित करना सामने आया था, जिसमें वह विभिन्न जिलों के व्यक्तियों को आईडी उपलब्ध कराकर सट्टा खिलाने का कार्य कर रहे थे। सट्टा खेलने-खिलाने के इस संगठित गिरोह में अन्य संदिग्धों के नाम भी सामने आए थे, जिन्हें भी एफआईआर में आरोपी नामजद कर पुलिस टीम द्वारा जिनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। जिनकी तलाश के क्रम में पुलिस टीम द्वारा आज गिरोह का एक और सदस्य शुभम पुत्र रविशंकर शर्मा उम्र 32 साल निवासी ग्राम गता कनारी जिला अशोकनगर हाल फ्रेण्डस कॉलोनी गुना को गिरफ्तार कर लिया है। शेष फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस की इस कार्यवाही में डीएसपी आनंद राय के नेतृत्व में धरनावदा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रूहिल शर्मा, आरक्षक ऋषीकेश शर्मा, आरक्षक सचिन तोमर, आरक्षक सत्येन्द्र गुर्जर, आरक्षक विनीत लोधी एवं साइबर सेल से आरक्षक कुलदीप यादव, आरक्षक नीलेश रघुवंशी, आरक्षक राजीव रघुवंशी, आरक्षक नवदीप अग्रवाल, आरक्षक आदित्य सिंह कौरव, आरक्षक भूपेंद्र खटीक एवं आरक्षक अभय रघुवंशी का सराहनीय योगदान रहा है।

## वरिष्ठ लेखापाल मेवाडा की ऐतिहासिक विदाई

**शुजालपुर।** शिक्षा विभाग में अपनी स्पष्टवादिता और खुशमिजाज अंदाज के लिए पहचाने जाने वाले वरिष्ठ लेखापाल लखन सिंह मेवाडा शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए। जनपद शिक्षा केंद्र शुजालपुर में आयोजित उनका विदाई समारोह किसी उत्सव से कम नहीं था। 1964 में जन्मे मेवाडा ने वर्ष 1999 से शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं प्रारंभ की थीं, जिसके बाद उन्होंने कालापीपल और शुजालपुर विकासखंड में लंबे समय तक अपनी अद्वितीय सेवाएं दीं। विदाई के इस अवसर को यादगार बनाने के लिए क्षेत्र के शिक्षकों ने मेवाडा के सम्मान में एक भव्य चल समारोह निकाला। इसके पश्चात कार्यालय परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से आए शुभचिंतकों, अधिकारियों और शिक्षकों ने उनका शाल-श्रीफ ल एवं साफ ा बांधकर भावभीना अभिनंदन किया। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी हर्षवर्धन चतुर्वेदी, सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य डॉ. रजनीश त्रिवेदी, राजेंद्र यादव, दिनेश भारद्वाज, मधु मंडलोई, अल्पना राणा, तृप्ति पाठक, अलका देशमुख, प्रमोद आदि उपस्थित रहे।

## मन की बात का सामूहिक श्रवण, शुजालपुर विधानसभा जिले में प्रथम

**शुजालपुर।** अप्रैल माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 133वां संस्करण शुजालपुर विधानसभा के प्रत्येक बूथ पर सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम के प्रभावी आयोजन और शत-प्रतिशत भागीदारी के चलते शुजालपुर विधानसभा जिले में प्रथम स्थान पर रही।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार ने ग्राम चौकी नसीराबाद के बूथ क्रमांक 223 पर आमजन के साथ बैठकर मन की बात सुनी। कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ से संगठन एप पर अपलोड भी किया गया, जिससे संगठनात्मक सक्रियता का प्रदर्शन हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से संवाद करते हुए डिजिटल जनगणना में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नागरिक स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज करें, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शीए सरल और सुगम बनेगी। साथ ही बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की अपील की। साथ ही डेयरी और न्यूक्लियर सेक्टर में भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ते कदमों को रेखांकित किया। कार्यक्रम के पश्चात मंत्री परमार ने कहा कि मन की बात केवल संवाद नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का जनआंदोलन है। जनगणना, पर्यावरण और स्वास्थ्य जैसे विषय सीधे आमजन से जुड़े हैं, जिन्हें जन-जन तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने शुजालपुर विधानसभा के कार्यकर्ताओं की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से ही क्षेत्र जिले में प्रथम स्थान पर रहा। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी एवं पूर्व पार्षद प्रवीण जोशी ने दी।

## देवनारायण चरित्र कथा 26 अप्रैल से

**शुजालपुर।** क्षेत्र में धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र बनने जा रहे देवधाम में भगवान श्री देवनारायण की भव्य चरित्र कथा का आयोजन 26 अप्रैल से 2 मई तक किया जाएगा। आयोजन प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन स्थल खेडा गुर्जर, रायपुर-पिपलोद नेवज नदी के किनारे गुलर वाले देवनारायण मंदिर परिसर में निर्धारित किया गया है। कथा के दौरान प्रतिदिन भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। 2 मई को महाआरती एवं भंडारे का आयोजन रखा गया है।

## न्यूज कॉलम



## शिवना शुद्धिकरण अभियान के 101 दिन पूर्ण, जनभागीदारी से गंदगी निकालने का क्रम जारी

**मंदसौर।** शिवना शुद्धिकरण अभियान ने सेवा और समर्पण के 101 गौरवशाली दिन पूरे कर लिए हैं। इस विशेष उपलब्धि पर रविवार को श्रमदानियों ने नदी के भीतर और किनारों से भारी मात्रा में कचरा और प्लास्टिक निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान जलकुंभी की सफाई के साथ-साथ नदी की तलहटी में जमा गंदगी को भी बाहर निकाला गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन ने अभियान की सफलता को रेखांकित करते हुए कहा कि पहले प्रदूषण और जलकुंभी से जूझ रही शिवना की स्थिति में अब व्यापक सुधार दिख रहा है। उन्होंने इसे समाज के सामूहिक सहयोग का प्रतिफल बताते हुए घोषणा की कि आगामी 1 मई को अभियान का एक वर्ष पूर्ण होने जा रहा है, जिसे ऐतिहासिक बनाया जाएगा। उन्होंने नगरवासियों से प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक श्रमदान में आहुति देने का आह्वान किया। रविवार के इस विशेष श्रमदान में हेमराज खाबिया, रमेश सोनी, बालकृष्ण पोरवाल, बालकृष्ण दवे, राकेश जैन पिंटू, गर्विश रामनानी, पंकज जैन सहित महिला नेत्री रफत पयामी, इष्टा भाचावत, सोनाली जैन, अनीता भदोरिया वर्षा धोसरिया, तरुण खिंची, राजनारायण लाड़, विकास दशोरा, रमेश ब्रिजवानी, विश्वास दुबे, संजय नाहर, अजय सोनी, राजेश फरक्या, राजेश खिंची, सादिक गौरी आदि उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री की मन की बात को भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने आमजनता के साथ किया श्रवण



**मन्दसौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 133वें एपिसोड का रविवार को जिले के विभिन्न बूथों पर गरिमामय आयोजन हुआ, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकताओं और आम जनता ने भागीदारी की। सांसद सुधीर गुप्ता ने ग्राम साबाखेड़ा के बूथ क्रमांक 37 पर ग्रामीणों के साथ कार्यक्रम सुना, जहाँ विष्णु गायरी की विशेष उपस्थिति रही। प्रधानमंत्री के उद्बोधन ने समाज के उत्थान और जनभागीदारी की प्रेरणा दी। वहीं, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने नगर के वार्ड 5 में बोहरा समाज के बंधुओं के साथ संवाद सुना और राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक परिवर्तन के महत्व को साझा किया। इस दौरान जनगणना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों को भी उपयोगी बताया गया। विभिन्न स्थानों पर आयोजित इन कार्यक्रमों में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, जिला महामंत्री शिवराज सिंह राणा, जिला उपाध्यक्ष जीवन शर्मा, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, भाजपा जिला मंत्री जगदीश गुर्जर, और आशीष गुप्ता सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने ग्राम सूंठोद में कार्यकताओं के साथ संवाद सुना, जबकि पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने वार्ड 25 के पार्षद रमेश ग्वाला एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम में शिरकत की। भानपुरा क्षेत्र में पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़ ने वर्चुअल माध्यम से कार्यकर्ताओं के साथ जुड़कर प्रधानमंत्री के विचारों का श्रवण किया। जिले के समस्त मंडलों में आयोजित इस प्रसारण के दौरान मंडल अध्यक्षों, बूथ प्रभारियों और स्थानीय नागरिकों ने सेवा, समर्पण और नवाचार की भावना को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## कांग्रेस सेवादल ने किया मासिक ध्वज वंदन



**मंदसौर।** कांग्रेस सेवादल द्वारा परंपरा के अनुसार माह के अंतिम रविवार को स्थानीय स्तर पर गरिमामय ध्वज वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रगीत वन्दे मातरम के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में सेवादल के सदस्यों ने अनुशासन की मिसाल पेश की। सेवादल के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार देवड़ा ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि सेवादल कांग्रेस की वह मजबूत रीढ़ है जिसका इतिहास देश की आजादी और नवनिर्माण से जुड़ा है। उन्होंने कार्यकताओं से सेवा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। पूर्व जिला अध्यक्ष मनजीत सिंह मनी और ब्लॉक अध्यक्ष इष्टा भाचावत ने भी संगठन के ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए इसे राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम बताया। ध्वज वंदन के इस कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील बसेर, अजय लोढ़ा, खलील शेख, राजेंद्र सेठिया, जिला उपाध्यक्ष मोहन पुरी, दशरथ राठौर, अमित छाबड़ा, सुनील गुप्ता और राजेश नाहर, महिला विंग की जिला अध्यक्ष योगिता बैरागी और वर्षा धोसरिया ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन ध्वज वाहक रमेश ब्रिजवानी ने किया तथा आभार ब्लॉक अध्यक्ष राकेश सेन सम्राट द्वारा व्यक्त किया गया।

## 44.5 डिग्री पहुंचा पारा, 8वीं तक स्कूल बंद

**रतलाम।** जिले में भीषण गर्मी, लू और 44.5 डिग्री तक पहुंचे तापमान को देखते हुए कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देश पर रविवार को नया आदेश जारी किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक लोढ़ा ने प्री-प्राइमरी से लेकर 8वीं कक्षा तक के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में 30 अप्रैल तक छुट्टी घोषित कर दी है। वहीं, कक्षा 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित समय पर ही संचालित होंगी। वर्तमान में जिले में तेज गर्म हवाओं का असर जारी है।

### वार्ड 49 में होंगे 33 लाख एवं वार्ड 47 में होंगे 48 लाख के विकास कार्य

# महापौर पटेल ने किया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम



वार्ड क्रमांक 49 में डॉ. देवीसिंह की गली ग्राउण्ड बैकलेन गलियों एवं नीमचौक, बजाजखाना बैकलेन की गलियों का सीमेन्टीकरण कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, क्षेत्रिय पार्षद एवं महापौर परिषद सदस्य श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष सोनू यादव, मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, मयूर पुरोहित, महापौर परिषद सदस्य, पार्षदगण तथा क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर किया।

महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर कहा कि वार्ड 49 में लगातार हो रहे विकास कार्यों से वार्ड आदर्श मॉडल वार्ड की ओर अग्रसर हो रहा है। वर्तमान निगम परिषद ने रतलाम में ऐतिहासिक विकास कार्य किए हैं जिससे लाभ शहर के नागरिकों को मिल रहा है। भूमि पूजन के अवसर पर महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, राजू सोनी, अक्षय संघवी, रामलाल डाबी, पार्षद हितेश कामरेड, शक्तिसिंह राठौर, योगेश पापटवाल, धर्मेंद्र रांका, श्रीमती निशा सोमानी, श्रीमती आयुषी सांखला, श्रीमती अनिता वसावा, श्रीमती हिना मेहता, श्रीमती प्रीति कसेरा, श्रीमती शबाना खान, पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र चौहान, शेरु पठान, संजय कसेरा, जयेश वसावा, राजेश माहेश्वरी के अलावा शांतिलाल उपाध्याय, मोहन चौपड़ा, राकेश मेहता, विपिन श्रीमाल, भारती पाटीदार, राजकुमार शर्मा, मयूर गांधी, राज भाई, महेश त्रिपाठी, अमित पांड्या, आशीष पाटीदार, मुकेश तिवारी, मनीष उपाध्याय, लोकेश शर्मा, राजेश व्यास, सत्यनारायण उपाध्याय, संदीप पंडित, नरेंद्र पाटीदार, अजय भंडारी सहित क्षेत्रिय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गौरव त्रिपाठी ने किया स्वागत भाषण विपिन श्रीमाल दिया तथा आभार क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती सपना गौरव त्रिपाठी ने किया।

इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 47 में कुरेशी मण्डी, मौमिनपुरा, हरीजन बस्ती व बरगुण्डो का वास में सीमेन्ट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने क्षेत्रिय पार्षद नासिर कुरेशी, पार्षदगण तथा क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर किया।

महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर बताया कि कुरेशी मण्डी में 14 लाख, मौमिनपुरा में 11 लाख, हरीजन बस्ती में 9 लाख व बरगुण्डों का वास में 14 लाख इस तरह कुल 48 लाख की लागत से सीमेन्ट कांक्रीट सड़क का निर्माण किया जायेगा।

उन्होने कहा कि नगर एवं नागरिकों के हित में नगर निगम परिषद अपना कार्य तो कर ही रही है नागरिकों का भी कर्तव्य है कि अपने घरो, दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्कीकरण कर नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भाग में डालकर नगर को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। भूमि पूजन के अवसर पर पार्षद कमरूद्दीन कचवाय, मोहम्मद सलीम बागवान, फकरूद्दीन मंसूरी के अलावा प्रदीप राठौड़, शैलेन्द्रसिंह अठाना, हेमन्त नेका सहित क्षेत्रिय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री जैन ने मुख्यमंत्री प्रदेश अध्यक्ष व वरिष्ठ नेताओं से की मुलाकात

### नई जिम्मेदारी मिलने पर दी बधाई और सक्रियता की प्रशंसा की, लगातार कर रहे प्रदेश का दौरा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम



भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन ने भोपाल और उज्जैन में प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर मार्गदर्शन प्राप्त किया और संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

विप्लव जैन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल तथा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद वी.डी. शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान सभी वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने पर जोर देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।

नेताओं ने विप्लव जैन को युवाओं के बीच संगठन को और प्रभावी बनाने तथा पार्टी की विचारधारा को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करने की प्रेरणा दी। वहीं विप्लव जैन ने भी भरोसा दिलाया कि वे पूरी निष्ठा, समर्पण और ऊर्जा के साथ पार्टी के लिए कार्य करते हुए नेतृत्व की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे।

**लगातार दौरे, कार्यकर्ताओं में उत्साह**

प्रदेश महामंत्री का दायित्व मिलने के बाद से ही विप्लव जैन प्रदेशभर में सक्रिय हैं। वे लगातार विभिन्न शहरों का दौरा कर संगठनात्मक बैठकों में भाग ले रहे हैं और युवा कार्यकताओं से संवाद स्थापित कर रहे हैं। उनके दौरों के दौरान जगह-जगह कार्यकताओं द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत किया जा रहा है, जिससे संगठन में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। कुल मिलाकर, विप्लव जैन की सक्रियता से भाजयुमो को प्रदेश में नई गति मिलने के संकेत मिल रहे हैं।

## गौ हत्या बंद हो और गौमाता को राष्ट्रीय माता घोषित किया जाए की मांग को लेकर आज रैली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम

27 अप्रैल सोमवार को सुबह 11 बजे गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत प्रमुख संत महात्माओं के नेतृत्व में गौ भक्तो और हिन्दू समाज द्वारा गौ हत्या पूरी तरह से बंद हो और गौमाता को राष्ट्रीय माता घोषित किया जाए की मांग को लेकर कालका माता मंदिर रतलाम से वाहन रैली निकाल कर तहसीलदार महोदय रतलाम को तहसीलदार कार्यालय महु रोड पर माननीय श्री प्रधानमंत्री जी, माननीय श्री राष्ट्रपति जी, माननीय श्री मुख्यमंत्री जी और माननीय श्री राज्यपाल जी महोदय को आवेदन पत्र दिया जाएगा। उक्त जानकारी श्री राधेश्याम बोदलीया, जनक नागल, ललित गोस्वामी, मुकुल सेन, कुंदन गवली, रोहित तेली, यशवंत जेठानीया, गनी शक्तावत, अनिल पांचाल, रोनी जी, धर्मेंद्र शर्मा आदि द्वारा देते हुए नगर के सभी संत महात्माओं गौभक्तों एवं हिन्दू समाज से आग्रह किया है कि दिनांक 27 अप्रैल सोमवार को सुबह 11 बजे कालका माता पर एकत्रित होकर गौ हत्या पूरी तरह बंद हो और गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित किया जाए के अभियान में शामिल होकर सहभागिता प्रदान करें

**मंदसौर की औषधीय खेती का 'ग्लोबल' आगाज**

## नाइपर अहमदाबाद के साथ हर्बल रिसर्च का बड़ा करार

**मंदसौर।** मालवांचल की उच्च गुणवत्ता वाली औषधीय फसलों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में श्री दिव्यानंद हर्बल्स प्राइवेट लिमिटेड ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (नाइपर अहमदाबाद) के साथ तीन महत्वपूर्ण हर्बल उत्पादों के विकास और शोध को लेकर औपचारिक अनुबंध किया है।

इस साझेदारी की विस्तृत जानकारी देते हुए कंपनी के निदेशक डॉ. कपिलेश दवे और अनुसंधान सलाहकार डॉ. आशीष अग्रवाल ने बताया कि यह समझौता न केवल व्यापारिक दृष्टि से बल्कि वैज्ञानिक और वैश्विक स्वास्थ्य सेवाओं के मानकों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। वर्तमान में तीन विशेष हर्बल उत्पादों पर शोध कार्य किया जा रहा है, जिनमें से दो उत्पाद बवासीर के उपचार और तीसरा बच्चों में मोटापे व चयापचय संबंधी विकारों के प्रबंधन पर केंद्रित है।

# विशेष जेल लोक अदालत में 4 प्रकरणों का निराकरण, बंदियों की हुई रिहाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निदेर्शानुसार रविवार, 26 अप्रैल 2026 को सर्किल जेल रतलाम में विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का ई-शुभारंभ केन्द्रीय जेल ग्वालियर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुआ, जिसमें माननीय मुख्य न्यायाधिपति उच्च न्यायालय जबलपुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष सुश्री नीना आशापुरे ने की। उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया।

लोक अदालत के लिए प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रामजी गुप्ता एवं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड श्री अनुपम तिवारी की दो खंडपीठ गठित की गईं। इनमें लंबित 4 समझौता योग्य प्रकरणों का निराकरण कर बंदियों को रिहा किया गया, जिससे उनके परिवारजन लाभान्वित हुए। निराकृत प्रकरणों के बंदियों को पीठासीन अधिकारियों द्वारा पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश रवीन्द्र प्रताप सिंह चुण्डावत, जिला न्यायाधीश आशीष श्रीवास्तव, नीरज पवैया (सचिव/न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण), न्यायाधीश श्री अरुणसिंह ठाकुर, जिला विधिक सहायता अधिकारी सुश्री पूनम तिवारी, जेल अधीक्षक लक्ष्मण कुमार सिंह भदौरिया, उपाधीक्षक बृजेश मकवाने, सहायक जेल अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह राणावत, चीफ एलएडीसी अभय शर्मा, अधिवक्ता अनिल शर्मा, हरीश रजक सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालेंटियर्स– श्री विजय शर्मा, श्री रोहित फतरोड़, श्री शुभ दशोत्तर एवं समस्त जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

### जनवादी लेखक संघ का कविता में स्त्री आयोजन

# कायनात की खूबसूरत इबारत है स्त्री- डॉ.पूर्णिमा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम




स्त्री सक्षम है, सबल है और संवेदनशील भी। उसकी अपनी सोच है, अपनी वैचारिकता है और अपना परिवेश। स्त्री को अबला समझने वाला समाज अब उसे सबल स्वीकार रहा है । स्त्री कायनात की सबसे खूबसूरत इबारत है। उसके होने से पूरी दुनिया में रौनक है।

उक्त विचार शिक्षाविद डॉ. पूर्णिमा शर्मा ने जनवादी लेखक संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम कविता में स्त्री की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि एक महिला दूसरी महिला का दर्द समझती है । हर महिला का अपना लोकतंत्र होता है। इसमें कहीं उपेक्षा नहीं होती। किसी की अवहेलना नहीं होती । सभी समान रूप से, भावनात्मक रूप से एक दूसरे से संबंद्ध होती हैं । स्त्री के इस लोकतंत्र को आज का पुरुष वर्ग भी स्वीकार रहा है , यही स्त्री के सशक्त होने की पहचान है।

कार्यक्रम कु मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. गीता दुबे ने कहा कि नारी को अलग-अलग नाम से और अलग-अलग भूमिकाओं से पहचाना जाता रहा है। नारी हर भूमिका में अपने आप को श्रेष्ठ साबित करती रही है। कविताओं में नारी की उपस्थिति बहुत मजबूती से हो रही है। आज की युवा पीढ़ी भी लेखन के क्षेत्र में बहुत मुस्तैदी से आगे बढ़ रही है।

कवयित्री इन्दु सिन्हा ने इस अवसर पर कहा कि स्त्री के अपने दर्द होते हैं मगर वह इन सबसे परे हटकर समाज के सामने आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करती है। वह समाज को बेहतर बनाना चाहती है इसीलिए अपने दर्द को छुपा कर मुस्कान बिखेरती है। योगिता राजपुरोहित ने कहा कि स्त्री का अपना महत्व है । वह किसी भी रूप में समाज के सामने अपना प्रबल पक्ष रखती रही है।

**महिलाओं ने किया रचना पाठ**

आयोजन में नारी विषयक कविताओं का पाठ महिला रचनाकारों ने किया । रचना पाठ करने वालों में वरिष्ठ रचनाकार पुष्पलता शर्मा, डॉ. गीता दुबे, डॉ. पूर्णिमा शर्मा,रचना चंद्रावत, पूजा चौपड़ा, इंदु सिन्हा, नीता गुप्ता, आशा श्रीवास्तव, कीर्ति पंवार, अलका तिवारी, गीता राठौर ने स्त्री विषय की रचनाओं का पाठ करते हुए नारी के विभिन्न रूपों को अभिव्यक्त किया।

**इनकी रही मौजूदगी**

कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि एवं अनुवादक प्रो. रतन चौहान, रंगकर्मी ओम प्रकाश मिश्रा , डॉ.एन. के .शाह, आई.एल. पुरोहित , सुभाष यादव, नरेंद्र सिंह डोडिया, लक्ष्मण पाठक ,प्रकाश हेमावत, कैलाश वशिष्ठ ,कीर्ति शर्मा, जवेरीलाल गोयल, हीरालाल खराड़ी, अनीस खान, आशीष दशोत्तर सहित सुधि रचनाकार मौजूद थे । कार्यक्रम का संचालन योगिता राजपुरोहित ने किया। आभार जनवादी लेखक संघ के सचिव रणजीत सिंह राठौड़ ने माना ।

**अगला आयोजन 10 मई को**

जनवादी लेखक संघ की श्रृंखला एक रचनाकार का रचना संसार के अंतर्गत शहर के वरिष्ठ रचनाकार रहे ललिता शंकर सुरोलिया की रचनाओं का पाठ एवं उन पर बातचीत 10 मई रविवार को प्रातः 11 बजे भगत सिंह पुस्तकालय शहर सराय रतलाम पर होगी। जनवादी लेखक संघ के अध्यक्ष युसूफ जावेदी जी ने शहर के सभी सुधिजनों से उपस्थित का आग्रह किया है।



## सरस्वती विहार में सुभाषचंद्र बोस मार्ग और यशोधर्मन वाटिका का लोकार्पण

**मंदसौर।** संजीत मार्ग स्थित सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान में रविवार को विकास, संस्कार और शैक्षिक उत्कृष्टता का त्रिवेणी संगम देखने को मिला। संस्थान परिसर में सैनिक स्कूल छात्रावास हेतु विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ, साथ ही सुभाषचंद्र बोस मार्ग और यशोधर्मन वाटिका का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और आचार्यों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अखिलेश मिश्रा ने कहा कि शिक्षा केवल अंकों के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण और चरित्र गढ़ने के लिए होनी चाहिए। उन्होंने अनुशासन को सफलता का वास्तविक आधार बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रकाशचंद्र धनगर ने की, जिन्होंने संस्थान की सतत प्रगति और शैक्षिक उपलब्धियों की सराहना की। इस गरिमामय समारोह में विकास बैरागी के गीतों ने वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। प्रधानाचार्य प्रवीण मिश्रा ने अतिथियों का परिचय दिया। आयोजन के दौरान विद्या भारती के प्रांत सचिव गोपाल काकानी, प्राचार्य डॉ. सरोज प्रसाद, डॉ. योगिता सोमानी, सैनिक स्कूल के प्राचार्य अविनाश चतुर्वेदी, समिति सचिव अशोक पारीख और प्रबंधक सुनील शर्मा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भोपाल में प्रांत अध्यक्ष का स्वागत संगठनात्मक मुद्दों पर हुई चर्चा



**रतलाम।** म.प्र. अजाक्स जिला शाखा रतलाम के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर लश्करी के नेतृत्व में भोपाल में प्रांत अध्यक्ष श्री संतोष वर्मा का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान संगठन की गतिविधियों और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और आगामी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष रमेश कटारिया, जिला उपाध्यक्ष आर.सी. मईडा, डॉ. बलराज सिंह चौहान तथा जिला सचिव शैलेंद्र सिंह भिड़े उपस्थित रहे।

**अधिग्रहण मुआवजे के ऐतिहासिक निर्णय से किसानों में हर्ष व्याप्त**

## मुख्यमंत्री की घोषणा पर कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप का अभिनंदन



**रतलाम।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किसानों की भूमि के अधिग्रहण पर चार गुना मुआवजा देने के ऐतिहासिक निर्णय से प्रदेश के किसानों में हर्ष की लहर है। इस निर्णय से हर्षित किसानों की ओर से रविवार को मुख्यमंत्री की घोषणा पर कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप का अभिनंदन किया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह लुनेरा के नेतृत्व में आये प्रतिनिधि मंडल ने मुआवजे के निर्णय पर सरकार को धन्यवाद भी ज्ञापित किया है। कैबिनेट मंत्री श्री काश्यप ने इस दौरान कहा कि किसान समृद्ध होंगे तो देश समृद्ध होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत 2047 की जो संकल्पना की है किसानों की उन्नति से उसे पूर्ण करने में बहुत मदद मिलेगी। इस दौरान भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री व पूर्व विधायक दिलीप मकवाना, राहुल सिंह, हंसराज छाबड़ा, दिग्विजयसिंह लुनेरा, कृष्णा शर्मा, राजु गामड़ आदि मौजूद रहे।

## आराधना निगुड़कर संघ की प्रांतीय सचिव मनोनीत

**रतलाम।** मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष विजय मिश्रा ने प्रांतीय सलाहकार दीपक सुराना व जिला अध्यक्ष शरद शुक्ला की अनुशंसा पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय रतलाम में कार्यरत जूनियर ऑडिटर आराधना निगुड़कर को संघ के प्रांतीय सचिव पद नियुक्त किया। उल्लेखनीय है कि कर्मचारी संघ की कर्मठ महिला कर्मचारी नेत्री आराधना निगुड़कर मध्य प्रदेश अधिकारी, कर्मचारी पेंशनर संयुक्त मोर्चा जिला रतलाम की जिला अध्यक्ष भी है की कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव नियुक्ति होने पर पवन पटवा, हेमंत सोनी, अशोक व्यास, राजेन्द्र त्रिवेदी, अशोक सोलंकी, शैलेन्दसिंह देवड़ा, सुनिल वर्मा, राजकुमार सिंह आंबा, जुल्फिकार अली, संजय मोदी, नविन रावल, ललित पांचाल, देवीलाल डामोर, राजेश जोशी, गणेश मालवीय, ईश्वर लाल पाटीदार, मोहनलाल गरवाल, सुभाषचंद्र शर्मा, बाणसिंह सक्तावत, प्रशांत जोशी आदिने बधाई देते हुए प्रान्ताध्यक्ष विजय मिश्रा का आभार व्यक्त किया।



## अजाक्स संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सुसनेर में भव्य सम्मान

**सुसनेर।** शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अजाक्स संगठन द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ साथियों की गरिमामयी उपस्थिति के बीच एकजुटता और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर संतोष जादमें को अजाक्स जिला अध्यक्ष, आगर मालवा तथा रविन्द्र मेड़ा को कार्यवाहक जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत कर सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान नारेबाजी और तालियों की गूंज से पूरा परिसर उत्सवमय हो गया। कार्यक्रम में संगठन के अनेक वरिष्ठ एवं सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें मांगीलाल कुलश्रेष्ठ (साहित्यकार, नलखेड़ा), जगदीश बेगाना, प्राचार्य मोहनलाल दासलानिया, दीप सिंह दलोदिया, सुरेश बामनिया, पीरूलाल बलौंदिया, देवी लाल भिलाला, रामचंद्र मालवीय, गोवर्धन लाल बंजारिया, प्रेम नारायण बंजारिया सहित कई गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि नई नियुक्तियां संगठन को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि नए नेतृत्व में अजाक्स संगठन कर्मचारी एवं सामाजिक हितों के लिए और अधिक सक्रिय भूमिका निभाएगा। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन के प्रति पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

## नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**सुसनेर।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. जी. सी. गुप्ता के निर्देशन में शनिवार को नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत शिक्षा से सशक्तिकरण विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं एवं छात्रों में शिक्षा के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनके विचारों को अभिव्यक्त करने का मंच प्रदान करना है। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त जानकारी प्रतियोगिता प्रभारी श्रद्धा पांडे एवं डॉ रेखा चंद्रपाल द्वारा दी गई।

## सकोरा अभियान चलाया गया



**तराना।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तराना इकाई द्वारा एस एफ डी के माध्यम से सकोरा अभियान चलाया गया। जिसमें विद्यालय , महाविद्यालय एवं शासकीय स्थानों पर पशु पक्षियों के लिए सकोरा लगाए गए ,जिसमें सभी प्रशासनिक अधिकारी, नागरिकगण एवं विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। जानकारी विद्यार्थी परिषद् से अभिषेक शर्मा नगर मंत्री ने दी।

## ग्राम बरखेड़ा में अनियंत्रित होकर एक कंटेनर हनुमान मंदिर में जा घुसा



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर से करीब 6 किमी दूर सुठालिया रोड स्थित ग्राम बरखेड़ा में बीती रात करीब 12 बजे बिना से देवास जा रहे एक कंटेनर अनियंत्रित होकर हनुमान मंदिर में जा घुसा। जिससे हनुमान मंदिर की छत पिलर और दीवारें क्षतिग्रस्त होकर जमीदोश हो गई। देखते ही देखते पूरा मंदिर मालवे में तब्दील हो गया मगर इसे ईश्वर का चमत्कार ही कहां जाएगा कि उक्त मंदिर में रखी हुई सभी भगवान की मूर्तियां अपने-अपने स्थान पर सुरक्षित है। तत्काल ब्यावरा शहर थाना प्रभारी और फायर ब्रिगेड की टीम घटना स्थल पर पहुंच गई। रात भर क्रेन से कंटेनर को हटाने की कोशिश की गई मगर काफी मशक्कत के बाद सुबह करीब 12 बजे कंटेनर को हटाकर उसके नीचे दबे चालक के शव को बाहर निकाला। शव को पीएम हेतु सिविल अस्पताल पहुंचाया। भगवान का यह चमत्कार है कि जिस हनुमान मंदिर की छत, दीवारें और पिलर तक ढह गए उस मंदिर में भगवान भोलेनाथ, नन्दी और हनुमानजी की मूर्तियां तथा कांच का सिंहासन पूर्णरुप से सुरक्षित है। ईश्वर के इस चमत्कार को देखने के लिए ग्रामवासियों की भीड़ जमा हो गई।

## व्यापारी के गोदाम से 23 क्विंटल पीडीएस चावल किया जब्त

**आष्टा।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना का 23 क्विंटल पीडीएस चावल शुक्रवार को आष्टा में एक व्यापारी के गोदाम से जब्त हुआ। गरीब हितग्राहियों को सस्ते दाम पर मिलने वाला चावल एक साथ गोदाम तक कैसे पहुंचा। खाद्य विभाग इस मामले में तीन बिंदुओं पर जांच कर रहा है। व्यापारी पर एफआईआर भी दर्ज हो सकती है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मृगी अग्रवाल ने कृषि उपज मंडी स्थित चेतना ट्रेडर्स के गोदाम से पीडीएस चावल जब्त कराया। चावल को सरकारी वेयरहाउस में रखवाया गया।

आज देंगे ज्ञापन, मांगें नहीं मानी तो होगा आंदोलन

# आज खाद-बीज बाजार बंद, देशभर के व्यापारी करेंगे सांकेतिक हड़ताल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

सारंगपुर के खाद, बीज और कीटनाशक व्यापारियों ने 27 अप्रैल को एक दिवसीय सांकेतिक हडताल का आह्वान किया है। यह हडताल महाराष्ट्र में चल रहे आंदोलन के समर्थन में की जा रही है, जहां माफडा संगठन ने 27 अप्रैल से अनिश्चितकालीन बंद का ऐलान किया है। इस राष्ट्रीय आंदोलन को व्यापक समर्थन मिल रहा है। ऑल इंडिया एग्री इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन कलंत्री के नेतृत्व में हुई एक बैठक में देश के सभी राज्यों के पदाधिकारियों ने भाग लिया था। इसमें सर्वसम्मति से महाराष्ट्र के व्यापारियों के समर्थन में पूरे देश में हडताल का निर्णय लिया गया।



सारंगपुर में आज हड़ताल करेंगे दुकानदार।

**एसडीएम के जरिए केंद्र को देंगे ज्ञापन**

सारंगपुर के उर्वरक व्यापारी आदित्य उपाध्याय ने बताया कि एसडीएम के जरिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उर्वरक रसायन मंत्री जे. पी. नड्डा के नाम का ज्ञापन दिया जाएगा। व्यापारियों की प्रमुख मांगों में उर्वरक कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाना शामिल है। उनका कहना है कि कंपनियों द्वारा लागू 'टैगिंग प्रणाली से उन्हें भारी परेशानी हो रही है, जिसे तत्काल समाप्त किया जाना चाहिए।

डीलर मार्जिन 8 फीसदी करने की मांग, आंदोलन जारी

इसके अलावा, डीलर मार्जिन को न्यूनतम 8 प्रतिशत करने की मांग भी उठाई गई है, ताकि व्यापारियों को आर्थिक स्थिरता मिल सके। व्यापारियों का कहना है कि यह आंदोलन केवल उनके हितों के लिए नहीं, बल्कि पूरे कृषि क्षेत्र की बेहतरी के लिए है। साथ ही संगठन के पदाधिकारियों कहा कि वे अपने जिलों, तहसीलों एवं गांव स्तर पर बैठक आयोजित कर इस हडताल को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार करें। अधिक से अधिक व्यापारियों को इस आंदोलन से जोडने के प्रयास किए जाएं।

व्यापारी उपाध्याय ने कहा कि यदि सरकार द्वारा व्यापारियों की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जा सकता है।

**महिदपुर**

खाद, बीज और कीटनाशक व्यापारियों के राष्ट्रीय संगठन के आहवान पर 27 अप्रैल को देशभर में कृषि आदान व्यापारी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान खाद-बीज की दुकानों को बंद रखकर तहसील, विकासखंड और जिला मुख्यालयों पर जुलूस निकालते हुए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे। संगठन के नरेश पालीवाल ने बताया कि व्यापारियों की समस्याओं को लेकर लंबे समय से राज्य और केंद्र सरकार के स्तर पर बातचीत की जा रही है, लेकिन अब तक ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। इसी के विरोध में महाराष्ट्र राज्य संगठन (माफड़ा) ने 27 अप्रैल से अनिश्चितकालीन बंद का ऐलान किया है, जिसके समर्थन में अन्य राज्यों में एक दिन की प्रतीकात्मक हड़ताल की जा रही है। राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय रघुवंशी के अनुसार प्रमुख मांगों में उर्वरकों पर डीलर मार्जिन को वर्तमान डेढ़ प्रतिशत से बढ़ाकर न्यूनतम 8 प्रतिशत करने, रिटेलर के गोदाम तक उर्वरकों की आपूर्ति (एफओआर) सुनिश्चित करने, सैंपल फेल होने पर निमार्ता कंपनियों पर कार्रवाई और व्यापारी को गवाह के रूप में शामिल करने जैसी मांगें शामिल हैं।

दिगम्बर जैन संतो से कामधेनु गोअभ्यरण्य सालरिया के संत रविंद्रानन्द जी ने की भेंट

# गो सम्मान आव्हान अभियान को सफल बनाने के लिए दिया आशीर्वाद

**संतों ने कहा- संत शक्ति से जनशक्ति जागृत होंगी, गो माता के लिए सबका एक होना है जरूरी**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने के पावन उद्देश्य से गो सम्मान आव्हान अभियान के माध्यम से जनजागृति का पुनीत कार्य संत समाज द्वारा किया जा रहा है। इस निमित्त शनिवार को आचार्य श्री विद्या सागर जी के सुशिष्य मुनि श्री श्रमण सागर जी व मुनि श्री ओंकार सागर जी महाराज से श्री कामधेनु गोअभ्यरण्य सालारिया के संत रविंद्रानंद जी महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर सुसनेर पहुँचकर भेंट की व उनके दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर अभियान को सफल बनाने के सम्बंध में चर्चा की। इस अवसर परद्वय मुनिराज को गोमाता की मूर्ति व प्रतिक चिन्ह भेंट किये। सकल जैन समाज द्वारा संत रविंद्रानंद जी महाराज का तिलक लगाकर माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।



जैन संतों से भेंट करते संत रविन्द्रानंदजी।

मुनि श्री श्रमण सागरजी ने कहा कि आपका अभियान निश्चित ही सफल होगा। हमारा दोनो हाथों से हृदयपूर्वक आशीर्वाद है। गाय अहिंसा की कविता है। अहिंसा धर्म का मूल है। सन्त शक्ति से ही जनशक्ति जागृत होंगी। सभी संतो का साथ ही वसुदेव कुटुंबकम है। आपके इस आव्हान में जैन समाज का तन,मन,धन से पूर्ण सहयोग है। उन्होंने बताया कि आचार्य श्री ने भी गो संवर्धन के लिए समाज के सहयोग से कई प्रकल्प चलाए है।

संत रविंद्रानंद जी महाराज ने बताया कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित कराने, गो वध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और गाय को राष्ट्र पशु का दर्जा दिलाने के उद्देश्य सभी धर्म व समाज के संतो के सहयोग से जनजागरण का कार्य किया जा रहा है।

**राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे**

गो सम्मान आव्हान अभियान अंतर्गत 27 अप्रैल सोमवार को खेड़ापति हनुमान मंदिर मठ से संकीर्तन प्रार्थना पदयात्रा नगर भ्रमण कर स्थानीय विश्राम गृह पर माननीय राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रशासन को सौंपा जाएगा। अभियान की तहसील प्रभारी वर्षा राठौर ने नगर बन्द रख अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान सभी जन से किया है। इस अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारी एव समाजजन मौजूद रहे।

टीआई धाकड़ की धाकड़गिरी....

## रक्षक ही बने भक्षक - बिना वारंट घर में घुसी पुलिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के ब्यावरा से एक मामला सामने आया है, जहां कानून के रक्षक ही कानून को ताक पर रखते हुए नजर आ रहे हैं। आरोप है कि ब्यावरा सिटी थाने के टीआई वीरेंद्र धाकड़ अपनी टीम के साथ बिना किसी सर्च वारंट के एक महिला के घर में जबरन घुस गए। इतना ही नहीं, पूरे घटनाक्रम के दौरान मौके पर एक भी महिला पुलिसकर्मी मौजूद नहीं थी, जो सीधे तौर पर नियमों की अनदेखी मानी जा रही है। महिला द्वारा बनाए गए वीडियो में साफ सुनाई दे रहा है कि किस तरह टीआई और उनकी टीम परिवार को डराने-धमकाने का काम कर रही है। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है हालकि वायरल वीडियो 2-3 दिन पहले का बताया जा रहा है जिसे पीड़िता के द्वारा सोशल मिडिया पर वायरल किया गया है, वायरल वीडियो मे किसी तरह ब्यावरा थाना के टीआई धाकड़ अपनी धाकड़गिरी दिखा रहे है मामला अंकित और मांगीलाल के बीच किसी आपसी पैसे के लेन देन का बताया जा रहा है पैसे वापस लौटाने के लिए टीआई किसी तरह नियमों को ताक पर रखकर पीडितो को दबाया डराया जा रहा है सवाल बड़ा है कि जब कानून के रखवाले ही कानून तोड़ने लगें, तो आम जनता आखिर किस पर भरोसा करे? फिलहाल, इस पूरे मामले पर पुलिस विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन वीडियो ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है और निष्पक्ष जांच की मांग तेज हो गई है।

## बालगढ़ में खाली प्लाट में लगी भीषण आग

**देवास।** बालगढ़ रोड स्थित एक खाली प्लॉट में शनिवार रात भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि इसकी लपटें आसपास की दुकानों और गुमटियों तक फैलने का खतरा पैदा हो गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। दमकल के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने बाल्टियों और बोरिंग के पानी से आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया था। नगर निगम की दमकल टीम तुरंत मौके पर पहुंची। फायर कर्मियों ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान दो फायर ब्रिगेड गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया। नगर निगम के असिस्टेंट फायर ऑफिसर प्रतीक शर्मा ने बताया कि समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया, जिससे आसपास की कई दुकानें चपेट में आने से बच गईं और एक बड़ा हादसा टल गया।

# प्रतिभाभावन छात्र- छात्राओं का हुआ सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

स्थानीय श्री दर्शन सागर दिगंबर जैन ज्ञान मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल सुसनेर में विद्यालय के प्रतिभावान भैया/ बहनों का सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया।





सुसनेर में प्रतिभा भावन छात्र छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि।

कार्यक्रम की शुरूआत कैलाशचंद जैन खजांची अध्यक्ष, भूपेंद्र सावला उपाध्यक्ष, दिनेश जैन कोषाध्यक्ष, अशोक जैन मामा त्रिमूर्ति अध्यक्ष, कैलाशचंद जैन, रामनारायण राठौड़ के द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात सरस्वती वंदना सुनीता जैन द्वारा एवं मंगलाचरण आयुष जैन के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम मैं पधारे सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय परिवार द्वारा किया गया।

इसके पश्चात क्रमशः कक्षा नर्सरी से 12वीं तक प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर अपना परचम लहराने वाले एवं अन्य भैया, बहनों का स्वागत सम्मान प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस वर्ष की बोर्ड कक्षाओं में कक्षा पांचवी से बहन अंशिका जैन 88% प्रथम स्थान एवं बहन रूही प्रजापत 85% द्वितीय स्थान, कक्षा आठवीं से बहन सिया बगड़ावत 86% प्रथम स्थान एवं भैया देवराज राठौड़ 85% ने द्वितीय स्थान, कक्षा दसवीं में बहन स्वस्ति जैन 95% प्रथम स्थान एवं बहन हिमानी जैन 93% द्वितीय स्थान, कक्षा 12वीं में बहन रितिक जैन 92% प्रथम स्थान एवं बहन प्रज्ञता जैन 90% द्वितीय स्थान विशेष आकर्षण के केंद्र रहे। संचालन प्रतिक राठौर के द्वारा किया गया।

# नरवाई जलाने वाले किसानों से 42,500 रुपये जुर्माना लगाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

नरवाई जलाने वाले किसानों पर अब सख्त कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। तहसील मुख्यालय सहित जिलेभर में गेहूं की फसल की कटाई के बाद नरवाई जलाने से रोकने के लिए प्रशासन द्वारा रोक लगाए जाने का आदेश जारी किया गया था, लेकिन इसके बाद भी नरवाई जलाने वाले किसानों पर जुमार्ना और एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है।



नरवाई जलाने पर हुई कार्रवाई।

सारंगपुर में 13 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। जबकि जिले में 222 मामलों की जानकारी सामने आई है। ऐसे सभी किसानों पर कार्रवाई की जा चुकी है।

तहसीलदार आकाश शर्मा ने बताया कि कार्रवाई के लिए सभी पटवारियों को निर्देश दिए गए हैं कि नरवाई जलाने वालों का रिकॉर्ड तैयार कर किसानों के नाम और खसरा सहित प्रस्तुत करें। ऐसे किसानों के खिलाफ जुमार्ना सहित अन्य कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी के मुताबिक किसानों को पहले ही नरवाई न जलाने की समझाइश दी गई थी, अब ऐसे किसानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अप्रैल माह में 1 से 23 अप्रैल के बीच पराली जलाने के 13 मामलों सामने आए। तहसील में किसानों पर 42500 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है तथा एक किसान पर एफआइआर दर्ज की गई है।



## बोडा पुलिस की अवैध शराब विक्रेता के विरुद्ध कार्यवाही

**73 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब जप्त, आरोपी गिरफ्तार**

**ब्यावरा।** जिला राजगढ़ में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में लगातार अभियान चलाया जा रहा। इसी क्रम में एसडीओपी नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला के नेतृत्व में थाना बोडा पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही की। सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गुलखेड़ी में स्कूल के पीछे एक व्यक्ति अवैध शराब का विक्रय कर रहा। सूचना पर कार्यवाही करते हुए थाना बोडा पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी। दबिश के दौरान आरोपी अनिल पिता लाखन सासी निवासी ग्राम गुलखेड़ी को पकड़कर उसके कब्जे से 73 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब कीमत लगभग 57,800 रु. जप्त की। आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

## आज स्वर्णगिरीराज की परिक्रमा



**उन्हेल।** श्रीकृष्ण सुदामा की मित्रता के साक्षी पर्वत स्वर्णगिरिराज की परिक्रमा एकादशी के पावन पर्व पर सोमवार को निकलेगी, इस परिक्रमा में श्रद्धालुओं को यजुर्वेदाचार्य पंडित संतोष कैलाश गुरु (ग्रांड विक्ट्रीस अवार्ड मुम्बई विजेता) गौ आशीर्वाद नर्मदा आश्रम,अवंतिका नगरी उज्जैन का सानिध्य प्राप्त होगा, परिक्रमा का प्रारंभ सोमवार को प्रातः 9 बजे स्वर्णगिरिराज का अभिषेक पूजन एवं ध्वजारोहण के पश्चात होगा, परिक्रमा पूर्वमुखी वीर हनुमान मंदिर आक्याधांगा, विद्या टेकरी पुराना बांध, श्री राम बालाजी धाम मऊ एवं कृष्णसुदामा धाम नारायणा होते हुए स्वर्णगिरी धाम चिरमिया पहुंचेगी, 11 किलोमीटर की इस परिक्रमा में हजारों श्रद्धालु सम्मिलित होकर मार्ग में जगह-जगह ग्रामीण जनों द्वारा श्रद्धालुओं हेतु फलाहारी और पानी की विशेष व्यवस्था रहेगी, इस दिन रणाहेड़ा के ग्रामीण भक्तोंजनो द्वारा स्वर्णगिरी धाम में भंडारा का आयोजन भी होगा।

**अंबेडकर सम्मान संगोष्ठी, बच्चों को सम्मान**

## केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने बाबा साहब के विचारों पर जोर दिया



**बदनावर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़े के तहत बदनावर विधानसभा क्षेत्र के तिसगांव में भाजपा की ओर से एक सम्मान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित इस संगोष्ठी की मुख्य वक्ता केंद्रीय राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद सावित्री ठाकुर थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने की। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा, डॉ. भीमराव अंबेडकर संगोष्ठी के जिला संयोजक विपिन राठौर और सह संयोजक राकेश चौहान व डॉ. बलबहादुर सिंह सहित कई अन्य भाजपा नेता और स्थानीय जनप्रतिनिधि मंचासीन थे। संगोष्ठी का शुभारंभ डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के गायन के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में मेधावी बच्चों को भी सम्मानित किया गया। केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान के निर्माण के माध्यम से देश को एक सशक्त लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया। उन्होंने सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की नींव रखी, जो आज भारत की लोकतांत्रिक मजबूती का आधार है। ठाकुर ने आगे कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और आत्मसम्मान की प्रेरणा देता है। उनके विचार समाज को एकजुट करने और भेदभाव मिटाने का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने जोर दिया कि बाबा साहब के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने आज तहसीलदार को सौंपा जाएगा ज्ञापन

**महिदपुर।** श्री श्री 1008 महंत पूणार्नंद जी भारती ने भी सभी गौ भक्तों से इस आंदोलन से जुड़ने का आह्वान किया। एवं बताया कि गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत क्षेत्र में गौ संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर गौ भक्तों द्वारा विभिन्न मांगें उठाई गई हैं। गौ भक्तों की ओर से प्रमुख मांग रखी गई कि गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए, गौ रक्षा हेतु सख्त केंद्रीय कानून बनाया जाए तथा पूरे भारतवर्ष में गौ हत्या को पूर्णतः समाप्त किया जाए। इसके साथ ही गौ आधारित अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने हेतु गोबर एवं गोमूत्र पर अनुसंधान के लिए विश्वविद्यालय स्थापित करने, गौ उत्पादों को बढ़ावा देने, प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना करने तथा रासायनिक खेती को नियंत्रित कर गौ आधारित प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने की मांग की गई। सरकारी भवनों एवं अस्पतालों में गोबर पेंट एवं गौ आधारित उत्पादों के उपयोग तथा आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में पंचगव्य औषधियों के निःशुल्क वितरण की भी बात सामने रखी गई। आज 27 अप्रैल, सोमवार को तहसील मुख्यालय पर गौ भक्तों द्वारा माननीय राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम प्रार्थना पत्र (ज्ञापन) तहसीलदार को सौंपा जाएगा।



## अटल पेंशन योजना में दोगुनी धनराशि संभव

एजेंसी ▸▸ दिल्ली

सरकार ह्यअटल पेंशन योजनाह्न (एपीवाई) के तहत मिलने वाली मासिक पेंशन की सीमा को दोगुना करने पर विचार कर रही है। अभी तक इस योजना के तहत अधिकतम 5,000 रुपये महीने की पेंशन मिलती है, जिसे बढ़ाकर 10,000 रुपये किया जा सकता है।

वित्त मंत्रालय और पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के बीच इस प्रस्ताव पर चर्चा चल रही है। सरकार लंबे समय से चली आ रही मांग को मानते हुए पेंशन की सीमा बढ़ाने पर विचार कर रही है। सूत्रों का कहना है कि नई सीमा 8,000 से 10,000 रुपये प्रति माह तक हो सकती है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य योजना को बढ़ती महंगाई के अनुरूप आकर्षक बनाना और उन लोगों को वापस जोड़ना है, जिन्होंने बीच में ही निवेश बंद कर दिया है। वित्त वर्ष 2025-26 में इस योजना में 1.35 करोड़ से अधिक नए नामांकन हुए हैं, जो अब तक का रिकॉर्ड है, और कुल सदस्यों की संख्या 9 करोड़ के पार पहुंच गई है। लेकिन बड़ी समस्या यह है कि लगभग आधे लोग बीच में ही योगदान देना बंद कर देते हैं। असंगठित क्षेत्र में आय की अनिश्चितता के कारण लोग नियमित भुगतान नहीं कर पाते, जिससे योजना का लाभ अधूरा रह जाता है। इसी वजह से सरकार पेंशन राशि बढ़ाने पर विचार कर रही है।

**पहले भी अंशदान :** जना के शुरूआती वर्षों में सरकार ने 31 मार्च 2016 से पहले नामांकन कराने वाले ग्राहकों को सह-योगदान दिया था। यह सह-योगदान ग्राहक के योगदान का 50% था, जो प्रति वर्ष अधिकतम 1,000 रुपये तक सीमित था। यह लाभ वित्त वर्ष 2016 से 2020 तक पांच वर्षों के लिए उपलब्ध था।

### चौथी तिमाही में रेवेन्यू 13 प्रतिशत बढ़कर 2.98 लाख करोड़ रुपए पहुंचा

# रिलायंस का मुनाफा 13 प्रतिशत गिरकर 16,971 करोड़ रुपए रहा

एजेंसी ▸▸ दिल्ली



रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे जारी कर दिए हैं। कंपनी का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 13% घटकर 16,971 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में प्रॉफिट ?19,407 करोड़ था।

हालांकि, इस दौरान कंपनी का रेवेन्यू 13% बढ़कर 2.98 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया है। एक साल पहले की समान तिमाही यानी जनवरी-मार्च 2025 में 2.64 लाख करोड़ रुपए रहा था। रिलायंस के बोर्ड ने 6 प्रति शेयर डिविडेंड यानी लाभांश की सिफारिश भी की है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने नतीजों पर कहा कि पूरे वित्त वर्ष 2026 के दौरान हमें भू-राजनीतिक बाधाओं, ऊर्जा की अस्थिर कीमतों और बदलते ग्लोबल ट्रेड पैटर्न का सामना करना पड़ा। इन चुनौतियों का असर दुनिया भर के बिजनेस पर पड़ा है। हालांकि, हमारे मजबूत पोर्टफोलियो और घरेलू बाजार पर पकड़ की वजह से हम अस्थिरता से निपटने में सफल रहे।

मुकेश अंबानी ने जियो के आईपीओ को लेकर कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हम जियो प्लेटफॉर्म्स की लिस्टिंग की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं। अंबानी ने आगे कहा कि जैसे-जैसे कंपनी अपना विस्तार करेगी, यह लिस्टिंग एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

चौथी तिमाही में रिलायंस के मुनाफे में 13% की गिरावट की वजह कंपनी के ऑयल-टू-केमिकल्स और ऑयल एंड गैस बिजनेस पर पड़ा दबाव है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, माल ढुलाई और इंश्योरेंस खर्चों में बढ़ोतरी ने मार्जिन कम कर दिया। विंडफॉल टैक्स का भी असर पड़ा।

### रिलायंस रिटेल

ईशा अंबानी की लीडरशिप वाली रिलायंस रिटेल ने चौथी तिमाही में स्थिर प्रदर्शन करते हुए 3,563 करोड़ का नेट प्रॉफिट दर्ज किया है। ये पिछले साल के मुकाबले 0.5 प्रतिशत ज्यादा है। इस दौरान कंपनी का रेवेन्यू 11.1 प्रतिशत बढ़कर 87,344 करोड़ पर पहुंच गया। इसका रजिस्टर्ड कस्टमर बेस 10.9 प्रतिशत की ग्रोथ के साथ 38.7 करोड़ हो गया है। इस तिमाही में 333 नए स्टोर्स खुलने के साथ ही कुल स्टोर्स की संख्या अब 20,160 हो गई है। जियोस्टार ने 9,784 करोड़ रुपए का रेवेन्यू दर्ज किया है। टेलीविजन मार्केट में इसकी हिस्सेदारी 34.2 प्रतिशत रही और यह 81 करोड़ दर्शकों तक पहुंचा। डिजिटल प्लेटफॉर्म जियोहॉटस्टार के मंथली एक्टिव यूजर्स 50 करोड़ रहे। टी20 मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप के फाइनल के दौरान 7.25 करोड़ यूजर्स ने एक साथ स्ट्रीमिंग देखी, जो एक वैश्विक रिकॉर्ड है। रिलायंस अभी हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन और प्रोडक्शन, पेट्रोलियम रिफाइनिंग और मार्केटिंग, पेट्रोकेमिकल्स, एडवांस मटेरियल और कंपोजिट, रिन्यूएबल एनर्जी, डिजिटल सर्विस और रिटेल सेक्टर में काम करती है।



## पेटीएम पेमेंट्स बैंक लाइसेंस आरबीआई ने रद्द किया, बैंकिंग सेफ नहीं

एजेंसी ▸▸ दिल्ली

पेटीएम पेमेंट्स बैंक का कामकाज आज 24 अप्रैल से पूरी तरह बंद कर दिया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड का बैंकिंग लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। फ्इक ने कहा कि बैंक के कामकाज से ग्राहकों का पैसा सुरक्षित नहीं था। हालांकि, वढकएप पहले की तरह चलता रहेगा।

आरबीआई ने कहा है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के पास इतनी नकदी है कि बैंक बंद होने की प्रक्रिया के दौरान वह अपने सभी ग्राहकों की जमा राशि वापस कर सकता है। इसका मतलब यह है कि जमकर्ताओं का पैसा डूबने की संभावना नहीं है। ग्राहकों का नुकसानः बैंक जिस तरह से काम कर रहा था, उससे वहां पैसा जमा करने वाले लोगों का पैसा सुरक्षित नहीं था। बैंक चलाने वाले अधिकारियों का रवैया और फैसले आम जनता और खाताधारकों के फायदे में नहीं थे। रिजर्व बैंक को लगा कि इस बैंक को और ज्यादा चलाने से जनता को कोई लाभ नहीं होगा, बल्कि जोखिम ही बढ़ेगा। बैंक ने लाइसेंस लेते समय जो वादे और नियम (जैसे ङउ और फंड्स का सही इस्तेमाल) माने थे, उनका लगातार उल्लंघन किया गया।

### पेमेंट्स बैंक क्या होता हैं?

पेमेंट्स बैंक का कामकाज सामान्य बैंक (जैसे रइक या ढठइ) की तरह ही होता है, लेकिन इसकी कोई फिजिकल ब्रांच नहीं होती है। इसमें बैंकिंग के सभी काम- जैसे खाता खोलना, राशि जमा करना और ट्रांजैक्शन मोबाइल एप के जरिए होता है। हालांकि, पेमेंट्स बैंक के (वॉलेट) अकाउंट में अधिक्तम 2 लाख रुपए तक जमा किए जा सकते हैं।



## बचत छोड़ खुद पर कर्ज का बोझ बढ़ा रहे

एजेंसी ▸▸ दिल्ली

बीते कुछ महीनों में देश में कर्ज लेने की गति बढ़ गई है। देश की आर्थिक स्थिति के लिहाज से इसे सकारात्मक संकेत माना जा सकता है लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों में जमा होने वाली धनराशि में गिरावट को लेकर चिंता जताई है।

केंद्रीय बैंक का मानना है कि फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर ब्याज दर बढ़ाए जाने के बाद भी बड़ा सुधार नहीं दिखता है जबकि बैंक ज्यादा तेजी से खुदरा ऋण दे रहे हैं। रिजर्व बैंक द्वारा जारी मासिक रिपोर्ट से पता चलता है कि डिपॉजिट ग्रोथ (जमा वृद्धि) वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुमान नौ से 11 फीसदी के बीच रही है। जबकि क्रेडिट ग्रोथ (ऋण) की औसत वृद्धि 15 मार्च 2025 तक 13.8 प्रतिशत रही है।

इस तरह से ऋण और जमा में तीन से पांच प्रतिशत का अंतर है। रिपोर्ट कहती है कि एक अप्रैल 2025 से अतिरिक्त जोखिम भार हटाए जाने के बाद से बैंकों ने खुलकर ऋण देना शुरू कर दिए। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां सबसे ज्यादा कर्ज देने वाली संस्थाएं रही हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही के दौरान कई क्षेत्रों से जुड़े ऋणों में बढ़ोतरी हुई है।



### उबेर कप में भारत ने यूक्रेन को 4-1 से हराया

# डेनमार्क से हार के बाद वापसी की, सिंधु-तनीषा की जोड़ी ने जीता डबल्स मुकाबला

एजेंसी ▸▸ दिल्ली

डेनमार्क के होर्सेंस में खेले जा रहे उबेर कप 2026 में भारतीय महिला टीम ने अपनी क्वार्टर फाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखा है। ग्रुप-अ के अपने दूसरे मुकाबले में भारत ने यूक्रेन को 4-1 से करारी शिकस्त दी। पहले मैच में मेजबान डेनमार्क से 2-3 से हारने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने जबरदस्त वापसी की। इस जीत के साथ ही भारत अब सोमवार को डिफेंडिंग चैंपियन चीन से भिड़ेगा, जो क्वार्टर फाइनल की राह तय करने के लिए बेहद अहम होगा। भारत की ओर से पहले सिंगल्स मैच में उन्नति हुड्डा ने शानदार शुरूआत की। उन्होंने यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा को सीधे सेटों में 21-19, 22-20 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई।



इसके बाद जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट तन्वी शर्मा ने अपनी लय बरकरार रखी। तन्वी ने येवहेनिया कांटेमिर को तीन सेटों तक चले कड़े मुकाबले में 21-12, 17-21, 21-10 से हराकर स्कोर 2-0 कर दिया। इस मुकाबले में टीम मैनेजमेंट ने पूर्व वर्ल्ड चैंपियन पीवी सिंधु को सिंगल्स मैच में आराम दिया था। उनकी जगह थाइलैंड मास्टर्स चैंपियन देविका सिहाग को तीसरा सिंगल्स खेलने का मौका मिला। देविका ने इस भरोसे को सही साबित किया और मारिया स्टोलियारेन्को को 23-21, 21-13 से हराकर भारत की जीत पक्की कर दी।

### डबल्स में मिला-जुला रहा प्रदर्शन, सिंधु-तनीषा की जोड़ी जीती

भारत को इकलौती हार पहले महिला डबल्स मुकाबले में मिली। कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी की जोड़ी यूक्रेन की बुहरोवा और कांटेमिर के सामने नहीं टिक सकी और 11-21, 17-21 से मैच हार गई। हालांकि, आखिरी मैच में पीवी सिंधु और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी ने भारत का दबदबा कायम रखा। उन्होंने सोफिया लावरोवा और स्टोलियारेन्को को 21-18, 21-15 से हराकर स्कोरलाइन 4-1 कर दी।

## एनगिडी को अस्पताल से छुट्टी, सभी स्कैन नॉर्मल

एजेंसी ▸▸ दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी को अस्पताल से शनिवार देर रात ही छुट्टी दे दी गई। एनगिडी शनिवार को दिल्ली में पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। वह एक कैच लेने की कोशिश में हवा में उछले और अनियंत्रित होकर सिर के बल जमीन पर गिर पड़े थे। जांच में उनकी रीढ़ की हड्डी या दिमाग में कोई गंभीर चोट नहीं पाई गई है। हालांकि, डॉक्टरों ने उन्हें फिलहाल आराम करने की सलाह दी है। एनगिडी के अस्पताल में न्यूरोसर्जन की देखरेख में टेस्ट और सीटी स्कैन किए गए। डॉक्टरों ने पुष्टि की है कि उनके स्पाइन और सिर में कोई इंटरनल इंजरी नहीं है। कुछ घंटों के ऑब्जर्वेशन के बाद हालत स्थिर पाई गई और उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया।

## भारतीय महिला टीम ने साउथ अफ्रीका को हराया, दीप्ति ने 36 रन बनाए

एजेंसी ▸▸ दिल्ली



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने चौथे टी-20 मैच में साउथ अफ्रीका को 14 रन से हरा दिया। हालांकि साउथ अफ्रीका पहले ही सीरीज अपने नाम कर चुकी है। पांच मैचों की इस टी20 सीरीज में वह 3-1 से आगे है।

जोहान्सबर्ग में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 185 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम निर्धारित ओवरों में लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा जीत की स्टार रहीं। उन्होंने बल्ले से 36 रन बनाने के बाद गेंदबाजी में करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट झटके। दीप्ति शर्मा की फॉर्म में वापसी, ऋचा घोष के साथ की 65 रन की पार्टनरशिप मैच से पहले सबकी नजरें दीप्ति शर्मा की फॉर्म पर थीं। उन्होंने आलोचकों को करारा जवाब देते हुए 26 गेंदों में 36 रनों की पारी खेली।

## सूर्यवंशी के शतक के बावजूद राजस्थान हारा

एजेंसी ▸▸ दिल्ली

15 साल के वैभव सूर्यवंशी के शतक के बावजूद राजस्थान रॉयल्स को हार का सामना करना पड़ा। आईपीएल 2026 के 36वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने 5 विकेट से जीत दर्ज की। शनिवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 228 रन बनाए। 229 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही हैदराबाद ने 18.3 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। ईशान किशन ने 74 और अभिषेक शर्मा ने 57 रन की तेज पारियां खेलीं।

Vividh FIN Solutions
अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है
जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।
Vivek Sharma
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain

मकान बेचना है
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

विज्ञप्ति
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाँय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

तुरंत लोन
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गैस एजेंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

आवश्यकता है
कर्मचारियों की आवश्यकता रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु रोटी वाली बाई एवं दो वेटर की आवश्यकता है
संपर्क मोबा. 9827 820 470

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

अवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है। प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

न्यूज कॉलम

## खेलते-खेलते पहली मंजिल से गिरकर ढाई साल की बच्ची की मौत



**इंदौर।** द्वारकापुरी इलाके में एक ढाई साल की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची पहली मंजिल की छत से गिर गई थी। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक घटना श्रीराम नगर की है। मृत बच्ची मुस्कान पिता नरेन्द्र दशोरे की इकलौती संतान थी। वह अपने माता-पिता के साथ पीथमपुर में रहती थी और शुक्रवार रात दादा-दादी से मिलने इंदौर आई थी। शनिवार को परिवार के सदस्य अपने काम में व्यस्त थे। मां घर का काम कर रही थी, जबकि पिता मोबाइल देख रहे थे। इसी दौरान मुस्कान खेलते-खेलते छत की रेलिंग के पास पहुंच गई और नीचे झांकते समय संतुलन बिगड़ने से पहली मंजिल से गिर गई। हादसे के बाद परिजन उसे तुरंत इलाज के लिए दो अलग-अलग अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन गंभीर चोटों के चलते शनिवार रात उसकी मौत हो गई। पिता नरेन्द्र दो दिन की छुट्टी लेकर अपने माता-पिता से मिलने इंदौर आए थे। परिवार में माता-पिता और छोटा भाई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## शिवाजी मार्केट के व्यापारियों को राहत छुट्टी के दिन हाई कोर्ट में हुई सुनवाई

**इंदौर।** शिवाजी मार्केट के करीब 120 व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है। लंबे समय से रिवर फ्रंट प्रोजेक्ट के तहत मार्केट को हटाने की कोशिशों के बीच प्रशासन द्वारा जारी बेदखली आदेश पर अब रोक लग गई है। रविवार को विशेष सुनवाई में हाई कोर्ट ने व्यापारियों के पक्ष में फैसला देते हुए उन्हें तत्काल बेदखल करने पर रोक लगा दी। दरअसल प्रशासन शिवाजी मार्केट को हटाकर व्यापारियों को नंदलालपुरा में विस्थापित करना चाहता है। इससे पहले भी हाई कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि व्यापारियों को बलपूर्वक नहीं हटाया जा सकता और बेदखली से पहले उन्हें उचित सुनवाई का अवसर दिया जाना जरूरी है। इसके बावजूद जनवरी 2026 में निगम ने व्यापारियों की लीज निरस्त कर दी और मामला एसडीएम, जूनी इंदौर के पास भेजा गया। एसडीएम ने 31 मार्च को नोटिस जारी कर 9 अप्रैल को सुनवाई तय की थी। व्यापारियों की ओर से सीनियर एडवोकेट मनीष यादव और मेहुल वर्मा ने जवाब पेश किया। बताया गया कि 22 अप्रैल को बेदखली का आदेश जारी कर दिया गया। इसकी सूचना भी 24 अप्रैल को दी गई, जिससे अपील का समय भी सीमित हो गया। मामले में प्रशासन जल्द ही कार्रवाई कर व्यापारियों को हटाने की तैयारी में था। इस पर व्यापारियों ने तत्काल कानूनी रास्ता अपनाया। एडवोकेट के माध्यम से चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर छुट्टी के दिन सुनवाई की मांग की गई, जिसे स्वीकार कर लिया गया। रविवार सुबह 11 बजे जस्टिस प्रणय वर्मा की बेंच में विशेष सुनवाई हुई। व्यापारियों के वकीलों ने दलील दी कि एसडीएम ने मात्र 13 दिनों में एक तरफा फैसला दिया और उचित सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया। दूसरा आदेश की जानकारी देर से देकर अपील का मौका सीमित किया गया। जिस स्थान पर विस्थापन प्रस्तावित है, वह भी पूरी तरह वैध नहीं है। कोर्ट ने एडवोकेट यादव और वर्मा की दलीलों से सहमत होते हुए व्यापारियों को एक हफ्ते के भीतर कमिश्नर के सामने अपील करने की अनुमति दी, तब तक एसडीएम के बेदखली आदेश पर रोक लगा दी गई। साथ ही स्पष्ट किया कि कमिश्नर द्वारा स्थगन पर फैसला आने तक व्यापारियों को नहीं हटाया जाएगा।

## दंपती की कार रोककर बदमाश ने डंडा लहराया, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल



**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में बांगड़दा रोड पर शुक्रवार को एक बदमाश ने कार में बैठे दंपती, उनकी दो वर्षीय बच्ची पर डंडे से हमला करने की कोशिश की। घटना का वीडियो शनिवार को सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी के घर दबिश दी, लेकिन वह फरार मिला। एरोड्रम पुलिस के अनुसार, उज्जैन के नागदा निवासी अंकित सैनी अपनी पत्नी संध्या और दो वर्षीय बेटी के साथ रिश्तेदार को शादी का कार्ड देने बांगड़दा क्षेत्र आए थे। इसी दौरान कालका माता मंदिर चौराहे पर एक बदमाश ने उनकी कार रोक ली और हाथ में डंडा लेकर खड़ा हो गया। आरोपी ने कार से टक्कर लगने का आरोप लगाते हुए विवाद शुरू कर दिया। इस दौरान कार में बैठी महिला घबरा गई और उसने हाथ जोड़कर आरोपी से छोड़ने की गुहार लगाई। परिवार ने कार के अंदर से पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने आरोपी की पहचान मंगल शर्मा, निवासी दुर्गा कॉलोनी के रूप में की है। उसके घर दबिश दी गई, लेकिन वह वहां नहीं मिला। आरोप है कि आरोपी जानबूझकर वाहन से टकराव का बहाना बनाकर विवाद खड़ा करता है और कार सवार लोगों को धमकाकर पैसे वसूलने की कोशिश करता है।

## 40 वर्षीय महिला से छेड़छाड़ करने पर पड़ोसी पर एफआईआर दर्ज करवाई

**इंदौर।** विजयनगर इलाके में 40 वर्षीय महिला ने अपने ही पड़ोसी पर छेड़छाड़ और पीछा करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोपी लंबे समय से महिला को फोन कर परेशान कर रहा था और मना करने के बावजूद उसकी हरकतें जारी रहीं। पुलिस के अनुसार, महिला ने बताया कि उसकी बिल्डिंग में रहने वाला मनोज पुत्र बालकराम साहू उस पर बुरी नजर रखता था। महिला जब अपनी सहेलियों के साथ योगा क्लास जाती थी, तब आरोपी उसका पीछा करता था। वह अलग-अलग मोबाइल नंबरों से बार-बार कॉल कर बात करने का दबाव बनाता था। परेशान होकर महिला ने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया, लेकिन इसके बाद भी आरोपी कभी अपनी पत्नी के नंबर से तो कभी अन्य नंबरों से कॉल करता रहा। महिला ने बताया कि जब वह अपनी बेटी को स्कूल बस तक छोड़ने जाती थी, तब आरोपी कुत्ता घुमाने के बहाने उसका पीछा करता और अकेले में बात करने की कोशिश करता था, साथ ही अश्लील इशारे करता था। पीड़िता का आरोप है कि जब उसका पति घर पर नहीं होता था, तब आरोपी मेंटेनेंस या अन्य बहाने बनाकर फ्लैट में घुसने की कोशिश करता था। करीब दस दिन पहले आरोपी ने सुबह महिला के घर की डोर बेल बजाई। जब वह बाहर आई तो उसने उसके कपड़ों को लेकर टिप्पणी की और मोबाइल से फोटो ले लिया। महिला ने पुलिस बुलाने की बात कही तो आरोपी ने खुद ही पुलिस बुलाकर झूठे आरोप लगाने की कोशिश की। पीड़िता ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज, कॉल और मैसेज की जानकारी सौंपी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

## भंवरकुआं इलाके में 14 वर्षीय नाबालिग से छेड़छाड़, केस दर्ज

**इंदौर।** भंवरकुआं इलाके में 14 वर्षीय नाबालिग से छेड़छाड़ और पीछा करने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक दूध देने के बहाने घर आता था और पहचान का फायदा उठाकर बच्ची को लगातार परेशान कर रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपी मनीष कुशवाह निवासी त्रिवेणी नगर घर दूध देने आता था, जिससे बच्ची उसे पहचानती थी। वह बार-बार उससे बात करने की कोशिश करता था, लेकिन मना करने के बावजूद भी नहीं माना। पीड़िता ने बताया कि आरोपी करीब दो महीने से उसका पीछा कर रहा था और बुरी नीयत से परेशान कर रहा था। आरोपी घर के नंबर पर भी लगातार कॉल करने लगा। 24 अप्रैल को उसने अपने मोबाइल से पीड़िता के पिता के नंबर पर कॉल कर बच्ची से बात कराने को कहा, जिससे परिवार परेशान हो गया। इसके बाद पीड़िता अपने पिता के साथ थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### लसूडिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने फ्लैट में चल रहा था सट्टा, कार से दबोचे आरोपी

# आईपीएल सट्टा पकड़ाया, 5 आरोपी गिरफ्तार

## 9 आरोपियों की थी सूचना, 5 ही पकड़े गए, भोपाल से जुड़ी लिंक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर के लसूडिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने शनिवार देर रात आईपीएल सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक फ्लैट में 9 लोग सट्टा चला रहे हैं, लेकिन कार्रवाई के दौरान कार से 5 आरोपियों को पकड़ा गया। उनके पास से लाखों रुपए नकद होने की बात सामने आई है।

लसूडिया क्षेत्र के गुलमोहर कॉलोनी, डी-मार्ट के पास पुलिस को सूचना मिली थी कि राजस्थान और हैदराबाद के बीच चल रहे क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाया जा रहा है। बीट के जवान नरेन्द्र, उत्कर्ष और चरण सिंह ने कार्रवाई करते हुए मोहम्मद सिकंदर उर्फ सनी, उसके भाई मोहम्मद सुल्तान उर्फ बॉबी और अपूर्व यादव, अनुराग और करण को पकड़ा। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ड्रीम दिल्ली डॉट कॉम और एक्सच डॉट कॉम जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए सट्टा संचालित कर रहे थे। उनके मोबाइल फोन से कई आईडी और ऑनलाइन पेमेंट से जुड़े ट्रांजैक्शन के सबूत भी मिले हैं।

### भोपाल से आए फोन, 9 लोगों की सूचना

कार्रवाई के दौरान मौके पर हंगामा भी हुआ। पुलिस को एटीएम, चेकबुक और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सबूत भी मिले हैं, जो आईटी एक्ट से जुड़े हो सकते हैं। हालांकि फिलहाल पुलिस ने जुआ (गैंबलिंग) एक्ट के तहत ही मामला दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार, मौके से करीब 9 लोगों के पकड़े जाने की जानकारी थी, लेकिन बाद में सिर्फ 5 आरोपियों को थाने लाया गया। इन्हें छुड़ाने के लिए भोपाल से कुछ राजनीतिक लोगों के फोन आने की भी चर्चा है। पुलिस ने आरोपियों से नकदी मिलने की बात स्वीकार की है, लेकिन जब्त रकम का आधिकारिक खुलासा अभी नहीं किया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

### रातभर सड़कों पर रही पुलिस कर रही सघन चेकिंग और पेट्रोलिंग

# 153 शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले मिले

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर में क्राइम कंट्रोल करने के लिए शनिवार-रविवार की दरमियानी रात को पुलिस ने सघन चेकिंग और पेट्रोलिंग की। अलग-अलग थानों में पुलिस फोर्स सड़कों पर रहा और गुंड़े-बदमाशों और आपराधिक तत्वों की चेकिंग कर कार्रवाई की।

पुलिस ने गुंडे, बदमाशों और असामाजिक तत्वों की निगरानी करते हुए कई गुंड़े/बदमाशों को चेक किया और उनमें से 330 पर उचित वैधानिक कार्रवाई की। इसमें विभिन्न प्रकरणों में 124 से ज्यादा वांरटों को तामील कराया गया। इसमें 18 स्थाई और 30 गिरफ्तारी और 76 जमानती वारंट तामील किए गए।

वहीं पुलिस ने शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की। पुलिस ने रात में 153 शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ये कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए लोगों की जान जोखिम में डालने वाले लापरवाह वाहन चालकों की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके।

इधर, पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध शराब भी पकड़ी। कनाडिया पुलिस ने 32 क्वार्टर देशी शराब और द्वारकापुरी पुलिस ने 22 क्वार्टर देशी शराब के साथ एक-एक आरोपी को गिरफ्तार किया और शराब जब्त कर आबकारी एक्ट में कार्रवाई की। वहीं पब्लिक प्लेस में शराब पीने वाले 6 लोगों पर भी कार्रवाई की गई। वहीं भंवरकुआं पुलिस ने 2.916 किलोग्राम गांजे के साथ सुनील सोलंकी नामक युवक को गिरफ्तार किया।

## फाइनेंस कंपनियों के नाम पर वाहन लूटने वाला रैकेट पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

हीरानगर पुलिस ने ऐसे रैकेट से जुड़े एक युवक को गिरफ्तार किया है, जो फाइनेंस कंपनियों के लिए कमीशन पर काम करता था। आरोपी लोगों की गाड़ियां उठाकर उनसे रुपए की मांग करता था। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि कंपनी किस्त नहीं भरने वालों की सूची इनके नंबरों पर साझा करती थी, जबकि ये अधिकृत कर्मचारी नहीं थे और कमीशन के लालच में यह काम कर रहे थे। फिलहाल उसके दो साथी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

टीआई सुशील पटेल के अनुसार, दो दिन पहले राजीव नगर निवासी शकील खान ने शिकायत दर्ज कराई। शकील मिस्त्री का काम करता है और उसने 2025 में एलएनटी से बाइक फाइनेंस कराई थी। जब वह अरबिंदो अस्पताल से घर लौट रहा था, तभी एमआर-10 क्षेत्र में तीन युवकों ने उसे रोक लिया और किस्त नहीं भरने की बात कहकर बाइक छीनकर ले गए।

बाद में शकील जब फाइनेंस कंपनी के ऑफिस पहुंचा तो वहां से बताया गया कि उनकी टीम के किसी कर्मचारी ने गाड़ी जब्त नहीं की है। इसके बाद उसने अपनी बाइक की तलाश शुरू की। कुछ समय बाद उसे बाइक छीनने वाला एक युवक वाहन चलाते हुए दिखाई दिया, जिसने बाइक लौटाने के बदले पैसों की मांग की। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नीरज लोधी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में नीरज ने अपने दो अन्य साथियों के नाम भी बताए हैं, जो अभी फरार हैं। उसने बताया कि वे फाइनेंस कंपनियों से किस्त नहीं भरने वालों का डेटा हासिल कर लेते थे और फिर उनकी गाड़ियां छीन लेते थे। इसके बदले उन्हें कमीशन भी मिलता था। पुलिस अब इस मामले में डेटा लीक करने वाले लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है और उन्हें भी आरोपी बनाया जा सकता है।

## एसवीआईएमएस में 15 दिवसीय फोर्थ रिसर्च पेपर डेवलपमेंट वर्कशॉप का सफल आयोजन



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस में एमबीए द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए 15 दिवसीय फोर्थ रिसर्च पेपर डेवलपमेंट वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में शोध के प्रति रुचि विकसित करना तथा उन्हें शोध लेखन की प्रक्रियाओं से व्यावहारिक रूप से अवगत कराना था। कार्यशाला में कुल 68 विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए 14 शोध पत्रों का सफलतापूर्वक निर्माण किया, जो उनकी मेहनत, विश्लेषणात्मक सोच और शोध कौशल का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विवेक शर्मा, प्रोफेसर, आयएमएस-डीएवीवी, इंदौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शोध के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शोध कार्य की शुरूआत अपने रुचि के विषय को पहचानने से होती है। सही विषय का चयन ही सफल शोध की पहली सीढ़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि शोध का कोई शॉर्टकट नहीं होता, इसके लिए निरंतर मेहनत, धैर्य और गहन अध्ययन आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को यह समझाया कि हम जो देखते और समझते हैं, वह हमारी अपनी सोच और दृष्टिकोण पर आधारित होता है, इसलिए शोध में निष्पक्षता और व्यापक दृष्टि अत्यंत महत्वपूर्ण है।

समापन समारोह में बेस्ट तीन रिसर्च पेपर डेवेलोप करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट प्रदान किये गए। संस्थान के निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने कार्यशाला की सराहना करते हुए आज के समय में शोध की उपयोगिता के बारे में बताया। कार्यशाला के 15 दिनों का संक्षिप्त रिपोर्ट का वाचन समन्वयक डॉ. सपना परिहार द्वारा किया गया। मंच का संचालन डॉ. नीतिका असावा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आभार कृति बंसल ने माना। इस अवसर पर प्रबंधन विभागाध्यक्ष (पीजी) डॉ. मंदीप गिल, प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं प्रतिभागी विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यशाला की सह-समन्वयक डॉ. चांदनी केशवानी रही।

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग कनेक्शन में

## इंदौर क्राइम ब्रांच की कार्रवाई, धमकी केस में एक और आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े धमकी मामले में क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है, जिसमें पुलिस ने एक और आरोपी के साथी को गिरफ्तार किया है, जिसने पूछताछ में आरोपी ने बिल्डर को धमकी दिलाने में अपनी भूमिका भी कबूल की है।



इंदौर क्राइम ब्रांच लगातार लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े मामलों में कार्रवाई कर रही है, इसी कड़ी में पुलिस ने सोनू उर्फ रितेश खंगार नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम पहले से गिरफ्तार राजपाल चन्द्रावत से पूछताछ के दौरान सामने आया था। बताया जा रहा है कि राजपाल को खरगोन से प्रोडक्शन वारंट पर इंदौर लाया गया था। जहां पूछताछ में उसने अपने साथी सोनू का खुलासा किया। इसके बाद क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया, पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बिल्डर विवेक दम्मानी को धमकी देने वाले मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। वहीं आरोपी के खिलाफ पहले से ही मारपीट, हत्या के प्रयास, चाकूबाजी, बलवा और घर में घुसकर हमला करने जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं, फिलहाल पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है और इस मामले में आगे और गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है।

स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड) स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com